राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे

9511151254


@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, बुधवार, 08 मई 2024

वर्ष 05, अंक 218, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित



सरकारी दावे की खुली पोल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर किया ज्यादा भ्रष्टाचार...02

गाजा के राफा इलाके में टैंक लेकर घुसे इजराइली सैनिक...12


# सीएम अरविंद केजरीवाल को फिलहाल अंतरिम जमानत नहीं, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

स्वतंत्र प्रभात

जेपी सिंह


**दिल्ली।** शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई, लेकिन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की पीठ बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट पीठ गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।

सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर बेहद अहम टिप्पणी की है। इसने कहा है कि वह एक मुख्यमंत्री हैं और कोई आदतन अपराधी नहीं। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि क्योंकि लोकसभा चुनाव हैं और इस वजह से इसकी परिस्थितियाँ अलग हैं। हालाँकि, केजरीवाल को मंगलवार को जमानत नहीं मिल पाई। इसको लेकर अब अगली सुनवाई गुरुवार यानी 9 मई को हो सकती है।

मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल साल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान 7 स्टार ग्रैंड हयात होटल में ठहरे थे और होटल के बिल का भुगतान चनप्रीत सिंह द्वारा किया गया था। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए उन्हें ही कथित तौर पर फंड मिला था। ईडी के वकील एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि 'यह राजनीति से प्रेरित मामला नहीं है। हम इस मामले में हो रही राजनीति को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन हमारी चिंता सबूतों को लेकर है। शुरुआत में अरविंद केजरीवाल पर हमारा फोकस नहीं था और न ही ईडी केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई का विचार कर रही थी, लेकिन जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो केजरीवाल की भूमिका साफ हो गई।'

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के वकील सिंघवी से कहा कि अगर हम अंतरिम जमानत देते हैं तो केजरीवाल बतौर सीएम आधिकारिक काम नहीं कर पाएंगे क्योंकि इससे समस्या हो सकती है और हम सरकार के कामकाज में दखल नहीं देना चाहते।

केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। केजरीवाल के वकील सिंघवी का कहना है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं एसवी राजू का कहना है कि गिरफ्तारी का



फैसला सिर्फ जांच अधिकारियों का ही नहीं था, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी इसका फैसला लिया गया था।

इससे पहले शुक्रवार को पिछली सुनवाई में अदालत ने कहा था कि 'यदि इसमें समय लग रहा है, तो फिर हम अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकते हैं। चुनाव के कारण हम उस पर सुनवाई कर सकते हैं।' इससे भी पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, 'आज़ादी बेहद अहम है, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। आखिरी सवाल गिरफ्तारी के समय के संबंध में है, जिसके बारे में उन्होंने बताया है कि गिरफ्तारी का समय आम चुनाव से ठीक पहले है।'

इस मामले में जब मंगलवार को सुनवाई शुरू हुई तो सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं। अदालत ने यह कहते हुए शुरुआत की कि अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, 'चुनाव हैं। ये असाधारण परिस्थितियां हैं और वह आदतन अपराधी नहीं हैं।' जस्टिस दत्ता ने कहा, 'अगर चुनाव नहीं होते तो अंतरिम जमानत का कोई सवाल ही नहीं होता।'

अदालत ने ईडी के उन आरोपों को सुनकर केजरीवाल को चेताया भी जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री ने शराब उत्पाद शुल्क नीति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अदालत ने कहा, %मान लीजिए कि हम आपको रिहा करते हैं, और आपको चुनाव में भाग लेने की अनुमति दी जाती है, तो आप आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करेंगे। इसका व्यापक प्रभाव हो सकता है।'


इस पर केजरीवाल के वकील ने कहा, 'मुझ पर यह बंधन नहीं लगाया जा सकता है कि मैं मुख्यमंत्री के रूप में अपनी संवैधानिक भूमिका नहीं निभाऊं।' हालाँकि उन्होंने आगे कहा कि वह आबकारी नीति से संबंधित किसी भी चीज़ पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। इस बीच ईडी ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि इससे आम आदमी का मनोबल गिरेगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने जघन्य अपराधों में भी अंतरिम जमानत दी है। इसने मामले की जांच में देरी पर चिंता जताई और एजेंसी को उन केस फाइलों को पेश करने को कहा जिसके कारण आप नेता की गिरफ्तारी हुई। केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं।

इससे पहले ईडी ने कोर्ट से कहा कि वह जमानत का विरोध करता है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि आप नेता को रिहा करना एक ख़राब मिसाल पेश करेगा। ईडी के वकील ने दलील दी, 'हम क्या मिसाल पेश कर रहे हैं? क्या अन्य लोग कम महत्वपूर्ण हैं? केवल इसलिए कोई विशेष केस नहीं हो सकता क्योंकि वह मुख्यमंत्री हैं। क्या हम राजनेताओं के लिए अपवाद बना रहे हैं? क्या चुनाव के लिए प्रचार करना अधिक महत्वपूर्ण है?'

इधर, दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है। उनकी हिरासत हिरासत की अवधि ख़त्म हो रही थी। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सह-अभियुक्त चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 20 मई तक बढ़ा दी।

## फ़र्ज़ी जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वालों पर कार्रवाई कब?



स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** तीन माह पूर्व पैसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में मंगलवार को सीतापुर डाक विभाग द्वारा नामित जांच अधिकारी सहायक डाक अधीक्षक जे पी त्रिवेदी ने लहरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम रायपुरगंज पहुंच कर स्थानीय डाक कर्मी, ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों से मिलकर पूरे मामले की गहनता से पड़ताल की। उन्होंने बताया कि वह कुल प्रकरण की जांच रिपोर्ट अग्रिम कार्रवाई हेतु अपने उच्चाधिकारियों को सौंपेंगे। बताते चलें कि लगभग तीन माह पूर्व लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुरगंज में स्थानीय डाक कर्मी दिलीप द्वारा कुछ अन्य कर्मचारियों के साथ कैम्प लगाकर आधार कार्ड बनाये जा रहे थे। यही नहीं आधार कार्ड के लिये आवश्यक प्रपत्र के रूप में जन्म प्रमाण पत्र भी डेढ़ सौ रुपये शुल्क लेकर हाथ के हाथ बनाये जा रहे थे। कुछ जागरूक नागरिकों द्वारा शक होने पर जब जन्म प्रमाण पत्रों की जांच कराई गयी तो वह फर्जी पाये गये। फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों की बात फैलते ही वहां अफरा तफरी फैल गयी और इस मौके का लाभ उठाकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले लोग मौके से फरार हो गये तब पीड़ितों द्वारा स्थानीय डाक कर्मी से अपने पैसों की मांग को लेकर विवाद होने लगा। विवाद होता देखकर कुछ स्थानीय सम्भ्रांत लोगों ने कुछ लोगों को बीच बराव कराते हुए स्थानीय डाक कर्मी से पैसा भी वापस कराया किन्तु पूरे प्रकरण से स्थानीय ग्राम प्रधान ने विभाग को लिखित रूप से अवगत कराते हुए जांचकर सभी के पैसे वापस दिलाये जाने की मांग की। वहीं दूसरी तरफ कुछ जागरूक नागरिकों द्वारा इस सम्बन्ध मे ट्वीट कर जिले व प्रदेश के बड़े अधिकारियों से भी जांच कराये जाने की मांग की। बताते चलें कि जब यह खबर आसपास के क्षेत्रों मे फैली तो तरह तरह की अफवाहों का बाजार गरम हो गया। सूत्रों की माने तो इसमे आधा दर्जन से अधिक डाकिया शामिल बताये जा रहे हैं। वहीं सूत्रों का ये भी दावा है कि पूरे गठजोड़ का मास्टर माइंड अनिल नाम का व्यक्ति है जिसने कई अन्य गांवों के डाक कर्मियों को अपने साथ सम्मिलित कर बड़े पैमाने पर पूरे क्षेत्र मे फ़र्ज़ीवाड़ा किया है। दिलचस्प पहलू ये है कि जो जन्म प्रमाण पत्र जारी किये गये वो स्वास्थ्य विभाग के किसी फ़र्ज़ी पोर्टल की कारगुज़ारी बताई जा रही है। अब प्रश्न इस बात का उठता है कि दो दो सरकारी विभागों की आँख मे धूल झोंक कर इतने बड़े पैमाने पर फ़र्ज़ीवाड़ा महीनों से किया जा रहा है और विभागीय अधिकारी केवल जांच जांच का खेल खेलते दिखाई दे रहे हैं। इस सम्बन्ध मे जब डाक अधीक्षक सीतापुर पी नाथ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कुल प्रकरण की जांच के लिए उन्होंने जांच अधिकारी नियुक्त किया है उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही वो कुछ कह सकते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ग्राम प्रधान और ठेकेदार की मनमानी, दूसरे की जमीन पर खड़ी की जा रही दीवार

**नवाबगंज (उन्नाव)।** विकासखंड के ग्राम पंचायत चमरौली का माजरा दौलत खेड़ा गांव के अंदर सड़क बनाई जा रही है। जो विवादों में आ गया है। ?पीड़ित पक्ष का कहना है कि सड़क को उनकी जमीन पर बनाया जा रहा है। नाली की भी जगह नहीं छोड़ी जा रही है। जिससे तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्राम प्रधान की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ने बातचीत के दौरान बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से जांच करवाते हैं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने जांच का आश्वासन दिया है कि जांच के बाद आगे का निर्माण कार्य होगा। दौलत खेड़ा निवासी रीना ने बताया कि ठेकेदार जबरदस्ती उनकी जमीन पर इंटरलॉकिंग लगा रहा है।? इस संबंध में उन्होंने निर्माण कार्य करने वालों से बातचीत भी किया। लेकिन उनकी बातों को अनसुनी कर दिया गया। उन्होंने जिला प्रशासन से नाप करवा कर निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी को भेजा जेल



**अंबेडकरनगर।** नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मालीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। संबंधित मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां आरोपी युवक नाबालिक को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया था। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तत्समय अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर पंडा टोला निवासी अंशु पुत्र जियालाल के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। मंगलवार को आरोपी युवक को मालीपुर पुलिस ने मालीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है। मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया की आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## 20 दिन बाद है मतदान बूथ पर नहीं है ध्यान, जिलाधिकारी के आदेश की हो रही खानापूर्ति





स्वतंत्र प्रभात

**जरवा(बलरामपुर)।** शिक्षा क्षेत्र गैंसड़ी के प्राथमिक विद्यालय पिपरा दुर्गा नगर में लगभग 1 किलोमीटर तक कच्चा मार्ग होने से प्रत्येक लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान कर्मियों को मत पेटी कंधे पर रखकर बूथ संख्या 35 पर पदयात्रा करते हुए जाना पड़ता है। हल्की सी बरसात में चलना मुश्किल हो जाता है। जहां बिजली की भी व्यवस्था न होने से मतदान जैसे तैसे करवाया जाता है।

पक्के रास्ते का अभाव होने से प्रत्येक चुनाव में मतदान प्रभावित होता है।

ग्राम प्रधान नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि खंड विकास अधिकारी के द्वारा एक सप्ताह पहले बूथ का निरीक्षण कर रास्ते को बनवाने और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा गया था जिस पर रास्ते पर मिट्टी पठान करवा के रास्ते को समतल कराया जा चुका है। इंटरलॉकिंग करवाने तक का बजट न होने के कारण कार्य रुका हुआ है।





प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा ने बताया कि बिजली के लिए विद्युत विभाग को पत्र लिखा गया था जिस पर के द्वारा भूत का निरीक्षण किया गया है और बिजली में लगने वाले खर्च का भुगतान भी विभाग द्वारा किया जा चुका है। लेकिन अभी तक संभव और तार विद्यालय तक नहीं पहुंचा। सोलर पैनल भी विद्यालय में लगने के लिए आया था लेकिन उससे भी बिजली सप्लाई नहीं मिल पा रही। वह भी बंद पड़ा है।

नेट संस्था गोंडा के ठेकेदार सोनू दुबे ने बताया कि संबंधित कर्मचारी रितेश को भेज कर व्यवस्था दुरुस्त कराया जाएगा। खंड विकास अधिकारी अवनेंद्र पांडे ने बताया कि चुनाव से पहले तक व्यवस्थाएं दुरुस्त करवा दी जाएगी।

## भलस्वा,गाजीपुर लैंडफिल से कूड़ा नहीं डेयरी हटेगी

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने भलस्वा,गाजीपुर और ओखला से एक साल के भीतर कूडे के पहाड हटाने के नाम पर चुनाव जीता था। लेकिन आज दो साल होने को है, कूडे के पहाड तो नहीं हटे पर लैंडफिल साइट के आस-पास चल रही पशुओं की डेयरियों को हटाने के आदेश हाई कोर्ट ने जरूर दे दिए हैं। कोर्ट का कहना है कि कूडे की सेनेट्री लैंडफिल के आस -पास चल रही पशु डेरियो से बिकने वाला दूध सेहत के लिए ठीक नहीं है।साथ ही यहां के पशुओं को मिल रहे चारा समेत पानी भी अशुद्ध है।लैंडफिल के नजदीक निकलने वाला पानी ठीक नहीं है।अशुद्ध चारा-पानी,हवा के सेवन से पशुओं में बिमारी पनप रही है। ऊपर से बिमार पशु का दूध सेवन छोटे बच्चों समेत बडों के लिए भी सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। अब हाई कोर्ट के डेयरियों को लैंडफिल साइट से स्थानांतरित करने के आदेश से डेयरी पशु पालकों में खासा रोष व्याप्त हो गया है। पशुपालकों का आरोप है कि कूडे के पहाड हटाने की बजाए डेयरियों को ही यहां से हटाना अन्याय है। पशुपालकों का कहना है कि पिछले 50 साल से हम यहां डेयरी चला रहे हैं। सरकार ने आज तक उचित सुविधाए तक







मयैस्सर नहीं की है। उल्टे हमारी डेयरियों के पास पूरी दिल्ली का कूडा लाकर पहाड खडे कर दिए है। बरसात में इन कूडे के पहाड से बरसात का पानी जमीन में समां रहा है। इससे ग्राउंड वाटर तक पीने लायक नहीं है। बावजूद इसके लैंडफिल से कूडा हटाया नहीं जा रहा है। पशुपालकों समेत यहां के निवासियों ने पहले कूडे के पहाड हटाने की वकालत की है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1977 में गाजीपुर डेरी की स्थापना की थी।राजधानी दिल्ली में चल रहीं पशु डेयरियों को सरकार ने यहां जगह देकर बसाया था। लेकिन आज 50 साल के बाद भी सरकार ने इन डेयरियों के विकास और सुविधाओं पर उचित ध्यान नहीं दिया। आज ये हालात है कि पूरी दिल्ली का कूडा यहां लाकर पटका जा रहा है। अब यहां कूडे के पहाड बन गए है। दिल्ली नगर निगम द्वारा कूडा हटाने के लिए दावे तो बहुत किए पर कूडे पहाड छटने की बजाए बढते ही जा रहे हैं। कूडे की वजह से गैस बन रही है। उसमें आए-दिन आग लग जाती है। इससे पर्यावरण तक बिगड रहा है।

## चौथा स्तम्भ कहा जाने वाले पत्रकार को भ्रष्टाचार की खबर लिखना पड़ा मंहगा

**● पत्रकार के बैनामे की जमीन पर सरहानीय जिम्मेदारों द्वारा अवैध कब्जा बता कर चलाया गया ट्रेक्टर**

**मोहलत मांगने पर भी नही दिया गया मोहलत और टिन का बाउंड्री और घर मे तोड़ फोड़ का लगाया पत्रकार ने आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**(बलरामपुर)।** बात की जाए अगर देश का चौथा स्तम्भ कहा जाने वाला पत्रिकार की तो समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार अपराध जनसमस्याओं को उजागर करने को लेकर खबरे प्रकाशित करता है और समाज में व्याप्त भृष्टाचार और बुराइयों को उजागर करता है । जिसके कारण पत्रकार का भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों व कर्मचारियो और अपराधियों के निशाने पर हमेशा बना रहता है जिसका दंश कहीं ना कहीं उसको भोगना पड़ता है जबकिं जिस समाज के कुरीतियों को लेकर वह लड़ता है वह समाज भी साथ नही होता। जबकि सरकार के दावे की बात की जाए तो संविधान में 4 स्तम्भ की बात का वर्णन है पत्रकार देश का चौथा स्तंभ कहलाता तो है लेकिन यह बात कागजों तक ही सीमित है जिसका नजारा जनपद बलरामपुर के पचपेड़वा में देखने को मिली है जहां एक पत्रकार बदरुज्जमा चौधरी के द्वारा कई भृष्टाचार के खबरों के संकलन और प्रकाशन को लेकर उसका आशियाना तक स्थानीय अधिकारियों के द्वारा उजाड़ दिया जाता है यह बताया जाता है कि जिस जगह आप का निवास है वह अवैध कब्जा भूमि है जबकि पत्रकार बदरुज्जमा से जानकारी करने पर यह बताया जाता है कि उक्त मेरी जमीन का बैनामा है और इसको मै ने पत्नी के नाम बैनामा लिया जिसपर मेरा कब्जा है जिसपर मेरा परिवार रहता है उसमें यह भी बताया यह जमीन मैंने



पत्नी के नाम से 2 साल पहले क्रय किया था जिसका बैनामा भी मौजूद है। लेकिन स्थानीय जिम्मेदारों के द्वारा हमको प्रताड़ित करने की साजिश के तहत यह सब किया गया और हमारा आशियाना उजाड़ दिया गया तोड़ फोड़ कर नुकसान करने व सामान उठा ले जाने की बात सामने आई है और हमको कुछ मोहलत भी नही दी गई और मेरी जमीन पर टिन छप्पर बनाया घर को ट्रैक्टर लगाकर उजाड दिया मुझे इतना भी मौका नहीं दिया गया कि मैं अपने सामान को वहां से हटा लू। हल्का लेखपाल और उप निरीक्षक ने मेरी एक न सुनी मुझ से अपराधी जैसा बर्ताव करते मेरा आशियाना उजाड़ कर जमीन को खाली करवाया गया। जबकिं अगर अवैध कब्जे की बात की जाय तो उस मोहल्ले में कई लोगो की खिलहान की जमीन पर कब्जे दारी है लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नही की गई । जिसको लेकर जब एसडीएम कार्यालय पहुचने पर चुनावी कारणों से उनसे संपर्क न होने पर फोन किया गया तो उनका फोन सम्पर्क नही हुआ जिससे उनका पक्ष नही मिला ।अब सवाल यह उठता है जब पत्रकारों को इस प्रकार प्रताड़ित किया जाने की बात होगी तो जो सबके न्याय के लिये लड़ता है उसे न्याय कहा और कब मिलेगा।

## ज्वैलर बता रहा लूट की कोशिश, पुलिस आपसी झगडा

**● सरिया लगने से दुकानदार के सिर में लगी है चोट**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** सोमवार की रात गोवर्धन चौराहे के पास हुई घटना पुलिस ओवर टेक को लेकर हुआ आपसी झगडा बता रही है जबकि इस दौरान घायल हुआ व्यापारी घटना को अपने साथ हुई लूट की घटना बता रहा है। पुलिस ने पीडित के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। हाईवे थाना क्षेत्र की हंसराज कॉलोनी निवासी सत्यनारायण की ज्वेलर्स की दुकान है। वह देवीपुरा में सत्यम ज्वैलर्स के नाम से दुकान करते हैं। सोमवार की रात वह अपने भाई के साथ दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। गोवर्धन चौराहे के पास पीछे से आये मोटरसाइकिल सवारों ने तमंचा दिखा कर उन्हें रोक लिया। सत्यनारायण ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने तमंचा दिखा कर उनसे बैग छीनने का प्रयास किया। जब उन्होंने बैग






नहीं छोडा तो छीना झपटी के दौरान ही बदमाशों ने उनके सिर पर सरिया मार दी। सरिया से उनका सिर फट गया। शोर सुनकर आसपास से लोग घटना स्थल की और दौडे, लोगों को आता दिखे बदमाश वहां से भागनिकले। वहीं पुलिस इसे आपसी झगडे की घटना मान कर चल रही है। थाना हाइवे प्रभारी उमेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक ओवरटेक को लेकर दोनों पक्षों में झगडा हुआ है। सत्यनारायण के सिर में इस बीच बाइक सवारों ने सरिया मार दी। जिससे वह घायल हो गये। सत्यनारायण के भाई की तहरी पर तीनों मोटरसइकि सवारां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## भाजपा,सपा सहित 9 प्रत्याशियों के पर्चे मिले वैध, बसपा के पूर्व प्रत्याशी दयाशंकर मिश्र का पर्चा खारिज



**बस्ती।** बस्ती जिले में सभा चुनाव में नामांकन समाप्ति के दूसरे दिन आज पर्चों की जांच की गई, जिसमें भाजपा, सपा तथा बसपा सहित कुल 9 प्रत्याशियों के पर्चे जांच में वैध पाए गए हैं। जिलाधिकारी आंद्रा वामसी ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी तथा बसपा प्रत्याशी लवकुश पटेल सहित 9 प्रत्याशियों के पर्चे वैध मिले हैं, वहीं बसपा से पूर्व में प्रत्याशी रहे दयाशंकर मिश्र का पर्चा खारिज कर दिया गया है। बस्ती लोकसभा क्षेत्र में सीधी लड़ाई भाजपा और सपा के बीच मानी जा रही है।

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने का सूचना (साधारण) प्रारूप ) न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0 डि0 हवेली महोदय फैजाबाद

**मूलवाद संख्या 991/2021**
अमरीन
बनाम
बैजनाथ

1- आशीष कुमार वर्मा पुत्र स्व0 राम पियारे वर्मा
2 शिव पूजन वर्मा पुत्र राम जनम वर्मा

निवासी ग्राम कुचेरा परगना पश्चिम राठ अमसिन तहसील मिल्कीपुर जिला अयोध्या

**विपक्षी**
**तारीख पेशी 14- 05- 2024**

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी (वादी) ने इस न्यायालय आवेदन किया है कि प्रकाशन द्वारा अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए *2024 के माह 05 के 14 दिवस* को 10÷00 बजे पूर्वाहन में स्वयं या संपर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने से असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया। जायेगा।

**द0 हाकिम**

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने का सूचना (साधारण) प्रारूप ) *न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0 डि0 हवेली महोदय फैजाबाद

**मूलवाद संख्या- 498/2023**
मुशीर अहमद आदि
बनाम
एजाज अहमद आदि

1- एजाज अहमद आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र जलीज अहमद
2 सउद अहमद आयु लगभग 60 वर्ष पुत्र जलीज अहमद
3 महताब अहमद आयु लगभग 45 वर्ष पुत्र जलीज अहमद
4 गुलजार अहमद आयु लगभग 25 वर्ष पुत्र आफ़ताब अहमद

निवासी ग्राम कुचेरा परगना पश्चिम राठ अमसिन तहसील मिल्कीपुर जिला अयोध्या
वाद की प्रकृति बटवारा.....

**विपक्षीगण**
**तारीख पेशी 21- 05- 2024**

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी (वादी) ने इस न्यायालय आवेदन किया है कि प्रकाशन द्वारा अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए *2024 के माह 05 के 21 दिवस* को 10÷00 बजे पूर्वाहन में स्वयं या संपर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने से असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया। जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय का मुद्रा सहित आज सन 2023 के माह के दिवस को निकाली गयी।

**द0 हाकिम**

# सरकारी दावे की खुली पोल समुदायिक स्वास्थ केंद्र में जमकर किया ज्यादा भ्रष्टाचार


- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में मरे हुए बच्चे को देने के बदले 2000 की मरीज से की गई मांग

2000 के बदले डिस्चार्ज पेपर देने की आई सामने बात नॉर्मल डिलीवरी पर भी ऑपरेशन क्या बनाती हैं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मी दबाव

किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल पहुच भ्रष्टाचार रोकने की किया उच्च अधिकारियों से मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** जहां एक तरफ सरकार तमाम सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में सरकार के द्वारा कई योजनाओं के संचालन के माध्यम से गरीबों के कल्याण की बात करती है और संभी तरह की व्यवस्थाएं फ्री देने का दावा करती है। तो वही जो तस्वीर सामने देखने मे आ रही हैं उसे देखने के बाद सरकारों के सारे दावे धरातल पर फेल नजर आ रहे हैं जबकि जनपद बलरामपुर के स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों का दावा है कि भ्रष्टाचार मुक्त स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को मिल रही है लेकिन तस्वीर बताती है कि सच क्या है। और कितना मरोजो के इलाज को लेकर नियमों का पालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में किया जा रहा है। बात करते हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा की जहां पर गर्भवती के इलाज के बदले 2000 की मांग की जाती है और जब गरीब मरीज पैसे नही दे पाते हैं तब उनका इलाज नही किया जाता और इलाज न कर मरीज बाहर भेज दिया जाता है। आईए जानते हैं की मरीज शाहिदा खातून को कितने मानसिक उत्पन्न का शिकार होना पड़ा जब उसे बताया जाता है तुम्हें ऑपरेशन से डिलीवरी करवानी होगी 2000 लगेगा। जिसको लेकर काफी विवाद के बाद जब मरीज को पैसा न दे पाने के कारण बलरामपुर रेफर की बात सामने आई तब परिजनों ने अपने मरीज को अस्पताल से बाहर निकलना चाहा और जब मरीज को ईरिक्शा पर बिठाकर दूसरे अस्पताल को ले जाने हेतु बाहर ई रिक्शा पर बिठाया गया तभी ई रिक्शा में ही नॉर्मल डिलीवरी हो गया जिसमे उसको मरा बच्चा पैदा हुआ इसी बात को लेकर मरीज और डॉक्टर में तू तु मैं मैं होने के बात सामने आई है इसी बीच किसान यूनियन भानू के वार्ड अध्यक्ष राधेश्याम गौतम और नगर प्रभारी राजू सिद्दीकी के साथ नगर अध्यक्ष किसान यूनियन भानु आलम खान भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने पहुंचे जहां उनको इस बात की जानकारी हुई कि मरीज को बच्चा नहीं दिया गया है और डिस्चार्ज के नाम पैसे की मांग की जारही इसको लेकर किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने समुदायिक स्वास्थ केंद्र पचपेड़वा अधीक्षक ,सीएमओ बलरामपुर से फोन पर बात कर ऐसे स्वास्थ



कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की बात कही है और मांग न पूरा होने के क्रम में आलम खान ने बताया कि अगर समुदायिक स्वास्थ केंद्र पचपेड़वा की हालत ऐसी रही तो हमें जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार विश्वकर्मा से विचार विमर्श कर सीएससी पचपेड़वा में अनिश्चित कालीन धरना देने को मजबूर होंगे। जब बात आगे बढ़ने लगा तो मरीज को स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के डॉक्टरों ने बच्चा मरीज को सौंप दिया जिसका अंतिम संस्कार किया जा चुका है। वही इस मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने थाना पचपेड़वा में तहरीर देकर न्याय की गोहार लगाई है लेकिन यहां एक बात यह समझ में नहीं आ रही है की सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का उत्पीड़न कब रुकेगा और मानवता कब तक यहां शर्मशार होती रहेगी।

इस सम्बंध में जब सीएमओ बलरामपुर को फोन किया गया तो उनका फोन किन्ही कारणों से नही लगा जिससे उनका पक्ष नही मिला।

# मिट्टी पटाई के नाम पर की जा रही सरकारी धन की सफाई- ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज विकास क्षेत्र कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खदरा में क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा मिट्टी पटाई के नाम पर सरकारी धन की सफाई की जा रही है । क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा कप्तानगंज ब्लाक पर बैठक कर पटरी सफाई कार्य करवाया जा रहा हैं । धरातल पर कोई मनरेगा मजदूर कार्य नही कर रहे हैं और न ही कोई पटरी साफ हुआ है ।ग्राम पंचायत खदरा में रमवापुर पिच मार्ग से रग्घू सिंह के पुल तक मिट्टी पटाई कार्य एवं ग्राम पंचायत खदरा के राजस्व गांव प्रताप पुर में राम जनक के चक से फेंसा बार्डर तक चकमार्ग पटाई कार्य का आनलाइन मस्टर रोल जारी है। साइड पर एक भी मनरेगा मजदूर कार्य नही कर रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा राजनीति का बड़ा नेता बनकर भौकाल के बल पर फर्जी भुगतान की तैयारी चल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मीडिया / अधिकारी / कर्मचारी / अन्य कोई भी व्यक्ति मिट्टी पटाई कार्य को स्वयं देख सकता है कि आनलाइन जारी मस्टर रोल फर्जी है दोनों साइडों पर 92 मनरेगा मजदूरों का मस्टर रोल जारी है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खदरा में अप्रैल माह में भी दो साइडों का आनलाइन मस्टर रोल जारी था जिसमें पटरी सफाई कार्य था पटरी सफाई कार्य में भी कोई मनरेगा मजदूरों ने कार्य नही किया था सोशल मीडिया पर फर्जी पटरी सफाई कार्य की खबर वायरल होने के बाद जारी फर्जी आनलाइन मस्टर रोल जीरो हो गया था तब भी ग्रामीणों ने बताया था कि पटरी सफाई का कार्य क्षेत्र पंचायत सदस्य का कार्य है क्षेत्र पंचायत सदस्य का सीधा मतलब की विकास कार्य के नाम पर सरकारी को हड़पना है ।आप जानते हैं कि प्रमुख सत्ताधारी राजनीतिक दल का प्रमुख होता है सत्ताधारी पार्टी का प्रमुख होने के कारण प्रमुख का ब्लाक मुख्यालय में वर्चस्व रहता है।

प्रमुख अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ब्लाक के समस्त कर्मचारियों पर दबाव बनाकर फर्जी कागजात तैयार करके सरकारी धन डकारते है और ब्लाक कर्मचारियों को मजबूर होकर फर्जी कागजात पर हस्ताक्षर करना पड़ता है यदि विकास के नाम पर सत्ताधारी राजनीतिक दल का प्रमुख ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर लूटता रहेगा तो ग्राम पंचायत का विकास होने के बजाए विनाश होगा । इस सम्बंध में सचिव एवं तकनीकी सहायक ( जे ई ) ने बताया कि मिट्टी कार्य में यदि मनरेगा मजदूर कार्य नही कर रहे हैं तो पटरी सफाई कार्य का भुगतान नही होगा और जारी आनलाइन मस्टर रोल जीरो होगा।

# तीन सदस्यीय जांच समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर दी गई तहरीर को थानाध्यक्ष ने कहा फर्जी

- स्पेशल टीम की जांच रिपोर्ट होनी चाहिए- एस ओ आलापुर

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** एस. एन. इंटर कॉलेज इंदईपुर में शासकीय धन के गबन का प्रकरण जिसकी जिला विद्यालय निरीक्षक ने वित्त एवं लेखाधिकारी के साथ 2 राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य की संयुक्त टीम गठित कर जांच कराई।जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधानाचार्य को बार बार लिखित में आदेश दिया कि आरोपियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही करके अवगत कराए। जब प्रधानाचार्य का वेतन रोकने की बात आई तब जाकर प्रधानाचार्य ने दिनांक 27 अप्रैल 2024 को थाना आलापुर को तहरीर दी। एस0 ओ0 आलापुर ने भी तहरीर दर्ज नहीं की रोज कहते रहे कि जांच करने के बाद मुकदमा दर्ज करेंगे। जब 6 मई को पूरा प्रकरण समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ तो एस0 ओ0 महोदय जांच करने विद्यालय




गए।वहां पर आरोपियों से बोले कि 12 बजे तक थाने पर आकर मिल लेना नही तो मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दूंगा। जब शाम को एस. ओ. से एफ आई आर के संबंध में मिडिया द्वारा ली तो उन्होंने बताया कि मामले की स्पेशल जांच नही हुई थी। फर्जी रिपोर्ट के आधार पर फर्जी फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।जब उनसे स्पेशल जांच के बारे में पूछा गया तो बोले की बड़े बड़े अधिकारियों ने जांच नही की इसमें स्पेशल टीम द्वारा जांच नहीं की गई है स्पेशल टीम हर विभाग में होती है अगर स्पेशल टीम ने जांच का रिपोर्ट दी होती तो मुकदमा दर्ज किया जाता। जिस पर उनसे कहा की डीआईओएस के बाद जिले में वित्त एवं लेखा अधिकारी ही सबसे बड़ा होता है और राजकीय विद्यालय का प्रधानाचार्य होता है।तो बोले कुछ भी हो इस रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज नहीं होगा यह फर्जी लगता है मामला बहुत पुराना है। अगर एस. ओ. आलापुर को यकीन है कि जांच रिपोर्ट फर्जी है तो उस रिपोर्ट देने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लेना चाहिए। पूरे प्रकरण में लगता है कि आरोपियों को थाने पर तलब करने के बाद सेटिंग हो गई इसी लिए एस0 ओ0 साहब को अब तहरीर में ही कमी दिखने लगी।वैसे भी 27 अप्रैल की तहरीर पर अभी तक।क्या कर रहे थे इसका कोई जवाब उनके पास नही है।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्या हर्रैया में युवा सम्मेलन को करेंगे संबोधित

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या आठ मई को बस्ती आ रहे हैं। वह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से हर्रैया में आयोजित युवा सम्मेलन में शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की ओर से यह जानकारी दी गई है। बताया गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य का आगमन 08 मई 2024 को दिन बुधवार को 10.30 बजे हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या आठ मई को बस्ती आ रहे हैं। वह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से हर्रैया में आयोजित युवा सम्मेलन में शामिल होंगे।

भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की ओर से यह जानकारी दी गई है। बताया गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य का आगमन 08 मई 2024 को दिन बुधवार को 10.30 बजे हो रहा है।




भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी मनमोहन श्रीवास्तव काजू ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में है।

# मतदाता जागरूकता की कहानी, सुनी बच्चों की जुबानी-बीएसए

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार के नेतृत्व में विभाग के बैनर तले स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद के विभिन्न ब्लॉकों के विद्यालयों में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चे मतदाता जागरूकता के संदर्भ में पोस्टर का निर्माण किया पोस्टर में कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वी वी पैट को भी स्थान दिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार स्वयं कंपोजित विद्यालय गांधीनगर पर पहुंचकर स्वीप कोर टीम के सदस्य आशीष कुमार श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, राकेश पांडेय, सत्या पांडेय, नेहा यादव, निधि सिंह, दिव्यांश त्रिपाठी, चित्रा शुक्ला के देखरेख में चल रहे पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। बच्चों के प्रयास को सराहा और अध्यापिका नजराना जमाल तथा अफसाना मंसूरी से विद्यालय की प्रगति को भी जाना और बच्चों से कार्यक्रम के संदर्भ में संवाद किया अध्यनरत छात्र अयोध्या ने



कहा वोट देना जरूरी है। वोट हमारी ड्यूटी है स्लोगन को कहा और कहा आने वाली 25 मई तक हम अपने माता-पिता पड़ोसी और सभी 18 वर्ष के लोगों को वोट देने के लिए रोज कहते हैं वोट से हमारा देश मजबूत होगा वही अन्य छात्र ज़ैनब ने कहा मतदान करने से हम अच्छा नेता चुने तभी हमारा देश विकास करेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने अपने संबोधन में कहा जनपदीय स्वीप कोर टीम शेड्यूल के अनुसार उत्कृष्ट कार्य कर रही है और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जो की बेसिक शिक्षा विभाग के बैनर तले विभिन्न विद्यालयों में चलाया जा रहा है मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान की सार्थकता को सिद्ध करता हुआ दिखेगा। इस के साथ ही कहा कि 7 मई को नुक्कड़ नाटक मंचन के द्वारा जागरूक किया जायेगा, कंपो विद्यालय कुसम्हा, कंपो विद्यालय वेदपुर नचना, पू मा विद्यालय रमवापुर राजा, पू मा विद्यालय बहेरिया, कंपो विद्यालय पचमोहिनी, पू मा विद्यालय पारा, कंपो विद्यालय महाराजगंज, प्रा वि चौबेपुर, पू मा विद्यालय इटई खजूरी, कंपो विद्यालय देवमी, कंपो विद्यालय गीधार, कंपो मझारी पश्चिम, कंपो विद्यालय फरेंदा, पू मा विद्यालय बटेला, कन्या पू मा विद्यालय विक्रमजोत सहित तमाम विद्यालयों की सहभागिता रही।

# विपक्षी दलों के पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है-धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** लगातार जनपद में भाजपा नेताओं और प्रदेश शासन के मंत्रियों के दौरों से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का संचार हो गया है।भाजपा कार्यकर्ता सांसद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय के पक्ष में लोक सभा क्षेत्र में मेहनत से जनता के बीच में जाकर सम्पर्क कर वोट मांग रहे हैं। भाजपा लोक सभा प्रभारी ने मंगलवार को अकबरपुर नगर मण्डल की बूथ संख्या 41 एवम 42 में पूर्व जिलाध्यक्ष रमा शंकर सिंह बजरंगी पाठक, शिव पूजन राजभर,अमित सिंह बूथ अध्यक्ष सूरज वर्मा,अनूप प्रजापति आदि कार्यकर्ताओं के साथ कोटवा महमूदपुर में घर घर भ्रमण कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और अंबेडकर नगर लोक



सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय को वोट देने का निवेदन किया।

भाजपा लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने जनसंपर्क करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है और ना ही कोई देश के विकास की कोई नीति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने देश से गरीबी हटाने में बड़े बड़े जनहित के कार्यक्रम लागू किया है।आज हर गरीब परिवार के पास अपना पक्का मकान है।कोई भी गरीब परिवार भूखे पेट नहीं सो रहा है।उसे रहने को पक्का मकान,खाने को अनाज और पीने को शुद्ध जल सरकार उपलब्ध करा रही है। भाजपा जिला लोक सभा मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने उपरोक्त जानकारी दी है।

# बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे बुजुर्ग की हादसे में मौत घर में पसरा मातम

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे की खबर घर पहुंची तो शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गई। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। रुधौली में अठदमा चीनी मिल के पास हुआ हादसा मौके पर मौत हो गई हादसा जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के अठदमा चीनी मिल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थनगर के भटपुरवा टोला निवासी अब्दुल रहमान की बेटी की शादी 20 मई को होनी है। वह घर से बेटी की शादी का कार्ड बांटने निकले थे। वह रुधौली थाना क्षेत्र के पटवरिया गांव में रिश्तेदार और पहचान के लोगों को कार्ड देने जा रहे थे। वह साइकिल से थे। तभी रास्ते में उन्हें एक अनियंत्रित पिकअप ने रौंद दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची रुदौली



पुलिस में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हाईवोल्टेज तार गिरने से भैस के बच्चे की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** जर्जर हाई वोल्टेज तार गिर जाने से एक वर्षीय भैस के बच्चे की तत्काल घटनास्थल पर मौत हो गई। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला। महरुआ थाना क्षेत्र के खड़ाहरा गांव निवासी संतराम यादव पुत्र रामलाल यादव ने महरुआ थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देते हुए यह आरोप लगाया है कि अभी 15 दिन पहले ही नए कनेक्शन किए गए थे लेकिन नए तार न डालकर वही पुराने जर्जर तार को जोड़कर लगा दिया गया और तार को बीच वाले खंभे से जोड़ा भी नहीं गया। इससे तार की दूरी लंबी होने के कारण तार झूलता रहा और मौत को दावत देता रहा। अगर समय रहते नया तार लगाते हुए खंभे से जोड़ दिया



गया होता तो आज यह घटना नहीं घटती। आखिरकार मंगलवार की सुबह विद्युत कर्मचारी की लापरवाही के चलते बेजुबान जानवर की जान चली ही गई। जिसकी शिकायत संतराम यादव द्वारा महरुआ थाना अध्यक्ष को तहरीर देते हुए महरुआ पावर हाउस जेई प्रवेश निषाद के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिस पर महरुआ थाना अध्यक्ष विजय कुमार सोनी द्वारा बताया गया की तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। वही नाराज परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए अड़े हुए हैं उनका कहना है जब तक हमें न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम भैस के बच्चे का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

# मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान में दिया स्वच्छता का संदेश

**जरवा(बलरामपुर)।** 9वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर की सीमा चौकी कोइलाबास में भारत-नेपाल अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। जिसमे कुमार के.सी. NGO नेपाल, अर्जुन पाउडेल(DYSP) APF नेपाल और रक्षा सोनी उपनिरीक्षक 9वी वाहिनी के जवानों द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा व पास के गांव जरवा में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। राहुल रंजन निरीक्षक कोइलाबास चौकी ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी



देना और उन्हें अपने घरों, स्कूलों, और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्वच्छता को सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल, हवा, और भूमि की रक्षा भी की जाती है। यह अभियान भारत के स्वास्थ्य और पर्यावरण को सुधारने के



लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

- आरोपी की निशानदेही पर 11.35 ग्राम स्मैक बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** मालीपुर पुलिस ने एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरोपी युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाभनपट्टी रोड सोनू पुत्र संत प्रसाद पांडेय के ट्यूबेल के सामने बहद ग्राम मंसूरपुर से गिरफ्तार करने का दावा किया है। अरोपी युवक की निशानदेही पर 11.35 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुआ है। आरोपी युवक की पहचान थाना क्षेत्र के हासिमपुर गाँव निवासी रियासुद्दीन पुत्र स्व. गुलाम नवी के रूप में हुई है। मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया की अरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के



तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह ने किया जसवन्तनगर में निरीक्षण



**कानपुर।** आज मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान चल रहा है। इटावा जनपद की जसवन्तनगर विधानसभा सीट मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में आता है। इसी के मद्देनजर इटावा के जसवन्तनगर में भी आज लोकसभा के लिए वोट पड़ रहे हैं। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह ने आज जसवन्तनगर विधानसभा क्षेत्र में कई बूथों का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह ने कहा कि मतदाताओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करें। तीसरे चरण के मतदान के अंतर्गत केवल जसवन्तनगर ही ऐसा क्षेत्र है जो कानपुर जोन में आता है और जहां आज मतदान हो रहा है। एडीजी वहां पूरी तरह से सक्रिय हैं और बराबर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है।

### मुख्यमंत्री के आगमन पर मार्ग परिवर्तन

**कानपुर।** दिनांक आठ मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार का पतारा थाना घाटमपुर में जनसभा और रैली होने के कारण दिनांक 08/05/2024 को घाटमपुर से कोई भी भारी वाहन नौबस्ता के तरफ नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन चौडगरा/मूसानगर/भोगनीपुर/सचेंडी होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। इसी प्रकार नौबस्ता से घाटमपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन घाटमपुर की तरफ नही जा सकेंगे ऐसे वाहन सीधे सचेंडी/भोगनीपुर/ मूसानगर से घाटमपुर की तरफ जा सकेंगे। लखनऊ से आने वाले वाहन नौबस्ता होकर घाटमपुर/हमीरपुर नहीं जा सकेंगे ऐसे वाहन रामादेवी रैम्प से नीचे उतरकर चौडगरा होते हुए घाटमपुर को जा सकेंगे। ये मार्ग परिवर्तन दिनांक 8 मई को सुबह पूर्वाहन 06:00 से शाम अपराह्न 04:00 बजे तक रहेगा।

### सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव बनी मंजू बंशवार



**महमूदाबाद-सीतापुर** नगर की रहने वाली नेत्री मंजू बंशवार को समाजवादी पार्टी महिला सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। इसकी जानकारी सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने पत्र देकर दी। महमूदाबाद नगर के तमाम सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मंजू बंशवार की सफलता पर उनकी सराहना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

### महमूदाबाद की विधायक ने वेदान्ता पैथ लैब का काटा फीता, उदघाटन



महमूदाबाद-सीतापुर। नगर के सिधौली मार्ग स्थित मोहल्ला पैगम्बरपुर के राजा रोड पर वेदान्ता पैथ लैब के शुभारम्भ के मौके पर स्थानीय विधायक आशा मौर्य ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर वेदान्ता पैथ लैब के प्रोप्राइटर ने बताया कि इस लैब में मरीजों की सभी प्रकार की खून की जांचे व अन्य जांचे आदि की जाएंगी। उदघाटन के मौके पर स्थानीय नागरिक, समाजसेवी उपस्थित रहे।

**सूचना**

आज आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी ग्राहक श्रीमती निशा अग्रवाल पत्नी विजय कुमार अग्रवाल निवासिनी-5374/910 भारत सरकार, सीतापुर रोड, मोहिबुल्लापुर ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल के पास , लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226003 की है। मूल विक्रय विलेख दिनांक-25/06/2004 को उप रजिस्ट्रार - लखनऊ के कार्यालय में जो की पुस्तक संख्या-1 जिल्द संख्या -2254 पृष्ठ- 29/54 संख्या के तहत विधिवत पंजीकृत किया गया है जो कि कहीं खो गई है। यह दस्तावेज खसरा नंबर 211 रकबा 638.28 वर्ग के हिस्से पर बने प्लॉट पर बने मकान के हैं। ग्राम -रहीम नगर डुडली वार्ड फैजुल्लागंज, तहसील एवं जिला लखनऊ में स्थित है। उक्त मकान का प्लॉट पिछले मालिक श्री सरजू प्रसाद यादव ने श्री साहब दीन से खरीदा था। यह संपत्ति वर्तमान में विशेष रूप से मेरे ग्राहक के स्वामित्व में है ,यदि किसी व्यक्ति के पास किसी प्रकार का अधिकार, शीर्षक, व्याज, दावा ,शेयर आदि है तो कृपया। दिनों के भीतर सीके के लीगल एसोसिएट्स, लखनऊ को 0522-4077776 या इंडसइंड बैंक लिमिटेड को सूचित करें। अन्यथा व शून्य माना जाएगा।

## मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने मिश्रिख के मेला मैदान में चुनावी जन सभा को किया सम्बोधित

स्वतंत्र प्रभात



**मिश्रिख (सीतापुर)**भाजपा प्रत्यासी अशोक कुमार रावत के समर्थन में प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने मिश्रिख के मेला मैदान में चुनावी जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा । कि दुनिया आज सीतापुर की तरफ देख रही है। सनातन को गाली देने का फैशन बन गया है। आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सनातन विरोधी कहां ठहर पाएंगे। सीएम योगी ने कहा नैमिषारण्य के विकास के लिए वोट करें। यहां हवाई सेवा की शुरूआत करने जा रहे हैं। उन्होने कहा कि नैमिष के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रभु श्रीराम पर विश्वास करने वाला ही काम करेगा। विपक्षियों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि राम भक्तों पर गोली चलाने वाले काम नहीं कर सकते। उन्होने कहा कि अबकी बार 400 पार करें । हमने बदलते भारत को देखा है। दुनिया में भारत ने अपना सम्मान बढ़ाया है । धारा 370 समाप्त किया है । बदलते भारत में लगातार विकास हो रहा हैं । प्रधान मंत्री गरीब अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है । सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है । महिलाओं को उज्वला गैस सिलेंडर प्रदान किए गए है । डबल इंजन की सरकार लगातार विकास कर रही है । सीएम योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। आज उनकी तरफ आंख उठाने की हिम्मत नही पड़ती है। भाजपा की सरकार में योजनाओं का पैसा दिल्ली, लखनऊ से सीधे गरीब के खाते तक पहुंच रहा है। 12 करोड़ घरों में शौचालय निर्मित कराए गए हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब वोट हाथ या साइकिल को जाता था। तो अयोध्या काशी के मंदिरों में हमला होता था। सपा सरकार के समय प्रदेश में हमले होते थे। अखिलेश यादव आए तो आतंकवादियों के मुकदमे वापस लिए गए। राम भक्तों पर झूठे मुकदमे लिखे गए। उनको जरा भी शर्म नहीं आई । प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी ने कुछ नहीं कहा लेकिन माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर उसके घर तक गए। ये समाजवादी पार्टी वाले राम भक्तों पर गोली चलाते हैं। और माफियाओं के समर्थक हैं। इन लोगों से बदला लेने का समय आ गया है । आप लोग भाजपा को भारी मतों से मतदान करके ही इन गुंडा माफियाओं से बदला ले सकते है।

## बीजेपी प्रत्याशी कौशल किशोर के चुनाव को लेकर तैयारियों पर चर्चा

**● - बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कई गांवों में जनसंपर्क कर मांगे वोट**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** सरोजनीनगर के हरौनी में मोहनलालगंज से भाजपा से तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे सांसद कौशल किशोर के चुनाव कार्यालय में चुनाव की रणनितियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसका संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता विरेंद्र कुमार रावत ने किया। चर्चा में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान राम खेलावन, कार्यालय प्रभारी हरौनी राहुल रावत, युवा कार्यकर्ता उमा कान्त, नरपति सुमन, वरिष्ठ नेता डाक्टर गुरु प्रसाद, रमेश रावत मौजूद रहे। बैठक के बाद भाजपा नेता विरेंद्र कुमार रावत के साथ सभी लोग क्षेत्र के गांवों में प्रचार के लिए रवाना हो गये। विरेंद्र कुमार रावत ने बताया कि उन्होंने सरोजनीनगर के दराब नगर बरकोता, भटगांव, रूसुलपुर, हसन खेड़ा, दादूपुर, खाड़ेदेव, बीबीपुर मेमोरा व धावापुर में जाकर गाँव के लोगों से जनसम्पर्क किया व ग्रामीणों को मोदी योगी सरकार द्वारा जनहित के विकास कार्यो की जानकारी दी। ग्रामीणों ने भी कौशल किशोर के समर्थन में वोट व सपोर्ट करने का आश्वासन दिया।

## डी०ए०वी० इंटर कॉलेज ने किया पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज दिनांक 7/5/ 2024 को डी०ए०वी० इंटर कॉलेज लखनऊ में हाई स्कूल इंटरमीडिएट वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षा में मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक मनमोहन तिवारी ने सम्मानित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 99त्न एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम परिणाम 87 प्रतिशत रहा मेधावी छात्र-छात्राओं में हाई स्कूल के भास्कर चौरसिया प्रथम, अभिजीत द्वितीय, उमंग श्रीवास्तव तृतीय एवं इंटरमीडिएट में कृष्ण श्रीवास्तव प्रथम, रौनक कुमार द्वितीय, तथा आयुषी पटेल सहित सभी छात्र-छात्राओं को मेडल शील्ड एवं प्रमाण पत्र व पुष्प माला पहनकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार वर्मा द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ0 सत्यकाम आर्य, प्रबंधक मनमोहन तिवारी उपाध्यक्ष, डॉ0 के0के0 पांडे उप प्रबंधक सुधा शर्मा, उप प्रधानाचार्य नरेंद्र देव, बिंदु कुमार, अशोक कुमार, नरेंद्र कुमार वर्मा, प्रियदर्शन शर्मा, महेश चंद्र, वेद प्रकाश यादव, राजकुमार त्रिपाठी, सुनील श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार शुक्ला, संजय अग्रवाल, मित्र सेन लाल, रामसेवक, ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, संजय तिवारी, सुनील मिश्रा, वरुण कुमार जायसवाल, रेनू बाला यादव, नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र नाथ, मोहित सिंह, राजेश पाल, अनिल कुमार त्रिपाठी, मंजरी श्रीवास्तव, गोविंद प्रसाद, ओमप्रकाश कुशवाहा, शेखर श्रीवास्तव, श्रवण कुमार सिंह, शिखा आनंद, विमल कुमार सिंह, संदीप मौर्य, पवन कुमार शुक्ला, अनुपम अग्निहोत्री, दीपक चंद्र पाल, राजेश सिंह, नवनीत कुमार, धीरेंद्र दुबे, गीता यादव, बेद गोंड, राजेंद्र मिश्रा, मनोज शर्मा, लव सिंह, राजकुमार आदि शिक्षक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग की आंखों में धूल झोंककर नाम, स्थान व मीडियम बदल कर चल रहा विद्यालय

स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद-सीतापुर।** जहां एक तरफ यूपी सरकार शिक्षा के प्रति कड़ा रुख अपनाए हुए है वहीं दूसरी ओर भोली भाली जनता को अपना शिकार बनाने वाले अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार बिना मानक कोई विद्यालय संचालित नहीं हो सकता किंतु देवी प्रसाद शुक्ल और सुनील दत्त दो ऐसे जालसाज हैं जो शिक्षा विभाग को ठेंगा दिखाने में सफल होते प्रतीत हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के रामपुर मथुरा ग्राम अंतर्गत एस.के.एम. एकेडमी संस्था को लेकर काफी दिनों से सोशल मीडिया पर अभिभावकों और छात्रों को गुमराह करने वाली पोस्टों को देखा जा रहा है। कुछ लोगों द्वारा इसका खंडन भी होता रहा था। क्षेत्र के कुछ जागरूक समाज सेवियों द्वारा सक्षम अधिकारियों से जनसुनवाई के माध्यम से शिकायत भी की गई है। दरअसल बात यह है कि टिकठा निवासी सुनीलदत्त द्वारा अपने ही घर के निकट दो कमरों के एक घर में एस.के.एम. एकेडमी इंग्लिश मीडियम का बोर्ड लगा कर शिक्षा के नाम पर छात्रों और अभिभावकों को गुमराह करने का कार्य विगत एक माह से किया जा रहा है। अभिभावकों द्वारा मिली अवैध स्कूल की जानकारी के अनुसार जब मीडिया टीम मौके पर पहुंची तो वहां सब गोलमाल ही नजर आया। पता चला कि लखनऊ विश्वविद्यालय में राजकीय पद पर कार्यरत देवी प्रसाद शुक्ल द्वारा शिक्षा विभाग की आंख में धूल झोंक कर बिना मानक व संसाधनों के 2014 में टिकठा से लगभग 2 किमी दूर रामपुर मथुरा ग्राम पंचायत में ली गई कक्षा एक से पंचम तक की मान्यता शिव कुमारी स्मृति शिक्षण संस्थान हिंदी मीडियम जो अपने यथा स्थान पर है ही नहीं। किन्तु आपको अवगत करा दें कि उक्त विद्यालय का भवन रामपुर मथुरा ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 1730 में होना चाहिए था लेकिन वहां सिर्फ कृषि कार्य होता है। उसी कागजी मान्यता के सहारे बच्चों के भविष्य के साथ खिड़वाड़ करते हुए उक्त संस्था के प्रधानाध्यापक सुनील दत्त संस्था का नाम अवैध रूप से बदल कर एस.के.एम. एकेडमी इंग्लिश मीडियम बताकर भोले भाले



अभिभावकों को इंग्लिश मीडियम की महंगी किताबें दिलाकर मूर्ख बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जब मीडिया द्वारा प्रधानाध्यापक सुनील दत्त से इंग्लिश मीडियम के साक्ष्य मांगे तो वह भाग खड़े हुए। शिकायत की सत्यता प्रमाणित करने के लिए जब उपस्थित छात्रों के बस्ते देखे गए तो वास्तव में उसमे इंग्लिश मीडियम की महंगी पुस्तकें पाई गई। यह भी देखने को मिला कि हर कक्षा के छात्र एक ही कमरे में बैठकर अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य कर रहे थे। इस सम्बंध में जब खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर मथुरा उदय मणि पटेल से वार्ता की गई तो बताया गया कि जांचकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## गठबंधन की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन की बहाली होगी-आनंद भदौरिया

**● - महोली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सपा प्रत्याशी ने किया जन संपर्क**

स्वतंत्र प्रभात

**महोली (सीतापुर)।** समूचे धौरहरा क्षेत्र में जन समस्याओं का अम्बार लगा है। बेरोजगारी से युवा परेशान है। किसान सिंचाई के अभाव में मुश्किल दौर से गुजर रहा है। यहां पर जन सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। उच्च शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात के समुचित साधन जैसी मूलभूत सुविधाएं इस इलाके के बाशिंदों के लिए आज भी दूर की कौड़ी बनी हुई हैं। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के दौरान कही। विधान सभा क्षेत्र के इमलिया सुल्तानपुर कस्बा सहित सोइई, रोजहा, केशवपुर, उमरसा, बीबीपुर, निर्वाहनपुर, बरातपुर, लक्षिमनपुर आदि गांवों में जन संपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी निजी क्षेत्रों की नौकरियों में भी सभी वर्गों की भागीदारी दी जाएगी। इसके साथ ही सभी सरकारी विभागों में पुरानी पेंशन की बहाली होगी। उन्होंने साफ किया कि अग्निवीर नीति केंद्र सरकार की एक सोची-समझी रणनीति है। इसे समाप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाकर 450 रुपए किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। जिनके कच्चे मकान या फिर झोपड़ी हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी।

सपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं



और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाएं इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने मतदाताओं को इस बात का भी भरोसा दिलाया कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। जनसभाओं को सफल बनाने में सपा के महोली विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, प्रदीप तिवारी, मनोज यादव, छोटे सिंह, सुनील भार्गव, महेश अर्कवंशी, सोनू सिंह, सतीश त्रिवेदी, लखन सिंह, पारुर सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## उन्होंने मंदिर परिसर धोया जनता उनको धोएगी-अखिलेश यादव

**● - उत्तर प्रदेश में पीडीए केवल एक सीट पर लड़ाई में है वाकी सीटें हम जीत रहे हैं- अखिलेश**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अब बेईमानी पर उतर आई है। इनका व्यवहार बदल गया है लेकिन करोड़ों मतदाता इसके खिलाफ है। ये कितनी भी बेईमानी पर उतर आये लेकिन करोड़ों मतदाता इनको हटाकर ही दम लेगा। वे आज कानपुर से निकलते वक्त पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।अखिलेश यादव ने कहा कि जो सूचनाऐं आ रहीं हैं उनसे ये घबरा गये हैं हताश हो गये है। जो हारने लगता है वही यह हरकत करता है। कहां 400 पार बताओ क्या हालत हो गई है इनकी, इनकी भाषा बदल गई, इनका व्यवहार बदल गया। और इतना स्तर गिर गया इनका कि अगर हम मंदिर में जायेंगे तो ये मंदिर परिसर धोएंगे। उन्होंने कहा कि याद रखे बीजेपी आज तुमने मंदिर परिसर धोया है जनता तुम्हें वोट डाल-डाल कर धोएगी। पीडीए उत्तर प्रदेश में केवल

एक सीट पर लड़ाई में है वाकी सभी सीट पीडीए जीत रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनियां के जब कम्प्यूटर के सबसे बड़े बिल गेट्स भारत आये थे और जब प्रधानमंत्री से जब बात चीत कर रहे थे। उन्होने डिजिटल डिवाइस के बारे में कहा कि डिजिटल डिवाइस भारत में नहीं होने देंगे उसके लिये कदम उठाएंगे। समाजवादी पार्टी ने जो आजतक गांव गांव इन्टरनेट, केबल इन्टरनेट



दिखाई दे रहाहै। जियो हो या लैपटाप हो समाजवादी पार्टी ने फैसला लिया था। समाजवादी पार्टी ने गरीबों को लैपटॉप बांटे थे। अमरीका जैसा देश अपने गरीब बच्चों को लैपटॉप दे रहा है। हम चाहते हैं कि यदि डिजिटल डिवाइस खत्म हो और गरीबों को आगे बढ़ाने का मौका मिले यह डिजिटल डिवास खत्म हो तो उनको गुणवत्ता का राशन पौष्टिक आटा गरीबों को मिले।

## कानपुर ने ठाना है मतदान प्रतिशत बढ़ाना है

**● - कानपुर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वरिष्ठ अधिकारी अपनी अपनी तरह से कर रहे हैं प्रयास।**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान में मतदान प्रतिशत कम होने के कारण चुनाव आयोग सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी चिंतित हैं और वह पूरा प्रयास कर रहे हैं कि आगे के चरणों में मतदान प्रतिशत ठीक ठाक हो। इसी क्रम में कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह, पुलिस आयुक्त कानपुर अखिल कुमार, मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीआईजी जोगेंद्र सिंह, अपर श्रम आयुक्त सोम्या पांडे सभी डीसीपी अपनी अपनी तरह से कोशिश करके जनता से अपील कर रहे हैं कि वह मतदान अवश्य करें।

तमाम सामाजिक संगठन भी इस बात की कोशिश में लगे हैं कि 13 मई को मतदान के दिन सुबह सबसे पहले मतदान फिर और कुछ काम। लोकतंत्र के इस महापर्व में यदि हम अपना योगदान करने से चूक गए तो यह अवसर पांच साल तक हमें नहीं मिलता है। पुलिस अधिकारी एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह, पुलिस आयुक्त कानपुर अखिल कुमार और डीआईजी जोगेंद्र सिंह बराबर निर्भीक और निष्पक्ष मतदान के लिए अपने अपने क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। मंडलायुक्त अमित गुप्ता, अपर श्रम आयुक्त सोम्या पांडे व अन्य अधिकारी अपने अपने तरीके से तमाम कार्यक्रम में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं।


## सनिगवां के पोस्ट मेन नहीं पहुंचा रहें हैं मतदाता पहचान पत्र

**● - मतदाता पहचान पत्र वितरण का काम फिर से बीएलओ को देने की हो रही है मांग।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** शहर का सनिगवां स्थित पोस्ट आफिस मतदाताओं के पहचान पत्र मतदाताओं के पते पर नहीं पहुंचा रहा है। ऐसी सैकड़ों शिकायतें देखने को मिल रही हैं। जब लोग शिकायत करने पोस्ट आफिस जाते हैं तो कहा जाता है कि पता नहीं मिलता है। भारत सरकार और निर्वाचन आयोग एक बहुत बड़ा बजट खत्म करके मतदाताओं के पहचान पत्र बना रहे हैं। लेकिन पोस्ट मैन की लापरवाही के कारण यह हो रहा है कि मतदाताओं के पहचान पत्र वापस कर दिए जा रहे हैं।

शहर के महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित सनिगवां में एक उप डाकघर है लेकिन यह मात्र एक शो पीस बन कर रह गया है। लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। नये वोटर मतदाता पहचान पत्र के लिए भटक रहे हैं। लेकिन उनको पहचान पत्र नहीं मिल पा रहा है। पहले मतदान पत्र बांटने की व्यवस्था बीएलओ के पास होती थी जिससे आसानी से पहचान पत्र पहुंच जाते थे। लेकिन जब से



पहचान पत्र को पोस्ट आफिस द्वारा भेजा जाने लगा तब से लोगों को पहचान पत्र नहीं मिल पा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने पहचान पत्र वितरण का कार्य फिर से बीएलओ के द्वारा करवाने की मांग की है।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ भारत तिब्बत सहयोग मंच का रजत जयंती समारोह

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** आज भारत तिब्बत सहयोग मंच के स्थापना की रजत जयंती समारोह लखनऊ में बड़ी धूम से मनाया गया। मंच के मार्गदर्शक डॉ इंद्रेश कुमार जी ने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शौध संस्थान गोमतीनगर, लखनऊ में लोगो को भारत की सुरक्षा के लिये चीन में निर्मित वस्तुओं का बहिष्कार का आवाहन किया साथ मे वर्तमान सरकार में हुए विकास व दृढ़ होते आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डाला एवं आवाहन किया कि देश को विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था के लिये सभी लोगो चुनाव पर्व पर अपने मताधिकार का उपयोग कर अवश्य मतदान करें।





कार्यक्रम में उ.प्र.,उत्तराखंड की सह प्रचारिक बहन शारदा जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में कानपुर प्रान्त अध्यक्ष एड. अतुल निगम के नेतृत्व में वरि. उपाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष महिला विभाग अभिलाषा तिवारी, प्रान्त प्रचार प्रमुख अजय कुमार, कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार, विधुनू कानपुर देहात से प्रान्त मंत्री महिला विभाग बहन अवधेश कुमारी जी ने लखनऊ जाकर डॉ इंद्रेश कुमार जी को मोती की माला व पटका पहना कर सम्मान व सहभागिता की।

## युवाओं को संस्कारवान बनाने के लिये गुरुकुल शिक्षा है जरूरी-डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात

**ठाणे।** झूठी शान में पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण आज की युवा पीढ़ी को धर्म से विमुख कर दिया है, व्यापारिक शिक्षा के अंधी दौड़ में अपनी पुरानी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं।युवाओं को संस्कारवान बनाने के लिए गुरुकुल शिक्षा बेहद जरूरी है। यह बात बोरीवली में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक डॉ. कौशलेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कही। महर्षि वेद विज्ञान विद्या पीठ से उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले डॉ. पाण्डेय ने कहा कि कुछ कर गुजरने की तमन्ना आदमी को सफ़लता की ओर ले जाती है। *बचपन से ही अध्यात्म की तरफ झुकाव* 18 पुराण 4 वेद 6 उपनिषद् के प्रकाण्ड विद्वान डॉ. पाण्डेय जी ने बताया कि बचपन से ही अध्यात्म की तरफ मेरा झुकाव था। इसमें मेरे पिता जी का उचित मार्गदर्शन और सहयोग मिला। शास्त्री करने के बाद इस क्षेत्र में फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज अपनी कार्य से लोगों में अपनी एक अलग पहचान बना चुके पाण्डेय जी की चाहत है गौशाला, शिक्षा, सनातन धर्म का उत्थान के साथ हर सनातनी को शिक्षा मिले। *आश्रम में निःशुल्क शिक्षा* डॉ. कौशलेन्द्र जी लोक कल्याण, धर्म प्रचार, बच्चों को संस्कारवान बनाने लखनऊ के चिनहट में आश्रम का निर्माण कराया है। अध्यात्मिक लगाव वाले बच्चे को, जिनकी आयु 8 वर्ष की हो, उन्हें आश्रम में निःशुल्क पढ़ाई व रहने का खर्च आश्रम उठाएगा। इस गुरुकुल की शुरुआत 21 बच्चों से की जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे आगे व्यवस्था बढाई जाएगी। धर्म अध्यात्म से विमुख हो रहे बच्चों को नई धारा में लाने के लिए शास्त्री के अलावा अत्याधुनिक पद्धति से भी पठन पाठन कराया जाएगा। गुरुकुल में पढ़ाई के बाद धर्म गुरु, शास्त्री,आचार्य,पुरोहित आदि बन सकते हैं। जिन बच्चों ने मां बाप को छोड़ दिया है, ऐसे लोगों के लिए वृद्धा आश्रम बनाया जा रहा है जिससे जिनके मां बाप नहीं है ऐसे अनाथ बच्चों को एक परिवार भी मिल जाएगा, संस्था से हजारों लोग जुड़े हैं। *कारागार में



भागवत कथा* सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए हर साल श्री मद भगवद् फ़ाउण्डेशन संस्था 12-14 भागवत कथा करवाती है। इसके अलावा 18 पुराण 4 वेद 6 उपनिषद् के बारे में कथा करते हैं। कोरोना में मृत अनाथ लोगों का पिंडदान कराया। पितृपक्ष में श्राद्ध कराया। एक अनोखी पहल करते हुए लखीमपुर खीरी में कैदियों के लिए जून में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जहां 2000 कैदी कृपा के पात्र होंगे। जिनके पिता नहीं हैं जेल में रहने के बाद अपने पिता का अंतिम संस्कार नहीं कर पाए, उनका पिंडदान आदि कराया जाएगा।

## भाजपा ने किसानों को चौकीदार बना दिया - ऊषा

**शाहाबाद हरदोई।** लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद ऊषा ने आधा दर्जन से अधिक गावों में सभाएं कर लोगों से समर्थन जुटाया। क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर कल्लू,वारिपुर, पेढ़वा, घूरहा गौटिया, आगापुर, फतेहपुर गयंद, हसनापुर समेत आधा दर्जन से अधिक गांव में समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी उषा वर्मा ने सभाएं की।सभाओं में अपने संबोधन में श्रीमती वर्मा ने कहा भाजपा धर्म के नाम पर देश को बांटकर कमजोर कर रही है। भाजपा ने लोगों को लाइन में लगवाने का काम किया है। देश की जनता को 15 लाख देने का वादा कर बेरोजगार कर दिया। उन्होंने कहा नोट बंदी में मां बहनों का विपत्ति के समय काम आने वाला पैसा जमा करवा लिया। प्रधानमंत्री खुद को देश का चौकीदार बता रहे हैं जबकि उन्होंने देश के अन्नदाताओं को मवेशियों से फसल की रक्षा के लिए खेत का चौकीदार बना दिया। पूर्व सांसद ने कहा आज देश का नौजवान बेरोजगार घूम रहा है। सरकार बनने पर भाजपा ने 20 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था लेकिन किसी एक नौजवान को नौकरी नहीं मिली। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हर साल 2 करोड़ लोगों को नौकरियां दी जायेंगी।देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है। उसे पता चल चुका है भाजपा में उन्हे झूठे वादों के सिवा कुछ मिलने वाला नहीं



है।इसलिए पूरे देश में भाजपा के विरोध में वोट पड़ रहा है। पूर्व विधायक श्री बब्बू ने कहा वह भेदभाव की राजनीति नहीं करते उन्होंने हमेशा क्षेत्र की जनता को सम्मान दिया है और काम किया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## आम तोड़ने के विवाद में विकलांग चाचा और भतीजी को लाठी डंडों से मार के किया घायल



**अयोध्या जौनपुर** सुजानगंज थानाक्षेत्र के शाखापुर ग्राम निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय 45 वर्ष पिता हरि प्रसाद पाण्डेय भतीजी स्वाति पाण्डेय पिता प्रेम प्रकाश पाण्डेय 16 वर्ष आज सुबह ओम प्रकाश पाण्डेय के घर के पास एक आम का पेड़ है जिसमें बच्चे आम तोड़ रहे थे मामुली कहा सुनी होने पर बच्चे आपस में लड़ाई झगड़ा करने लगे यह देखकर ओमप्रकाश बच्चों को वहां से हटाने लगे समझाने लगे तब भी बगल के पाटीदार डंडा लाठी लेकर आए और बच्चों की लड़ाई में ओम प्रकाश भतीजी स्वाति को लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया तत्काल पुलिस को सूचना दे दी गई पुलिस चाचा भतीजी को जिला अस्पताल लाया गया जहां( दो नो) का उपचार चल रहा है

## पैसेंजर ट्रेन से कट कर दंपति की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम



मृतक - अंकित व अर्चना देवी

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के चकपंचम गांव स्थित रेलवे ट्रैक पर सोमवार की देर शाम को पैसेंजर ट्रेन से कट कर पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि धनऊ का पूरवा मजरे दतौली गांव निवासी अंकित उर्फ गोलू पत्नी अर्चना के साथ कहीं जा रहा था तभी शटल ट्रेन की चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि जरूरी लिखापढ़ी के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचे इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने किया मॉक पोल प्रक्रिया का निरीक्षण



**हरदोई.** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज कमीशनिंग के बाद कराये जाने वाली मॉक पोल प्रक्रिया का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉक पोल के दौरान कोई कमी मिलने पर तत्काल एआरओ के संज्ञान में लाया जाये। किसी तकनीकी खराबी के लिए बेल से आये इंजिनियरों की सहायता लीं जाये। क्लियर करने के उपरांत मशीनों को सील किया जाये। बीयू व सीयू को अलग अलग अलग क्रम से रखा जाये। ताकि मतदान पार्टी को रवानगी से पूर्व सहूलियत रहे। मॉक पोल की प्रक्रिया को प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों ने भी देखा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## मोदी के विकसित भारत के सपने को करें साकार- जयप्रकाश रावत

**13 मई को कमल पर बटन दबाकर भाजपा को जिताएं- विधायक**

**हरदोई।** सांडी विधानसभा के ग्राम बघौली में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सांसद व प्रत्याशी मा0 जयप्रकाश ने नुक्कड़ सभा को संबोधित कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को लेकर अपने लिए जनसमर्थन माँगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करे।सांसद व प्रत्याशी जयप्रकाश ने जनसभा के उपरांत बघोली कस्बे में डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया सांसद जयप्रकाश ने सभी लोगो को 8 मई को सी एस एन कॉलेज हरदोई में गृहमंत्री अमित शाह होने वाली जनसभा का निमंत्रण भी दिया नुक्कड़ सभा को सांडी विधायक मा0 प्रभास कुमार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भाइयों से मेरी अपील है कि 13 मई को आप सभी लोग कमल का बटन दबाकर लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत को ज्यादा मतों से बिजयी बनाये इस अवसर पर आशुतोष शुक्ला राकू सुनील बाजपेयी मंडल अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी सोमेंद्र गुप्ता ग्राम प्रधान संतोष कुमार प्रदीप पाठक जितेंद्र सिंह अमित वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में गुरु रवींद्र नाथ टैगोर की मनाई गई जयंती

**स्वतंत्र प्रभात**




**लालगंज- रायबरेली-** कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज में मंगलवार को "गुरु रवींद्र नाथ टैगोर" की जयंती के उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने प्रार्थना सभा के पश्चात् गुरु रवींद्रनाथ टैगोर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम किया तत्पश्चात् विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व बच्चों ने भी बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के बच्चों द्वारा एक झांकी का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से टैगोर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म 07 मई सन 1861 को पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित जोड़ासांको में हुआ था। इनके पिता का नाम देवेन्द्रनाथ टैगोर था और माता जी का नाम शारदा देवी था। गुरुदेव बाल्यावस्था से बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कई रचनाएं की। इनमें गीतांजलि प्रमुख है। इस रचना के लिए गुरुदेव को सन 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आज ही के दिन महान बंगाली कवि, विद्वान, उपन्यासकार, नाटककार, मानवतावादी, दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार विजेता-रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई जाती है। एक संपन्न बंगाली परिवार में जन्मे रवीन्द्रनाथ टैगोर को बंगाली साहित्य और राजनीति के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। उनकी कविताएँ, लघु कथाएँ, गीत (जिन्हें रवीन्द्र संगीत कहा जाता है) नाटक और उपन्यास आज भी कला के विभिन्न क्षेत्रों में पूजनीय और विश्लेषित हैं। विश्व साहित्य में उनके योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार (1913) पाने वाले वे पहले गैर-यूरोपीय थे। टैगोर ने भारत का राष्ट्रगान "जन गण मन" लिखा। उन्होंने बांग्लादेश एवम् श्रीलंका के लिए भी राष्ट्रगान लिखा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।

# बेकाबू ट्रक चेंचिस ने बाइक सवार युवक को कुचला, इलाज के दौरान हुई मौत

**स्वतंत्र प्रभात**



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के गांधी चौराहा में मंगलवार को तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक चेंचिस ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। गंभीर रूप से जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डलमऊ थाना क्षेत्र के चक मलिक भीटी गांव निवासी सूरज (20) पुत्र सत्यनारायण गांव के ही अपने साथी संदीप के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से कस्बा आया था। तभी गांधी चौराहा के निकट तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक चेंचिस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक पहियों के नीचे आ गए। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहां मौजूद राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रूप से जख्मी युवक सूरज ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि जरूरी लिखापढ़ी के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ट्रक चेंचिस पुलिस के कब्जे में है।

# तिवारी का पुरवा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आज सातवें दिन कथा का हुआ विराम

**स्वतंत्र प्रभात**



**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र के तिवारी का पुरवा मजरे चिलौली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आज सातवें दिन सिधौना अमांवा से आई कथा व्यास संध्या भारद्वाज ने विविध प्रसंगों पर अपने मुखारविंद से अद्भुत व्याख्यान प्रस्तुत कर भक्तों को भाव विभोर होने पर मजबूर कर दिया। कथा व्यास ने आज श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन मां देवकी के कहने पर छः पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को देना, सुभद्रा हरण का आख्यान एवं भगवान श्री कृष्ण तथा सुदामा मित्रता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मित्रता कैसी हो यह हमें भगवान श्री कृष्ण तथा सुदामा की मित्रता से सीखना चाहिए, मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग, और सम्मान का भाव ही सच्ची मित्रता कहलाती है। आपको बताते चलें कि, कथा के सातवें दिन मंगलवार को आनंद मिश्रा द्वारा सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। वहीं कथा व्यास द्वारा परिक्षित मोक्ष सहित अन्य विविध प्रसंगों का वर्णन किया गया जिसके बाद कथा का विराम हुआ। इस मौके पर शिव शंकर त्रिपाठी आनंद मिश्रा, अंजनी पांडेय, बद्री विशाल तिवारी अन्नु अवस्थी अरविंद सिंह अनूप अवस्थी (कोटेदार) लल्लन तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

# इंटरलॉकिंग पर बैठी भैंस खिसक जाने को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट कोतवाली में केस दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात**



**महराजगंज/रायबरेली-** कोतवाली क्षेत्र के ओनई जंगल गांव में इंटरलॉकिंग पर बैठी भैंस खिसक जाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए तथा एक पक्ष उग्र होकर दूसरे पक्ष के लोगों के साथ गाली गलौज करने लगा। जब दूसरे पक्ष ने विरोध जताया तो एक पक्ष की दो महिलाओं समेत चार लोगों ने लाठी डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया, जिससे भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर दूसरे पक्ष के आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं युवती को गंभीर चोटे होने की वजह से चिकित्सकों ने रायबरेली जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

आपको बता दें कि, घटना सोमवार शाम 6ः00 बजे की है। गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र राम बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, उसके घर के सामने इंटरलॉकिंग सड़क बनी हुई है। जिस पर प्रतिपक्षीगणों श्रीराम पुत्र रामसेवक, मोनू पुत्र श्रीराम, केशावती पत्नी श्रीराम और सुरजकली पत्नी मोंनू अपनी भैंस बांधते हैं। जब उसने इंटरलॉकिंग रोड पर भैंस बांधने से मना किया तो सभी प्रतिपक्षीय गण उल्टा उसके साथ ही गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध जताया तो श्रीराम अपनी पत्नी, बेटे और बहू के साथ उसके घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। घटना में वादी पंकज कुमार और उसकी बहन पूनम गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। चीख पुकार सुनकर जब गांव वाले दौड़े तो सभी हमलावर रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बताया कि, एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# महावीर स्टडी इस्टेट स्कूल में मनाया गया रविंद्रनाथ टैगोर का जन्म दिन

**स्वतंत्र प्रभात**

**महराजगंज रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट स्कूल में प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य श्री कमल वाजपेई ने बच्चों को बताया कि रविंद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के ठाकुर बाड़ी में हुआ था। पिता देवेंद्रनाथ टैगोर माता शारदा देवी थी। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा सेंट जेवियर कॉलेज तथा बैरिस्टर की शिक्षा लन्दन से हुई। 1883 में मृणालिनी देवी से विवाह हुआ। भाइयों में बड़े भाई सत्येंद्रनाथ पहले यूरोपीय सिविल सेवा के लिए नियुक्त व्यक्ति थे। भाई द्ववजेन्द्रनाथ दार्शनिक ज्योतिरिंद्रनाथ संगीतकार, नाटककार, बहन स्वर्ण कुमारी उपन्यासकार थी। रवींद्रनाथ टैगोर जी की ÷गीतांजलि÷ जो की एक कालजयी रचना हुई। 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला। इनकी रचनाएं चोखेर, बाली, गोरा, काबुलीवाला आदि चर्चित रचनाएं हैं। गुरुदेव टैगोर की विशेषज्ञाता कई क्षेत्रों तक फैली थी। यह कवि, लेखक, नाटककार, संगीतकार,



दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे।टैगोर की रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनी जिसमें "जन, गण, मन" भारत का राष्ट्रगान बना तो "आमार सोनार बांग्ला" बांग्लादेश का राष्ट्रगान बना। हमें उनके आदर्शों पर चलकर सुदृढ़ भारत का निर्माण करना है। इस अवसर पी, आर, ओ, राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, अनिमेष मिश्रा, सुरेंद्र प्रजापति, आदर्श शुक्ला, अभिषेकराज त्रिपाठी, आलोक यादव, लवलेश सिंह, मंजू सिंह, अमित सिंह, अनुपम सिंह, लक्ष्मी सिंह, साधना सिंह, शालिनी सिंह, ज्योति जयसवाल, ज्योति सिंह, फातिमा, रुचि सिंह, जय सिंह, राधा शुक्ला सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अमेठी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

- कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का दिया मूल मंत्र, स्मृति इरानी ,मयंकेश्वर शरण सिंह, राजेश अग्रहरी सहित अन्य विधायक व हजारों की संख्या में मौजूद रहे कार्यकर्ता



**स्वतंत्र प्रभात**

**गौरीगंज अमेठी।** अमेठी लोकसभा क्षेत्र के मुंशीगंज स्थित आशीर्वाद लान में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज भारत की ही नहीं अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रीड की हड्डी बताते हुए कहा कार्यकर्ताओं के बल पर इस बार भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के 400 पार नारे को सरकार करेगी। उन्होंने कार्यकर्ता बैठक स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है, भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की 10 साल तथा प्रदेश की 7 साल की सरकार में जो भी घोषणा पत्र में शामिल था भारतीय जनता पार्टी ने शत् प्रतिशत घोषणा पत्र को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद जातिवाद और वंशवाद से कोसों दूर है ।पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वेसर्वा है उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य करते हुए देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया है, प्रदेश में राम राज्य की स्थापना की है, बिजली, सड़क ,शिक्षा चिकित्सा सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, और आज देश ही नहीं अपितु पूरी दुनिया भारत की तरफ टकटकी लगाए हुए देख रहा है।

भारत विश्व गुरु के पथ पर अग्रसर है उन्होंने कहा कि अमेठी में पांचवें चरण में मतदान होगा सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता घर-घर जाते हुए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र से लोगों को औगत कराते हुए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी को वोट देने की अपील करें। उन्होंने कहा देखा गया है कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में ज्यादातर 60 या 65 प्रतिशत ही वोटिंग होती है जबकि पंचायत चुनाव में मत प्रतिशत अधिक होता है ऐसे में सभी कार्यकर्ता व्यक्तिगत स्तर पर चुनाव को लेते हुए मतदान 85 से 95 प्रतिशत तक होना सुनिश्चित करायें। उन्होंने सभी बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए चुनाव जीतने का मूल मंत्र दिया, उपस्थित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का आभार भी व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने भी गर्मजोशी के साथ अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार बनने वाली भाजपा सरकार में एक कमल अमेठी का भी दोबारा शामिल होगा। और यह आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर ही होगा, उन्होंने कहा मंच पर तीन पीढ़ी के नेता बैठे हुए हैं,

एक समय था जब भाजपा के लोगों को परेशान किया जाता था, कोई बीजेपी का झंडा लेकर चलता था तो उसे परेशान किया जाता था ,आज परेशान करने वाले लोग स्वयं अमेठी से नामांकन करने का हिम्मत नहीं कर रहे हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, प्रदेश मंत्री एवं अमेठी प्रभारी शंकर गिरी, लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव, जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, जिला प्रवक्ता चंदमौली सिंह, जगदीशपुर विधानसभा संयोजक हेमंत विक्रम सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा बाजपेई, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विपिन वैश्य ,मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ज्योति बाबा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज,11 को होगा दिल्ली में सम्मान

- नशा मुक्ति युवा भारत अभियान के लिए ज्योति बाबा का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज
- इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में ज्योति बाबा का नाम दर्ज होने पर नशा मुक्ति सेनानियों में उल्लास की लहर
- एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर ज्योति बाबा ने बढ़ाई कानपुर की शान
- योग ज्योति इंडिया के ज्योति बाबा ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर रचा इतिहास

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर ।** जिस शहर में 1200 से ज्यादा तंबाकू पान मसाला के ब्रांड निकलते हो, जहां पर 400 से ज्यादा अवैध हुक्काबार चल रहे हो ड्रग्स की बड़ी संख्या में सेवनकर्ता हो चुके हो, उस शहर में अखंड नशा मुक्ति युवा भारत की ज्योति को प्रज्वलित करते हुए ज्योति बाबा ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करना,यह किसी देवयोग चमत्कार से कम नहीं है इसीलिए श्रद्धेय ज्योति बाबा को सभी सामाजिक संगठनों द्वारा ना सिर्फ सम्मानित किया जाना चाहिए बल्कि उनके साथ भारत के बचपन को नशे के रोग से बचाने के लिए एक कदम जरूर चलना चाहिए,गंगा तट का छोरा ज्योति बाबा ने पिछले 35 वर्षों में लगातार सब सुखों को त्याग कर नशा मुक्ति युवा भारत के लिए 6000 से ज्यादा जन जागरूकता के कार्य बिना किसी सरकारी सहायता के किए हैं और ऐसा विषय ज्योति बाबा ने चुना जो सभी प्रमुख व्यक्तियों के लिए अछूत था लेकिन दृढ़ संकल्प व प्रखर मेधाशक्ति से बाबा ने वह कर दिखाया जो दूसरों के लिए असंभव लेकिन युवाओं के लिए प्रेरणादाई बन चुका है उपरोक्त बात सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के प्रदेश संयोजक व सहायक प्रादेशिक आयुक्त भारत स्काउट और गाइड लखनऊ राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक आर सी शर्मा ने गुड फूड रेस्टोरेंट बर्रा बायपास में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं,आर सी शर्मा ने जोर देकर कहा कि हम सभी ज्योति बाबा के नेतृत्व में स्काउट एंड गाइड के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से हुक्काबार से किशोर व युवाओं को बचाने के लिए विश्व तंबाकू निषेध दिवस से एक बड़ा अभियान छोड़ेंगे। पत्रकारवार्ता में मौजूद अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख योग गुरू ज्योति बाबा ने बताया कि नशा मुक्ति के क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने का पूरा श्रेय देश के समस्त नशा मुक्ति सेनानियों को देता हूं क्योंकि जिन्होंने भी नशा मुक्ति युवा भारत अभियान हेतु प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष मदद की है हम उन्हीं की बदौलत आज यह नाम दर्ज करवा पाए हैं, आज नशे के रोग से बच्चे को बचाना हर भारतवासी का धर्म बने, क्योंकि प्रत्येक बच्चा सुरक्षा का अधिकार, लैंगिक समानता का अधिकार, शिक्षा, सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य और पोषण के अधिकार का हकदार है। ज्योति बाबा ने अश्रुपूरित नेत्रों से बताया कि जब 35 वर्ष पूर्व एक पढ़े-लिखे नौजवान ने घर की इच्छा के विरुद्ध केसरिया वस्त्र धारण कर नशा मुक्ति युवा भारत के लिए काम करने का संकल्प किया था तो मैंने अपने को छोड़कर के लगभग सभी मित्रों व पारिवारिक जनों को कष्ट ही दिया था लेकिन आज मेरी इस सफलता पर मेरे माता-पिता देवलोक से



देखकर प्रसन्न हो रहे होंगे। मेरा संकल्प है कि भारत के बचपन को नशा, प्रदूषण, कुपोषण, हिंसा, बाल बंधवा मजदूरी व प्लास्टिक से बचाना। 11 को दिल्ली फरीदाबाद में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड,एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा,इस अवसर पर मिशन के सहयोगी डॉ धर्मेंद्र यादव व नशा मुक्ति सेनानी गीता पाल का भी विशेष सम्मान किया जाएगा। मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री प्रदीप केडिया एवं कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री के के दुबे मुन्ना ने कहा कि ज्योति बाबा की यह अखंड तपस्या, त्याग, सेवा और समर्पण का ही परिणाम है कि उन्हें देश और दुनिया में प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा पाए हैं हम विश्व तंबाकू निषेध दिवस के परिप्रेक्ष्य में तंबाकू मुक्त युवा में स्कूलों की भूमिका पर एक राष्ट्रीय सेमिनार कर नशा मुक्ति का शंखनाद करेंगे, जिससे हम कानपुर को तंबाकू व उससे संबंधित उत्पादों,हुक्काबारो के चलते मिले कैंसर सिटी के खिताब को धो सकेंगे,हम सभी स्कूल ज्योति बाबा के नशा मुक्ति युवा के श्रेष्ठ अभियान में तन मन धन से जुड़कर स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करेंगे। प्रेस वार्ता में वंश, कमल उत्तम, जूही हमीरपुर रोड व्यापार मंडल, उपेंद्र मिश्रा, नवीन गुप्ता, अमित श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

# देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा - पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा

- तीसरे चरण के मतदान में भी जाना सब कुछ भूल
- याद रखना सिर्फ नरेंद्र मोदी और कमल का फूल



**स्वतंत्र प्रभात**

**गौरीगंज अमेठी।** इन दिनों श्रावस्ती के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती अमेठी में चुनावी जन चौपाल को संबोधित कर भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में अमेठी लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चुनावी जनचौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है, और देश की जनता मोदी के साथ है उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के मतदान में सारी बातें जाना भूल सिर्फ याद रखना नरेंद्र मोदी कमल का फूल। आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर स्मृति इरानी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान में विश्वास रखती है,

उन्होंने कहा विकास की गति निरंतर बनी रहे इसके लिए भारतीय जनता पार्टी को मतदान करें। उन्होंने कहा कि स्मृति इरानी ने सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। विकास के बुनियादी ढांचा को मजबूत किया है आजादी के बाद से लेकर जो विकास अमेठी में नहीं हुआ उसे पूरा करने का काम किया है। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी देव प्रकाश पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रधान के खिलाफ डीएम को शिकायती पत्र सौंपा

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेल्हा के पंचायत सदस्यों ने शपथ पत्र सहित डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत में अधिकतर विकास कार्यों के नाम पर राशि को ग्राम प्रधान ने बिना प्रस्ताव पर हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाए ही फर्जी तरीके से हड़प लिया है। सदस्यों ने हेराफेरी में सचिव के भी शामिल होने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्रधान ने विकास कार्यों में घोर अनियमितताएं बरती हैं। ऐसी स्थिति में पंचायत सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर हुए हैं। सदस्यों ने ग्राम प्रधान विधु बैरागी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लिए सक्षम अधिकारी को आदेशित करने की मांग की है। शिकायती पत्र पर 13 ग्राम पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर हैं।

## हिंदुत्व की आड़ में जुल्म ज्यादती चरम पर है द्दमायावती ब स पा सुप्रीमो



**लखीमपुर खीरी।** राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में मंगलवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की आड़ में जुल्मङ्कज्यादती चरम पर है। मुसलमान और अन्य अल्पसंख्यक परेशान हैं। बसपा सुप्रीमो ने जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र कर चुनावी समीकरण साधा। बसपा सुप्रीमो ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अब इनकी नाटकबाजी, जुमलेबाजी या गारंटी काम में आने वाली नहीं है। क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि इनकी गारंटी और वादे जमीनी हकीकत में एक चौथाई तक पूरे नहीं हुए।खीरी सांसद ने किया किसानों का उत्पीड़न बसपा सुप्रीमो ने खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी पर भी हमला बोला। जिले के किसानों और सिख समाज का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के सांसद ने किसानों का उत्पीड़न किया। कहा कि मुझे मालूम है यहां सिख समाज के काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया है तब भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने ज्यादती की। किसानों को जुल्म ज्यादती का शिकार होना पड़ा है।

## भाजपा विधायक ने बोटो का प्रतिशत बढाने के लिये शक्ति केन्द्र कोटबारा मे वोटरों के साथ की बैठक




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** 28 लोकसभा खीरी के 139 विधानसभा गोला लोकसभा चुनाव के निमित्त प्रवासी मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना विधानसभा के लोकप्रिय विधायक उमेश मलिक ने मैलानी मंडल के शक्ति केंद्र हैदराबाद, शक्ति केंद्र कोटवारा सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक संपन्न की। चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। साथ मौजूद विधानसभा प्रभारी मनोज वर्मा मैलानी मंडल महामंत्री मिथिलेश मिश्रा शक्ति केंद्र संयोजक रमन सोनी, अभिषेक कुमार, बूथ अध्यक्ष जवाहरलाल, विनय गुप्ता, दीपा मिश्रा, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुधीर शुक्ला,मदन शिव गोपाल मिश्र, कैलाश वर्मा, राकेश कुमार, राम किशोर, उपेन्द्र मिश्रा, सत्येन्द्र सोनी, सालिकराम ग्राम वासी मौजूद रहे।

## BKS जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ


भारतीय किसान संगठन जिला अध्यक्ष लखीमपुर खीरी नरेंद्र कुमार वर्मा के उत्कृष्ट कार्यशैली के चलते भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेंद्र यादव जी ने पदोन्नति कर मंडल उपाध्यक्ष लखनऊ नियुक्त किया गया, इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेंद्र यादव जी ने कहा जिस प्रकार नरेंद्र कुमार वर्मा अभी तक किसान, मजदूर, गरीबों के हक़ की लड़ाई लड़ते हुए यहां तक पहुंचे इसी प्रकार मुझे आशा नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास भी है कि आगे निरंतर ही किसान,मजदूर,गरीब वंचित शोषित मजदूर की समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन तक पहुंचा कर समाधान कराएँगे।

# बाप बडा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया की तर्ज पर चल रहे विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी

**● मामला ईसानगर के बेलतुआ फीडर का है जहां हसनपुर कटौली में ?200000 की पूजा लेकर 11000 विद्युत लाइन का बगैर प्रस्ताव व एस्टीमेट पास कराए कर दिया गया स्थान परिवर्तन**

**किसने लिया शट डाउन और किन-किन विद्युत कर्मियों ने मिलकर बदली विद्युत लाइन अहम सवाल**

**यदि जे ई सुधीर गुप्ता दोषी नहीं तो इनका स्थानांतरण उसी समय क्यों? ऊपर तक गई सुविधा शुल्क के चलते मामले पर पर्दा डालने में जुटे उच्च अधिकारी -सूत्र**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला विद्युत विभाग ईसानगर क्षेत्र के हसनपुर कटौली का है। जहां पर जे ई व लाइनमैन की मिली भगत के चलते नियम कानून को ताक पर रखकर व्यापारी सुनील कुमार मौर्य से भारी भरकम सुविधा शुल्क लेकर 11000 विद्युत लाइन का स्थान परिवर्तन कर दिए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है। वह भी बगैर सर्वे कराए और बगैर प्रस्ताव व एस्टीमेट पास कराए ही बदली गई उक्त लाइन। मामला का खुलासा होने पर मामले पर पर्दा डालने व मामले को शांत करने की मंशा से जे ई सुधीर कुमार गुप्ता का आनन फानन में ट्रांसफर करके बेल्तुआ फीडर पर तैनात संविदा लाइनमैन की सेवा समाप्त कर दी गई। गौर तलब हो कि घटना दिनांक 18 फरवरी 2024 की है जब जेई सुधीर कुमार गुप्ता के संरक्षण में लाइनमैन अशोक साहू व एसडीओ मनोज कुमार कुसुम्हरिया की साठ गांठ से व्यापारी सुनील कुमार मौर्य के घर के ऊपर से निकली विद्युत लाइन 11000 का स्थान परिवर्तन करके फर्जीवाडा कर डाला गया ।अपनी व अपने कमाऊ लाइनमैन की गर्दन फसते देख निर्दोष और दूसरे फीडर यानी बेल्तुआ फीडर पर तैनात संविदा कर्मी राकेश कुमार को नौकरी से निकाल दिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। लोग बताते हैं कि उक्त विद्युत लाइन से आसपास के लगभग 60 से 70 गांव को विद्युत आपूर्ति होती थी जिसका स्थान परिवर्तन करके एयरटेल टावर के लिए दी गई प्राइवेट लाइन से जोड कर फर्जीवाडा किया गया। यह है लाइन बदलने की प्रक्रिया विद्युत लाइन का स्थान परिवर्तन करने से पूर्व सर्वे कराया जाता है। और उसके बाद प्रस्ताव पास कराकर एस्टीमेट पास कराया जाता है। उसके बाद बजट स्वीकृत होने के बाद लाइन का स्थान परिवर्तन कर दिया जाता है। लेकिन यहां पर बगैर किसी विधिक प्रक्रिया अपनाए ही लाइन बदल दी गई ।यहां पर सवाल यह उठता है कि आखिर प्रस्ताव व एस्टीमेट क्यों पास नहीं करवाया गया? और मामले के खुलासे के समय समाचार पत्र के संवाददाता को दिए गए वर्जन में जे ई व एसडीओ ने क्यों झूठ बोला कि प्रस्ताव पास हुआ है ।और एस्टीमेट भी बनवाया गया है। लेकिन हकीकत के धरातल पर कुछ भी बना ही नहीं है।यह मैं नहीं कहता हूं आपके जे ई साहब का ही हाल ही में दिया गया वर्जन है क्या कारण रहा की जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा झूठ बोला गया। किन कारणों से मामले पर पर्दा डाला जाता रहा ।इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर किसी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं।

**शिकायतकर्ता द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम से मांगी गई है सूचनाएं**

उपरोक्त मामले में उच्च अधिकारियों द्वारा पूर्व में दिए गए बयान में कहा गया कि एस्टीमेट पास है प्रस्ताव हुआ है ।और बजट भी स्वीकृत होने की बात कही गई थी। उक्त के संदर्भ में आरटीआई के तहत एस्टीमेट व प्रस्ताव की छाया प्रति चाही गई है। तथा स्वीकृत बजट व सर्वे करने वाले अफसर का नाम व पदनाम की जानकारी भी चाही गई है। सूचनाएं मिलने के बाद झूठ का पर्दा फास तो होगा ही साथ ही साथ भ्रष्टाचार एवं इसमें लिप्त लोगों के चेहरे होंगे बेनकाब और आएगी जे ई सुधीर गुप्ता पर कार्यवाही की आंच।

**सीएम पोर्टल पर शिकायत कर मामले में जांच कराए जाने की मांग**

उपरोक्त 11000 विद्युत लाइन का स्थान परिवर्तन किए जाने के मामले में किए गए फर्जी वाडा, रिश्वतखोरी की दम पर खेले गए खेल की उच्च स्तरीय जांच करा कर आवश्यक कार्यवाही कराए जाने की मांग शिकायतकर्ता द्वारा की गई है। अब देखना यह है कि मामले की जांच कराई जाएगी या फिर पहले की भांति मामले की लीपा पोती करके मामले को रफा दफा कर दिया जाएगा। लाइन तो शिफ्ट हुई है लेनदेन का प्रकरण भी सामने आया है जेई पर डिपार्टमेंटल कार्यवाही हो रही है चार्जशीट दी गई है। आरोप पत्र देकर जवाब मांगा गया है मामले की जांच को लेकर दो लोगों की कमेटी बनाई गई है। जिसमें अधीक्षण अभियंता विद्युत मितौली अमित कुमार को अध्यक्ष बनाया गया है। एसडीओ विकास यादव को नामित किया गया है। आपकी खबर का संज्ञान लेकर एसडीओ को अशोक साहू के नाम लेटर भेजा गया है। जेई दोषी है इन पर कार्रवाई तो निश्चित होनी है। भारत कुमार गौतम अधीक्षण अभियंता निघासन


# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी शहरी पीएम आवास योजना

**● भ्रष्ट सर्वेयरोऔर डीसी विनय श्रीवास्तव की ताल पर थिरकते नजर आ रहे परियोजना अधिकारी डूडा**

**गोला गोकर्णनाथ के तीर्थ मोहल्ला में आवास लाभार्थी रहता ही नहीं और बगैर आवास बने ही पैसा का हो गया बंदर बांट**

**लखीमपुर में शिव कॉलोनी तथा अन्य जगहों पर कई आवास बनवाए बगैर ही पैसा कर लिया गया हजम आवास का अता पता नहीं**

**परियोजना अधिकारी डूडा जांच करने की बजाय शिकायती प्रार्थना पत्रों को ही करवा रहे गायब**



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना शहरी पीएम आवास योजना परियोजना अधिकारी समेत डीसी सर्वेयर की कमाई का जरिया बनकर रह गई है ।पीएम शहरी आवास योजना में प्रति आवास आम रेट 20000 से ?30000 प्रति आवास की दर से की गई वसूली से जहां जिम्मेदार अल्प समय में लाखों और करोड़ों के स्वामी बन गए। पैसा लेकर पात्रों और साधन संपन्न रिश्तेदारों को आवास का लाभ देने के साथ-साथ लगभग दो सौ से 250 प्रधानमंत्री आवास आउट ऑफ यु एल बी दिए गए हैं। धनवल की दम पर सभी में भ्रामक एवं फर्जी जांच रिपोर्ट लगा दी गई है ।जिसकी फर्जी एवं भ्रामक होने की पुष्टि सत्यापन में होगी। इतना ही नहीं दर्जनों ऐसे आवास हैं जिनका कहीं भी अता-पता नहीं है। कि यह कहां बने हैं? बने हैं अथवा नहीं बने हैं? आवास लाभार्थी का कोई अता पता नहीं लेकिन फर्जी जिओ टेक करके पैसे का बंदर बात कर लिया गया। लेकिन जिओ टैग करने वाले सर्वेयर व डीसी को भी यह नहीं मालूम है कि आवास कहां बने हैं ?और आवास लाभार्थी कहां रहते हैं? सारा फर्जीवाडा परियोजना अधिकारी डूडा के संरक्षण में किए जाने की चर्चाओं का बाजार गर्म है ।इसका जीता जागता उदाहरण गोला गोकर्णनाथ के तीर्थ मोहल्ला में देखा जा सकता है ।जहां पर आवास की लाभार्थीनी को आवास दिया गया तीनों जियोटेक भी हुआ भुगतान भी निकालकर बंदरवाट कर लिया गया पर आज तक आवास लाभार्थी का आता-पता किसी को नहीं है ।कहां रहती है और आवास कहां बना है ?क्या परियोजना अधिकारी डूडा जियो टैग करने वाले सर्वयरों से जानकारी लेकर बताएंगे कि उक्त आवास लाभार्थी कहां रहती तथा इसका आवास कहां बना है?

**फिर सामने आया आवास के नाम पर 35000 रुपए लिए जाने का मामला**

शहरी पीएम आवास योजना में कायम दलालों का साम्राज्य और अवैध वसूली का खेल थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक नया मामला फिर खुलकर सामने आया है जो परियोजना अधिकारी की कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी की पोल खोलने को काफी है ।मामला शिव कॉलोनी निवासी आवास लाभार्थी ने गीता चौरसिया से जुड़ा है जहां पर गीता चौरसिया को आवास का लाभ देने के नाम पर एक चर्चितकथित दलाल जिसका नाम मनोज कुमार शुक्ला बताया जाता है द्वारा?35000 की अवैध वसूली किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है और यह खेल जिम्मेदारों के संरक्षण में खेले जाने का बताया जाता है ।सूत्रों का कहना है आवास के नाम पर अवैध वसूली के खेल की पूरी जानकारी परियोजना अधिकारी को है लेकिन वह इस पर लगाम लगा पाने में पूरी तरह से सफल दिखाई पड़ रहे हैं। परियोजना अधिकारी डूडा पर अवैध वसूली करने वालों को संरक्षण देने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

**आवासों का अता पता नहीं और पैसा निकलकर हजम**

जनपद लखीमपुर खीरी में शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए भ्रष्टाचार की बात करें तो शायद यह अब तक का जिले का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार साबित होगा ।यदि इसकी उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर संपूर्ण जनपद में दिए गए शहरी आवासों की करा ली जाए जांच और कराया जाए स्थलीय सत्यापन तो कई करोड़ रुपए के घोटाले का पर्दाफास होना होगा तय। कागजों पर आवास बने दिखाकर दरजनो आवासौ का पैसा आपस में बांट लिया गया। सूत्र बताते हैं इसमें परियोजना अधिकारी डूडा से लेकर सी एल टीसी ,डीसी व सर्वेयरो तक पैसा जाने के चलते आज तक जांच नहीं कराई जा रही है। यदि हम बतौर बानगी की बात करें तो नगर पालिका परिषद लखीमपुर के अंतर्गत चार-पांच ऐसे आवास हैं जो आज तक बने ही नहीं है पैसा निकाल कर हजम कर लिया गया ।वहीं गोला में मोहल्ला तीर्थ में एक आवास ऐसा दिया गया है वहां लाभार्थी कभी रहता ही नहीं है। कागज पर फर्जी तरीके से आवास दिखाकर आवास का पैसा डकार गया है। ऐसा सूत्रों का आरोप है।

**भीरा सभासदों ने डिप्टी सीएम से की डीसी विनय श्रीवास्तव की अवैध वसूली की शिकायत के बाद भी नहीं कराई गई जांच और कार्यवाही**

गत माहपूर्व नवगठित नगर पंचायत भीरा र के नवनिर्वाचित आधा दर्जन सभासदों द्वारा डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास पर जाकर पीएम आवास शहरी योजना में प्रति आवास ?30000 की अवैध वसूली के आरोप लगाए थे ।और मामले की जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी ।डिप्टी सीएम को दिए गए शिकायती पत्र में सभासदों ने डीसी अरिनेम कंपनी विनय श्रीवास्तव पर प्रति आवास ?30000 की अवैध वसूली करने का आरोप लगाने के साथ-साथ पैसा ना दे पाने वाले लाभार्थियों की दूसरी किस्त में आपत्ति दिखाकर किस्त रोक दिए जाने के गंभीर आरोप भी लगाए गए थे। लेकिन परियोजना अधिकारी की हठधर्मिता के आगे आज तक जांच नहीं कराई गई। शायद परियोजना अधिकारी डूडा के सामने डिप्टी सीएम कोई मायने ही ना रखते हो जो उच्च अधिकारियों के यहां से आने वाले शिकायती पत्रों की जांच कराने की वजाय उनको रद्दी की टोकरी में फेंक दिया जाता है। शीघ्र ही लोकायुक्त उत्तर प्रदेश के समक्ष परिवाद प्रस्तुत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की बात प्रकाश में आई है। शिकायतकर्ता विशाल पांडे ने उक्त मामले में शासन प्रशासन को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र की शासन व प्रशासन एवं शपथ पत्र के साथ शिकायत कर मामलों के दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग करने की बात मीडिया में कही है।

# गैस सिलिंडर का पाइप लीक होने से होटल में लगी आग, नौ झुलसे

स्वतंत्र प्रभात



**पूरनपुर घुंघचाई।** थाने के सामने चाय-नाश्ते, मिठाई के होटल में गैस सिलिंडर के पाइप से निकली आग से बड़ा हादसा हो गया। होटल के अलावा पड़ोस में रखा पान का खोखा, परचून की दुकान में आग लग गई। आग में होटल स्वामी, उसका पुत्र, ग्राहक, पान के खोखे पर बैठे युवक सहित नौ लोग झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे चार लोगों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

घटना सोमवार को दिन में तीन बजे हुई। थाने के सामने गांव निवासी वीरेंद्र श्रीवास्तव का होटल है। वीरेंद्र ने बताया कि घटना के समय आलू उबालने जा रहा था। इस दौरान सिलिंडर के पाइप से निकली लपट ने होटल को चपेट में ले लिया। आग में घिरने से होटल स्वामी वीरेंद्र श्रीवास्तव, उसका पुत्र दुर्गेश, होटल पर बैठा ग्राहक हीरालाल और होटल कर्मचारी अजय गंभीर रूप से झुलस गए। आग ने पड़ोसी अरविंद के पान का खोखे और जीवन लाल की किराना दुकान को भी चपेट में ले लिया। पान के खोखे पर बैठा गांव निवासी अमित भी आग की चपेट में आ गया। इसके अलावा मोनू वर्मा, प्रेमपाल व एक अन्य अजय नाम युवक भी गंभीर रूप से झुलस गया।

# बिजली चोरी पकड़ने गए जेई से मारपीट महिला नेता ने लगाया छेड़खानी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**पूरनपुर।** बिजली चोरी पकड़ने के लिए घर में महिला नेता के घुसना विद्युत विभाग के जेई को महंगा पड़ गया। बंद घर में हुई मारपीट में जेई और महिला नेता घायल हो गए। महिला नेता ने जेई व उनके साथियों पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। बाद में सीएचसी पर और फिर कोतवाली गेट पर हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने जेई को दो बार पीटा। हिंदूवादी नेताओं ने महिला नेता की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर कोतवाली गेट पर प्रदर्शन कर जाम लगाया। महिला नेता ने पड़ोस में रहने वाले युवक और उसकी मां पर जान से मारने की नीयत से हमला कर सिर पर लोहे की रॉड और गले पर चाकू से वार करने का आरोप लगाया है। जेई ने भी महिला नेता पर बिजली चोरी करने और बंधक बनाकर पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला नेता और जेई का मेडिकल कराया है।

सोमवार को दिन में 12 बजे बिजली चोरी की सूचना पर उप खंड अधिकारी शशांक कांडपाल के नेतृत्व में जेई जयपाल, दानिश खां, अखिलेश यादव, हरीशंकर, महेंद्र कुमार, प्यारेलाल एक कॉलोनी में एक महिला नेता के घर पहुंचे। बिजली कर्मियों ने घर का गेट खुलवा कर चेकिंग की बात की। महिला नेता ने घर में पति के न होने और उनके आने के बाद चेकिंग करने के लिए कहा। आरोप है कि दरवाजा खुलते ही जेई घर के अंदर घुसकर ऊपरी मंजिल पर जा पहुंचे। महिला नेता ने घर में घुसे अन्य बिजली कर्मियों को बाहर निकालकर दरवाजा बंद कर लिया।


# लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने जगह-जगह किया बहिष्कार कुछ स्थानों पर जनप्रतिनिधि अधिकारियों के आश्वासन पर शुरू हुआ मतदान

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली/**यहां की दो लोकसभा सीटों पर आज मतदान हुआ इसमें बरेली लोकसभा सीट एवं आंवला लोकसभा सीट पर चुनाव हुआ मतदान के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्य न होने से नाराज़ होकर चुनाव बहिष्कार किया इसकी भनक लगते ही प्रशासनिक अधिकारी संबंधित मतदान केंद्रों पर पहुंचे और मतदाताओं को समझने का प्रयास किया। अधिकांश जगहों पर प्रशासनिक अधिकारी मतदाताओं को समझने में सफल रहे तो कहीं-कहीं पर जनप्रतिनिधि भी जनता को समझने में सफल हुए इसी क्रम में बरेली लोकसभा सीट के सीमावर्ती ग्राम जारपा मोहनपुर एवं ग्राम पंचायत पेहना पेहनिया के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया जिसको लेकर प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों के हाथ पैर फूल गए ।

अंत में जारपा मोहनपुर पर दो ग्रामीणों ने मतदान किया तो पेहना पर 12 लोगों ने मतदान किया इसी क्रम में प्रहलादपुर के ग्रामीणों ने भी बहिष्कार किया परंतु प्रशासन के समझाने के बाद दोपहर बाद मतदान शुरू हुआ इसी क्रम में सीबीगंज के गोकलपुर गांव में सड़क न बनने के विरोध में इसी तरह आंवला लोकसभा सीट पर जगतपुर में भोजीपुरा के गांव नगमा मीरगंज के गांव खमरिया में पुल निर्माण बिशारतगंज के गांव डकोरा मजगामा के गांव रामपुर खुर्द में भी ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया तो प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के आश्वासन पर ग्रामीणों ने मतदान शुरू किया शेरगढ़ के गांव रहमत नगर गोटिया निजात नगर गोटिया में भी ग्रामीणों ने विरोध किया यहां पर भी जनप्रतिनिधियों के समझाने पर ग्रामीणों ने मतदान प्रारंभ किया।



**कहां कितना मतदान**

बरेली लोकसभा सीट पर हुए मतदान की मीरगंज में 59.3 भोजीपुरा में 61त्न नवाबगंज में 59.8 प्रतिशत बरेली शहर में 46.8 परसेंट मतदान हुआ। इसी तरह आंवला लोकसभा सीट पर फरीदपुर में 55.8 बिथ्री चैनपुर 56.4 परसेंट बरेली कैंट 40 पॉइंट 4 परसेंट आंवला मैं 55 पॉइंट एक प्रतिशत मतदान हुआ इस जनपद की दोनों लोकसभा सीटों के लिए हुए मतदान में शांति बनी रही इसकी निगरानी के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भूले सुशील चंद्रभान बराबर भ्रमण कर निगरानी करते रहे इसके लिए लगाई गई पारा फोर्स के साथ-साथ ही पुलिस की भी अहम भूमिका रही।

# सरकारी जमीन पर बाबू कबाडी ने किसके सह पर किया अवैध कब्जा अहम सवाल

**● ना नक्शा और ना ही 143 पास, तालाब की भूमि को पाट कर किया जा रहा पक्का निर्माण कार्य**

**ग्राम प्रधान सैधरी और चेत्रीय लेखपाल की मिली भगत तथा भारी भरकम चढ़ावा चढ़ावा कर बाबू कबाड़ी को कराया गया लगभग 20 लाख रुपए से ज्यादा की कीमत की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा**

**कुंभकर्णी नींद में सो रहा तहसील प्रशासन भू माफिया तालाबों का अस्तित्व मिटने पर आमादा**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील लखीमपुर की ग्राम पंचायत सैधरी का है ।जहां पर पलिया बस अड्डा के थोड़ा आगे भीरा- पलिया मार्ग पर राहुल ट्रेवल्स एजेंसी के ठीक सामने स्थित तालाब की ग्राम समाज की बेसकीमती सरकारी जमीन पर कथित भूमफिया बाबू कबाड़ी द्वारा अवैध कब्जा करके उस पर दुकान व मकान का पक्का अवैध निर्माण करा लिया गया। सूत्र बताते हैं की तहसील प्रशासन व जिला अधिकारी खीरी के नाक के नीचे तालाब के आशिक भाग को पाट कर उस पर दुकान और मकान का निर्माण कराया जाता रहा और तहसील प्रशासन मूकदर्शक बना सब कुछ देखता रहा ।लोग बताते हैं कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बाबू कबाड़ी से मोटी रकम इसके एवज में वसूल की है ।और ग्राम प्रधान का तो कहना ही क्या? शायद ग्राम प्रधान और लेखपाल सहित तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों पर सीएम योगी आदित्यनाथ व सर्वोच्च न्यायालय तथा एंटी भू माफिया का असर ही ना पड़ता हो। अल्प समय में अकूत धन हासिल करने की हसरत में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कथित भूमाफियाओं को मिल रहे अपर संरक्षण के चलते अधिकांश तालाबों को पाट कर भूमाफिया और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध कब्जे किए जाने का खेल बदस्तूर जारी है। जिम्मेदारों की इस लापरवाह एवं



खाऊ कमाऊ नीति के चलते शहर में सरकारी जमीनों व तालाबों तथा श्मशान आदि का नामोनिशान मिटता जा रहा है।शहर के अधिकांश तालाबों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है ।और इन पर भू माफिया की प्लाटिंग व बड़ी-बड़ी इमारतें बनी देखी जा सकती हैं। मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से करके अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की गई है। तथा सरकारी जमीन पर कराए गए अवैध पक्के निर्माण को ध्वस्त कराकर सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराए जाने की मांग की है देखना अब यह है की तहसील प्रशासन इस अवैध कब्जे को हटवाने में कहां तक कामयाब होता है या फिर मामले की लीपापोती करके फाइल को बंद कर दिया जाएगा।

# 9 मई को गोला के नीलकंठ मैदान में 1बजे युवा वाल्मीकि सम्मेलन

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** युवा वाल्मीकि स्वाभिमान सम्मेलन 9 मई 2024 को गोला के नीलकंठ सभागार में होगा । यह जानकारी देते हुए चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ ने कहा कि बजे से वाल्मीकि समाज के युआवों के सामाजिक , आर्थिक , शैक्षिणिक व स्वाभिमान के लिए समर्पित होगा। चंदन लाल वाल्मीकि ने कहा इस युवा वाल्मीकि स्वाभिमान सम्मेलन के मुख्य अतिथि मा0 अजय मिश्र टेनी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार होंगे । विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ल %रिंकू % अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला , कीर्ति महेश्वरी अध्यक्ष नगर पंचायत मैलानी होंगी ।सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जगमोहन लाल वाल्मीकि , राम प्रसाद वाल्मीकि , रतन लाल वाल्मीकि , कुंवर विकेंस, राज किरन, अजय महाजन , इंजी कुंवर आयुष्मान ने गोला की सभी वाल्मीकि वस्तियों के अलावा , मैलानी ,कुकरा , संसारपुर ,अहमदनगर , बांकेगंज , अजान ,अमेठी , मूड़ा सवारान , गुलरिया , पड़रिया तुला , भीखमपुर ,मूड़ा , सिकंदराबाद , ममरी,बिजुआ , मुड़िया हेमसिंह , रैनागंज , रमपुरवा,वैवहा वैनी, जम्हौरा , घरथनिया , अलीगंज ,कुशमौरी , ओयल, मिल कॉलोनी में संपर्क कर वाल्मीकि नौजवानों को साधने का काम किया है।

चंदन लाल वाल्मीकि ने कहा सम्मेलन में युवाओं के साथ विजय शुक्ला रिंकू का विशेष सम्मान होगा। जगमोहन लाल वाल्मीकि ने कहा कि नगर पालिका परिषद गोला में जब से विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन बने हैं तब से सफाई कर्मचारियों की समस्याएं कम हुई हैं। उत्तरप्रदेश की गोला पहली ऐसी तहसील है जहां सेवा निवृत्त सफाई कर्मचारियों को उनके सेवा के बाद सेवानिवृत्त के दिन एक मुश्त लाखों में भुगतान किया जाता है। गोला के युवाओं के लिए यह सम्मेलन उत्साह पूर्ण है।



# संक्षिप्त ख़बरें

## सिंचाई विभाग नहीं दे रही है ध्यान ट्यूबवेल की नाली हुई पूरी तरीके से खराब



**जनपद भदोही** के ब्लॉक अभोली अंतर्गत ग्राम शेरपुर गोपलहा स्थित ट्यूबवेल की नाली पूरी तरीके से खराब हो चुकी है टूट-फूट कर बता दे की आए दिन किसान रहते हैं परेशान सिंचाई विभाग नहीं दे रहा है इस पर ध्यान बता दे की कलापुर में स्थित ट्यूबवेल पंप है जोकि वह भी खराब पड़ा है मिश्रईनपुर गांव तथा उसके बॉर्डर से होकर शेरपुर गोपलहा तक के किसानों को सिंचाई करवाती थी परंतु इस समय वह अपने बदहाल स्थिति में मस्त है बता दे की आए दिन इस पर लोग कब्जा भी कर लिए हैं नहीं दे रहा सिंचाई विभाग ध्यान है किसान बहुत परेशान बता दे की नाली से लगभग 200 बीघा कि खेती होती थी परंतु इस समय नाली पूरी तरीके से जर्जर हो चुकी है ऐसे में किसान बहुत है परेशान बता दे की।

**रामबाबू का कहना है कि जब से नलकूप बिगड़ा है वह नाली क्षतिग्रस्त हुई है तब से खेती करना बहुत ही मुश्किल हो चुका है**

बृजेश कुमार का कहना है कि इस नाली के किनारे पर कीमती पेड़ शीशम, नीम भी है जिसको सरकार नीलाम कर इन कार्यों में आर्थिक रूप से धन का लाभ ले सकती है और इसकी मरम्मत करा कर जल्द से जल्द किसानों तक सिंचाई का प्रबंध उनके खेत तक हो सकता है।

## जनपदीय 112 में नियुक्त आरक्षी की पत्नी द्वारा किराए के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या

आज दिनांक-07.05.2024 को प्रातः आरक्षी रत्नेश कुमार पीएनओ नं0-152160023 द्वारा थाना ज्ञानपुर पर सूचना दी गई कि उनकी पत्नी प्रियंका चौधरी उम्र करीब 30 वर्ष पुत्री छेदीलाल निवासी शहर कोतवाली गाज़ीपुर जनपद गाजीपुर रात्रि में कमरे में पंखा से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। आरक्षी रत्नेश कुमार वर्तमान में जनपदीय-112, पीआरवी-2288 पर नियुक्त है एवं पत्नी के साथ थाना ज्ञानपुर के पीछे किराए का कमरा लेकर रहते हैं। आरक्षी की वर्ष 2019 में शादी हुई है, अभी कोई बच्चे नहीं थे। मायके वालों को सूचना दे दी गई है। स्थानीय पुलिस व फोरेंसिक टीम द्वारा शव को कब्जे में लेकर जांच व अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**कम्पोजिट विद्यालय विदापुर के बच्चों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली**



**सीखड संवाद।** शत प्रतिशत मतदान करने हेतु विकास खण्ड अर्न्तगत कंपोजिट विद्यालय विदापुर के बच्चों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। बच्चों द्वारा नारा लगाया की सारे काम छोड़ दो ,एक जून को वोट दो, छोड़ो अपने सारे काम चलो करें पहले मतदान, शत-प्रतिशत मतदान लोकतंत्र की शान जैसे सोलोगन तख्ती पर लिखे नारे के साथ मंगलवार को प्रधान प्रतिनिधि खरपत्तु राम व प्रधानाध्यापक प्रकाश बाबू आजाद द्वारा हरी ठंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।रैली में शीतला प्रसाद आर्य, संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, महेश दत्त उपाध्याय, धीरज त्रिपाठी ,अंशु सिंह ,चंद्रावती देवी, मनोज त्रिपाठी, अमरजीत सहित विद्यालय के बच्चे तथा सैकड़ों ग्रामीण लोग मतदाता जागरूकता रैली में शामिल रहे।

## पत्नी के गायब होने पर पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी


**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव निवासी भुअर पाल ने अपनी 75 वर्षीया पत्नी इतवरिया देवी के घर से अचानक गायब होने पर मंगलवार शाम को गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने पत्नी का पता लगाने की गुहार लगाई है।दी गई तहरीर में गायब महिला के पति ने बताया कि पत्नी की मानसिक हालत ठीक नहीं चल रही थी बीते चार मई को पत्नी घर से अचानक गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी पत्नी का कहीं पता नही चल सका । लापता महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार सरोज ने बताया कि महिला के गायब होने पर उसके पति की तहरीर पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

# समस्त प्रत्याशी/अधिकृत एजेंट व्यय रजिस्टर की जांच कराने हेतु कोषागार कार्यालय में 14,18,23 मई को हो उपस्थित9 रिटर्निंग ऑफिसर

**● अपने व्यय रजिस्टर एवं मूल बिल /बाउचर खोले गए बैंक खाते की फोटो कॉपी सहित 14,18,23 मई को कोषागार कार्यालय में समस्त प्रत्याशी/अधिकृत एजेंट कराए जांच**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 07 मई 2024-** रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन में प्रतिभाग कर रहे समस्त प्रत्याशियों के ब्यय रजिस्टर की जाँच हेतु कलेक्ट्रेट भवन के कोषागार कार्यालय में दिनांक 14 मई 2024, दिनांक 18 मई 2024 एवं दिनांक 23 मई 2024 को मा0 ब्यय प्रेक्षक द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी के ब्यय रजिस्टर के निरीक्षण का कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रत्येक अभ्यर्थी अथवा उसके अधिकृत निर्वाचन एजेन्ट के माध्यम से लेखा टीम / सहा0 ब्यय प्रेक्षक / मा0 ब्यय प्रेक्षक के सामने अपने ब्यय रजिस्टर एवं मूल बिल / वाउचर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक (ब्यय रजिस्टर एवं वाउचर्स की एक फोटो प्रति सहित) तथा निर्वाचन हेतु खोले गये बैंक खाते की फोटों प्रति के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी अथवा उसके अधिकृत निर्वाचन एजेन्ट अपना निर्वाचन ब्यय रजिस्टर निर्धारित तिथि को प्रस्तुत नही करते हैं तो उसे लिखित में नोटिस जारी किया जायेगा। यदि नोटिस में विर्निदिष्ट तारीख को फिर से निरीक्षण के लिए रजिस्टर प्रस्तुत करने में असफल होते



हैं तो यह माना जायेगा कि वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के अंतर्गत अपेक्षित दैनिक निर्वाचन ब्यय के लेखे रखने में असफल रहें हैं। इसके लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 171-1 के अधीन सक्षम न्यायालय में शिकायत दर्ज की जायेगी एवं अभ्यर्थी को वाहन प्रयोग करनें के लिए दी गयी अनुमति वापस ले ली जायेगी।

# प्रेक्षकगणों, रिटर्निंग आफिसर, पुलिस अधीक्षक के साथ निर्वाचन विचार विमर्श पर राजनीतिक पदाधिकारियों/प्रत्याशियों की बैठक हुई सम्पन्न

**● राजनीतिक पदाधिकारियों/प्रत्याशियों के सहयोग व सुझाव से ही सकुशल सम्पन्न होगा निर्वाचन- प्रेक्षकगण**

**भारत निर्वाचन आयोग के नीति निर्देशों का अक्षरशः होगा पालन- सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम**

**सभी प्रत्याशी दिये गये व्यय रजिस्टर में अंकित करें, अपना समस्त खर्च- व्यय प्रेक्षक**

**शान्तिपूर्ण, सुरक्षित व स्वस्थ माहौल में सम्पन्न होगा निर्वाचन- पुलिस प्रेक्षक**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 07 मई 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में एवं रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन की उपस्थिति में निर्वाचन के सम्बन्ध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों/प्रत्याशियों के साथ विचार विमर्श विषयक बैठक कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुआ। मा0 प्रेक्षकगणों ने उपस्थित पदाधिकारियों/प्रत्याशियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके सुझाव सलाह को गम्भीरता से सुनते हुए उनके शिकायतों का निस्तारण करने का आश्वस्त किया। प्रेक्षकगणों का मोबाइल नम्बर व मिलने का समय मीडिया में प्रकाशित कराने के साथ ही उपस्थित लोगों को उनकी डिटेल्स सूची उपलब्ध करायी गयी। सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम ने पदाधिकारियों/प्रत्याशियों भरोसा दिलाया कि 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के नीति निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता के अनुरूप शान्तिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न होगा। यह बिना आपके सहयोग व सुझाव के करा पाना सम्भव नही है। उन्होंने बताया कि आपकी सुविधा के लिए ''सुविधा एप्प'' विकसित किया गया है। जिसपर आप निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त प्रकार की अनुमति हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निर्वाचन को प्रभावित करने हेतु कही भी नगदी/शराब/प्रलोभन सामग्रियों का वितरण हो रहा हो तो आप तुरन्त सी-विजिल एप्प पर फोटो/वीडियों अपलोड करें। ससमय सीमा में शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया जायेगा। सी-विजिल एप्प के सम्बन्ध में यदि किसी को और अधिक जानकारी चाहिए होगी तो वे निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क करें। मतदान व मतगणना प्रक्रिया नियमों के अनुरूप सम्पादित की जायेगी। आप द्वारा जो भी पोलिंग एजेंट बूथ पर लगाये जाय वे सलिके से कपड़े पहने रहे, और अपना पोलिंग एजेंट का पास निर्धारित स्थान पर लगाये रखना सुनिश्चित करें। जिस टेबल पर उनको लगाया जाय उसी टेबल पर ही रहें। उन्होंने समस्त राजनीतिक पदाधिकारियों/प्रत्याशियों को 11 मई को एनआईसी सभागार में होने वाले ईवीएम, बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट, वीवीपैट के सेकेण्ड रैण्डमाईजेशन के लिए आमंत्रित किया।

यय प्रेक्षक शशिभूषण ने निर्वाचन में प्रत्याशियों के व्यय/खर्चे पर सबका ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया कि प्रत्याशी द्वारा चुनाव प्रबन्धन में प्रयोग होने वाले सभी सामग्रियों की रेट सूची निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गयी है। साथ ही दिये गये चेकलिस्ट में अंकित है कि आपको क्या-क्या करना है। सभी प्रत्याशियों ने निर्वाचन के दृष्टिगत बैक में खोले गये नये खाते के द्वारा ही आय व्यय का विवरण रखें, व चेक के माध्यम से भुगतान करें। आपको दिये गये रजिस्टर में अपने समस्त खर्चो का ईमानदारी पूर्वक अंकन करें, जिससे प्रशासन द्वारा स्वयं से बनाये गये शैडो रजिस्टर जिसमें वीडियों निगरानी टीम व अन्य टीमों द्वारा आपके किये जा रहे खर्चो पर निगरानी रखते हुए व्यय अंकित किया जाता है। आपके रजिस्टर व शैडो रजिस्टर के मिलान में समानता हो मतभेद न हो। व्यय रजिस्टर के जॉच हेतु प्रत्याशी/अधिकृत एजेंट को निर्धारित तिथियों 14, 18, 23 मई को कोषागार कार्यालय में उपस्थित होकर जॉच कराना सुनिश्चित करें। चुनाव बाद भी 28, 29 मई को व्यय रजिस्टर का मिलान होगा। बाद में गलती से बेहतर है कि व्यय सम्बन्धित किसी भी बिन्दु पर कोई डाउट हो तो मुख्य कोषाधिकारी से सम्पर्क कर पूछ ले।

पुलिस प्रेक्षक संध्या रानी मेहता ने सभी पदाधिकारियों/प्रत्याशियों को आश्वस्त किया कि कानून व्यवस्था व सुरक्षित माहौल में निर्वाचन सम्पन्न होगा। जिसके लिए जनपद भदोही पुलिस पूरे प्लान के साथ क्रियान्वित कर रहा है। जनपद के तीन विधानसभाओं सहित प्रयागराज के हण्डिया व प्रतापपुर के लिए भी किये गये पुलिस बलों की प्लानिंग का उन्होंने अवलोकन कर सम्बन्धितों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि क्रिटिकल बूथों के लिए अलग से विशेष प्लान तैयार किया गया है। पिछले लोकसभा के निर्वाचन का भी विशलेषणात्मक अध्ययन किया गया है। जिसके दृष्टिगत सम्बन्धित व्यक्तियों पर पाबंद की कार्यवाही करते हुए उस क्षेत्र में अत्यक्षित पुलिस बल की तैनाती की जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने निर्वाचन में किये गये तैयारियों से उपस्थित सदन को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 प्लस सीनियर सीटिजन व 40 प्रतिशत से अधिक ग्रसित दिव्यांगजन को घर से ही मतदान करने की सुविधा के दृष्टिगत पॉचों विधानसभा में कुल 13497 फार्म डी का वितरण किया गया था। जिसमें से 791 मतदाताओं ने घर से ही मतदान करने हेतु फार्म भरकर दिया है। जिनका मतदान लगाये गये 30 टीमों द्वारा 18, 19, 20 मई को उनके घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करायेगे। पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि आपके सलाह व सहयोग के साथ ही जनपद में पूर्ण रूप से कानून व्यवस्था के आवरण में निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्वक रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ पूर्ण कर ली गयी है। जिसका तेजी के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

उपस्थित राजनीतिक पदाधिकारियों/प्रत्याशियों द्वारा बताये गये समस्याओं, सुझावों, सलाहों को सदन द्वारा गम्भीरता से सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने हेतु उन्हें आश्वस्त किया गया। शिकायतों के क्रम में कुछ के द्वारा नामांकन पत्र जॉच या स्क्रुटनी के समय रिजेक्ट न करने का निवेदन किया गया। जिस पर सदन द्वारा बताया गया रिजेक्ट की कार्यवाही भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन के अनुरूप ही की जायेगी। सरकारी विद्युत पोलों पर बैनर, होर्डिग्स फ्लैक्स लगे होने की शिकायत की गयी जिस पर रिटर्निंग आफिसर ने एआरओ व सीओ ज्ञानपुर को कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उपस्थित पदाधिकारियों/ प्रत्याशियों द्वारा अन्य कई बिन्दुओं पर प्रेक्षक गण का ध्यान आकर्षित किया गया। जिस पर समस्त प्रेक्षकगणों ने आश्वस्त किया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में निर्वाचन सकुशल सम्पन्न होगा।

# प्रेक्षक की अध्यक्षता में व रिटर्निंग आफिसर की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन के अनुसार हुआ नामांकन प्रपत्रों की सवीक्षा/स्कूटनी

**● भारत निर्वाचन आयोग के दिशानुरूप हुआ नामांकन पत्रों की स्कूटनी- मा0 सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम**

**09 मई को अपरान्ह 3 बजे तक प्रत्याशी ले सकते है नामांकन हेतु नाम वापसी- जिला निर्वाचन अधिकारी**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 07 मई 2024:-**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु मा0 सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम की अध्यक्षता में रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह की उपस्थिति में सहायक रिटर्निंग आफिसर भानसिंह आदि द्वारा नामांकन पत्रों की जॉच/समीक्षा की गयी। कुल जमा हुए 27 नामांकन पत्रों की स्कुटनी भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन व नियमानुसार की गयी।

रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह द्वारा बताया गया कि नामांकन फार्म देते समय सभी प्रपत्रों के साथ चेकलिस्ट दिया गया था। जिन्होंने चेकलिस्ट के अनुसार फार्म कम्पलीट रूप से नही भरकर जमा किया था। उनके फार्म को रिजेक्ट करते हुए रिजेक्ट कारण का विवरण दिया जायेगा। नामांकन पत्रों की पूरी स्कुटनी प्रक्रिया सीसीटीवी कवरेज के साथ वीडियोग्राफी के आवरण में सम्पन्न हुई। स्क्रूटनी कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 09 मई को अपरान्ह् 03 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकते है। तत्पश्चात् प्रत्याशियों की फाइनल सूची सर्वाजनिक जारी कर दी जायेगी।

# फिर से बिछाए गए हरा मैट अब नहीं जलेंगे पैर, बिछाए गए है हर गली में मैट

**● पंडित निखिलेश मिश्र ने श्रद्धालुओं के प्रति दिखाया दरियादिली**

**मंदिर की तरफ जाने वाली सभी गलियों में लाल और हरा मैट बिछाया गया**

**ए डी एम शिव प्रताप ने भी भक्तों की सेवा में सराहनीय कार्यों को करने में अग्रसर रहें। गेट के पास शीतल पेयजल की व्यवस्था कराया गया**





स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** सोमवार को देर रात तक पुरानी वी आई पी मार्ग,नई वी आई पी मार्ग,सदर बाजार मंदिर परिसर तथा पक्का घाट आदि मार्गो में पर हरा मैट बिछाया गया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी इन गलियों में लाल मैट बिछाया गया था। जिस पर स्थानीय लोगों और तीर्थपुरोहितों के माध्यमों से बताया गया था कि जो मैट लगे है वह कम है। जिस पर श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी जी ने पुनः अपने दानवीर यजमान निखिलेश मिश्र जी पुनः चारों गलियों और मंदिर के नीचे परिसर में पुनः मैट लगवाने के लिए भेजा गया। इस सराहनीय व पुनीत कार्य को देखकर स्थानीय लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं ने भी भूरि भूरि प्रशंसा करते देखें गए। इस कार्य से अन्य लोगों ने भी श्रद्धालुओं के सेवा के लिए तरह तरह के पुनीत कार्यो को करने के लिए दुकानदार और तीर्थपुरोहित समाज के साथ साथ सर्व समाज ने भी भक्तों की सच्ची सेवा में अग्रसर हो रहें है। जो विंध्य क्षेत्र से एक अच्छा संदेश जा रहा है।

इस दौरान सहयोग में पंकज द्विवेदी जी अध्यक्ष श्री विंध्य पंडा समाज विंध्याचल धाम, मंत्री भानू पाठक जी, कोषाध्यक्ष तेजन गिरी जी, मंदिर व्यवस्था प्रमुख गुंजन मिश्र जी, केदार नाथ मिश्र जी कार्यकारिणी सदस्य श्री विंध्य पंडा समाज, पंडित गौतम द्विवेदी, काली शंकर मिश्र जी सदस्य श्री विंध्य पंडा समाज, शांतनु द्विवेदी जी, बाबू लाल, ऋषि द्विवेदी, राज शुक्ल, धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार मिश्र, विंध्याचल थाना प्रभारी दया शंकर ओझा जी, एस आई सुदिष्ट पांडेय जी, हेड कांस्टेबल जय शंकर प्रसाद जी आदि लोग उपस्थित रहें।

# मनरेगा योजना व विकास कार्यो में भ्रष्टाचार की शिकायत पर कार्रवाई न करना अधिकारियों की मिली भगत का दे रहा प्रमाण

**● पंडित निखिलेश मिश्र ने श्रद्धालुओं के प्रति दिखाया दरियादिली**

**मंदिर की तरफ जाने वाली सभी गलियों में लाल और हरा मैट बिछाया गया**

**ए डी एम शिव प्रताप ने भी भक्तों की सेवा में सराहनीय कार्यों को करने में अग्रसर रहें। गेट के पास शीतल पेयजल की व्यवस्था कराया गया**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** हलिया विकास खंड हलिया के ग्राम पंचायत मतवार के ग्राम प्रधान व सचिव पर सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों व मनरेगा योजना में किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत आईने की तरह साफ दिखाई देने के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा आज तक उक्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान व सचिव के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किए जाने से यही प्रतीत होता है कि इस पूरे भ्रष्टाचार के खेल में अधिकारियों की कहीं ना कहीं संलिप्तता जरूर है क्योंकि उनको डर सता रहा है कि अगर पारदर्शिता के साथ जांच हुई तो यह भ्रष्टाचार उनके गले की फांस न बन जाए जबकि मतवार ग्राम पंचायत में विकास कार्यों व मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर कई बार विभिन्न समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो चुकी है लेकिन अधिकारी है कि उक्त ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की पारदर्शिता के साथ जांच कर कर दोषियों के विरुद्ध आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है

वही ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के कारण आम जन में सरकार की छवि धूमिल हो रही है मतवार ग्राम पंचायत निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल प्रताप सिंह द्वारा कई बार प्रधान व सचिव द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अधिकारी अपना गला फसता देख हर बार जांच कराए जाने की फाइल को ठंढे बस्ते में डाल देते हैं मतवार ग्राम पंचायत के श्रमिकों द्वारा नाम न छपने की शर्त बताया गया कि ग्राम प्रधान व सचिव की मिली भगत से मनरेगा योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 मे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है जॉब कार्ड धारक श्रमिकों द्वारा किए गए कार्य का आज तक भुगतान नहीं किया गया श्रमिकों ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा योजना में घोटाला करते हुए अपने परिवार के लोगों के नाम का मस्टर रोल जारी कर लगभग लाखो रुपए का भुगतान कर लिया गया ग्राम प्रधान द्वारा जारी मस्टर रोल आज भी ऑनलाइन पर देखा जा सकता है जिनके नाम से मस्टर रोल जारी कर भुगतान कराया गया है वह श्रमिक भी नहीं है अगर मतवार ग्राम पंचायत में विकास कार्यों व मनरेगा योजना में प्रधान व सचिव द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपनी निगरानी में कराया जाए तो दूध का दूध पानी का पानी साफ हो जाएग वही एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचारीयो पर नकेल कसने में लगी हुई है वही उसके उलट जनता द्वारा चुने गए ऐसे प्रधान व सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पूरे पारदर्शिता के साथ कार्य करने वाले ग्राम सचिव सरकार के मानसा के विपरीत भ्रष्टाचार की इबारत लिखते हुए भ्रष्टाचार की नई नई कहानी लिखते चले जा रहे हैं ऐसे ग्राम प्रधान व सचिव आमजन में सरकार को बदनाम करने के साथ ही सरकार की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं।

## अभिभावकों से बेहतर तालमेल व अच्छी शिक्षा का नतीजा मई माह में भी छात्र-छात्राओं की संख्या बेहतर

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** हलिया शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हलिया के शिक्षकों द्वारा सरकार के मनसा अनुरूप बेसिक शिक्षा प्रणाली को मजबूती प्रदान करने हेतु अभिभावकों से बेहतर तालमेल बनाए रखने तथा अच्छी शिक्षा देने का नतीजा है कि मई माह के भीषण तपिश में भी छात्र-छात्राओं की संख्या बेहतर स्थिति में है जहां गर्मी के दिनों में सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या में कमी होना आम बात है वही उच्च प्राथमिक विद्यालय हलिया मे कक्षा 6 में 38 बच्चों के नॉमिनेशन के सापेक्ष में अड़तीसो बच्चे मौजूद रहे वही कक्षा 7 में 89 बच्चों के सापेक्ष में 70 बच्चे तथा कक्षा 8 में 75 बच्चों में 40 बच्चे अपने अपने कक्षाओं में पठन-पाठन करते नजर आए विद्यालय में बेहतर साफ सफाई के साथ बच्चों के बैठ कर पठन-पाठन के लिए टेबल मेज के साथ ही हर कक्षाओं में बड़े आकार के ब्लैक बोर्ड विद्यालय परिसर की दीवारों पर रंग रोगन पेंटिंग के माध्यम से बच्चों के शिक्षा संबंधित दिशा निर्देशित चित्र कला उकेरी गई है वही इंग्लिश मीडियम की तर्ज पर सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा प्रणाली को मजबूती प्रदान करने के दृष्टिगत दिए गए स्मार्ट टीवी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कराया जा रहा है जिसका नतीजा है कि भीषण तपिश में भी छात्र-छात्राओं की संख्या बेहतर स्थिति में है छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हेए विद्यालय में प्रोजेक्टर तथा चित्रकला माध्यम से बाल विवाह के बारे मे जागरूक किया जा रहा है तेज तपिश में बच्चों की संतोषजनक संख्या के राज के संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत यादव व सहायक अध्यापक राजकुमार ने बताया कि हम लोग बच्चों को जागरुक करते रहते हैं



कि शिक्षा सबसे जरूरी चीज है और हमारे विद्यालय में जो संसाधन मौजूद हैं उनसे हम लोग बच्चों को प्रेरित करते हैं कि आप पढ़िए आपकी जो समस्याएं हैं हम अध्यापक मिलकर दूर करेंगे वही बच्चों के अभिभावकों से बात कर उन्हें प्रेरित करते रहते हैं की प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजें वहीं भीषण तपिश को देखते हुए बच्चों को पूरे आस्तीन के कपड़े पहनने सर को ठककर रखने तथा अच्छी क्वालिटी के बोतल में पानी साथ में रखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

# तमाम ट्रस्ट एवं मानवीय सोच के लोगों द्वारा भी समाज हित में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाना शुरू कर दिया गया है

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** समाज के लिए चुनौती बने टीबी रोग जैसे गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए अभी तक जहां स्वास्थ्य महकमा अकेले कड़ी मेहनत कर रहा था, अब वहीं इस कार्य में धिरे धिरे तमाम ट्रस्ट एवं मानवीय सोच के लोगों द्वारा भी समाज हित में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाना शुरू कर दिया गया है। उपरोक्त के तहत ही आज दिनांक 7 मई 2024 को जनपद के पड़री प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र के 20 टीबी रोगियों को गुड़, चना, मूंगफली दाना, सोयाबीन, सत्तू, कड़ू तेल, न्यूट्रीशन पाउडर आदि की पोटली, ईटरनल ग्रेस ट्रस्ट, भुजवा चौकी, मीरजापुर द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के उपस्थिति में मरीजों को भेंट किया गया।

प्रभारी डॉक्टर आनंद द्वारा मरीजों को खान-पान पर विशेष ध्यान देने एवं नशा आदि से दूरी बनाकर रहने का सुझाव दिया, उनके द्वारा क्षेत्र के मरीज के हित में ट्रस्ट के इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापन किया गया। क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा मरीजों के वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति एवं उन्हें सरकारी स्तर से दिए जा रहे सुविधाओं की उपलब्धता की उनसे जानकारी ली गई। यादव द्वारा उपस्थित मरीजों से आग्रह भी किया गया कि आप सभी किसी भी व्यक्ति को टीबी लक्षण से प्रभावित पाते हैं तो उसे मात्र सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक जांच इलाज हेतु भेज कर जनपद को टीवी मुक्त बनाने में अपना सराहनीय सहयोग दें।वितरण कार्यक्रम के दौरान पड़री पीएचसी से अरुण कुमार, अंबुज श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, मनभावन के साथ साथ ट्रस्ट के संतोष मसीह, लाल बहादुर आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट सहित अन्य धाराओं में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटार गांव में पुरानी रंजिश को लेकर बीते सोमवार की देर रात में गाली गलौज देते हुए तीन लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दंपती को चोटिल कर दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस द्वारा मंगलवार को तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए घायल का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में कराया गया के लिए हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी राजेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया की पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी लक्षिमन, बबलेश तथा बहनोई गोविंद निवासी गेरूआडीह मांडा जनपद प्रयागराज बीते सोमवार को देर रात मे गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मरने लगे वीच बचाव करने आई पत्नी लालती को भी मारे पीटे हैं जिससे हमारी अंगुली व सिर में चोटे आई हैं पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जाट पड़ताल में जुट गई वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि बीते सोमवार की देर रात को कोटर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज देने व मारपीट करने का पीड़ित पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

# डिजिटल मीडिया ने संचार को कैसे बदल दिया है

आज इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया की अपार लोकप्रियता और व्यापकता के बीच हमारे लिए यह कल्पना करना कठिन है कि एक समय ऐसा भी रहा होगा जब प्रिंट मीडिया का आविष्कार हुआ होगा। प्रारंभिक सभ्यताएँ मौखिक संचार पर निर्भर थीं। यदि कोई समाचार बताना होता था तो वे उस बात को दूसरों तक फैलाने के लिए दौड़ते थे, जो अंततः ऐसा ही करते थे और अंततः समाचार को सभी तक फैलाते थे। उसके बाद लोगों ने चित्र के रूप में और अपरिष्कृत भाषाओं में समाचार लिखना शुरू कर दिया। जहां प्रतीकों का अर्थ शब्दों और अक्षरों से था। और फिर कागज और प्रिंटिंग प्रेस के आविष्कार के साथ प्रिंट मीडिया अस्तित्व में आया। और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रिंट मीडिया मुख्य रूप से समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के माध्यम से समाचार बताने का मुद्रित संस्करण है। प्रिंटिंग प्रेस के आने से पहले, मुद्रित सामग्री को हाथ से लिखना पड़ता था। यह काफी लंबी प्रक्रिया थी जिसने बड़े पैमाने पर वितरण को असंभव बना दिया था। कुछ वर्ष पहले तक प्रिंट मीडिया (समाचार पत्र, पत्रिकाएँ) समाचार और मनोरंजन का मुख्य स्रोत था। लेकिन अब डिजिटल मीडिया (वेबसाइट, ऐप्स, सोशल मीडिया) प्रिंट मीडिया को कड़ी टक्कर दे रहा है जिसके परिणामस्वरूप इन दोनों के महत्व पर बहस छिड़ गई है। प्रिंट मीडिया के लाभ 1. प्रिंट मीडिया अधिक भरोसेमंद है क्योंकि एक बार समाचार प्रकाशित होने के बाद उसे संशोधित या हटाया नहीं जा सकता है। लेकिन डिजिटल मीडिया में, हम सामग्री को संशोधित या हटा सकते हैं। समाचार पत्र और पत्रिका प्रकाशक समाचार या लेख प्रकाशित करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतते हैं। इसलिए प्रिंट मीडिया डिजिटल मीडिया की तुलना में अधिक भरोसेमंद है। 2. प्रिंट मीडिया को पढ़ने से बहुत समय बच सकता है क्योंकि सारी सामग्री एक समाचार पत्र या पत्रिका में संकलित होती है। 3. इन दिनों सभी अध्ययन और कार्यों में कई लोगों के लिए स्क्रीन टाइम शामिल है। इस स्थिति में प्रिंट मीडिया एक ब्रेक और राहत की तरह है। अब अधिक से अधिक लोग कुछ डिजिटल डिटॉक्स समय चाहते हैं। और फिर प्रिंट मीडिया उनके लिए बहुत उपयोगी है। 4. जब हम समाचार पत्र पढ़ते हैं तो कोई ध्यान भटकता नहीं है और हम पूरी तरह से उस पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यह डिजिटल मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया का एक फायदा है। 5. भारत के कुछ दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच अभी भी बहुत सीमित है। और फिर दुनिया भर की नवीनतम घटनाओं से अपडेट रहने के लिए प्रिंट मीडिया उनके लिए एक वरदान है। प्रिंट मीडिया के नुकसान 1. यह सिर्फ एकतरफा संचार है। यह जनता को जानकारी देता है लेकिन उपभोक्ता अपनी राय साझा नहीं कर सकते। यह एक तरह से उपयोगकर्ता के अनुकूल नहीं है। 2. किसी अखबार या पत्रिका संग्रह में किसी पुराने लेख को खोजना बहुत मुश्किल काम है। 3. प्रिंट मीडिया किसी विशिष्ट दर्शक वर्ग को लक्षित नहीं कर सकता है, लेकिन डिजिटल मीडिया विभिन्न प्रकार के दर्शकों को अलग-अलग विज्ञापन दिखा सकता है और इस प्रकार अधिक राजस्व उत्पन्न कर सकता है। 4. प्रिंट मीडिया विकलांग लोगों के लिए मददगार नहीं है। उदाहरण के लिए, डिजिटल मीडिया सामग्री के ऑडियो संस्करण देकर दृष्टिबाधित लोगों की मदद करता है। डिजिटल मीडिया के लाभ

1. डिजिटल मीडिया तेजी से अपडेट देता है और हमें नवीनतम घटनाओं से अवगत रखता है, जबकि प्रिंट मीडिया डिजिटल की तुलना में धीमा संस्करण है। यह डिजिटल मीडिया को अधिक परेशानी मुक्त तरीके से तुरंत समाचार प्राप्त करने का एक अधिक उचित विकल्प बनाता है। 2. डिजिटल मीडिया दोतरफा संचार है। उपभोक्ता तुरंत अपनी राय, विचार और प्रतिक्रिया साझा कर सकते हैं। यह पाठकों को समुदाय की भावना देता है। 3. यह पर्यावरण के अनुकूल है जबकि प्रिंट मीडिया को पेड़ों से प्राप्त कागज की आवश्यकता होती है जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उनका विनाश होता है। 4. प्रसिद्ध समाचार पत्र भी अपने ऑनलाइन समाचार पोर्टल स्थापित कर रहे हैं। इसका कारण डिजिटल मीडिया का बढ़ता महत्व है। 5. छोटी कंपनियाँ डिजिटल मीडिया पर आसानी से विज्ञापन दे सकती हैंप्लेटफ़ॉर्म क्योंकि यह प्रिंट मीडिया पर विज्ञापन देने से कम महंगा है। 6. डिजिटल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पुरानी सामग्री से भी राजस्व उत्पन्न कर सकते हैं। इसलिए उन्हें अधिक राजस्व मिलेगा और सामग्री की गुणवत्ता को अद्यतन करने के लिए अधिक निवेश कर सकते हैं। 7. डिजिटल मीडिया प्रिंट मीडिया के विपरीत लोकतांत्रिक है जिसका निजीकरण किया जाता है और अक्सर बड़े व्यवसायों द्वारा चलाया जाता है। 8. स्मार्टफोन उपयोगकर्ता तेजी से बढ़ रहे हैं और इसलिए कई डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म विज्ञापनों के कारण मुफ्त में सामग्री पेश कर रहे हैं। डिजिटल मीडिया के नुकसान 1. चूंकि कोई भी डिजिटल मीडिया के लिए आसानी से सामग्री तैयार कर सकता है, इसलिए फर्जी खबरें बढ़ रही हैं। इसलिए जब तक वे प्रसिद्ध न हों और उनका अच्छा नाम न हो, डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म जनता के लिए भरोसेमंद नहीं हैं। 2. प्रिंट मीडिया केवल महत्वपूर्ण खबरें ही प्रकाशित करता है। लेकिन डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म छोटी से लेकर बड़ी हर चीज प्रकाशित करते हैं इसलिए उनमें बहुत सारी अनावश्यक खबरें होती हैं। 3. ज्यादा देर तक स्क्रीन देखते रहने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी होती हैं। 4. कई डिजिटल मीडिया पूरे दिन सामग्री प्रकाशित करते हैं। इसलिए लोग हमेशा नई सामग्री की जांच कर सकते हैं और इसलिए लोग समाचार और मनोरंजन सामग्री के बहुत अधिक आदी हो रहे हैं। यह उनमें से अधिकांश के लिए 'हेडलाइन तनाव विकार' का कारण बन रहा है। डिजिटल बनाम प्रिंट मीडिया आज उपभोक्ता प्रिंट के साथ-साथ बहुत सारे डिजिटल मीडिया के संपर्क में हैं। स्मार्टफोन और टैबलेट का प्रचलन बढ़ रहा है और उन्हें जोड़ने वाले वायरलेस नेटवर्क का मतलब है कि अधिक से अधिक लोग डिजिटल उपकरणों को देखते हैं। इसका मतलब यह भी है कि अधिक से अधिक उपभोक्ता डिजिटल उपकरणों पर विज्ञापन देखते हैं। मार्केटिंग और विज्ञापन के लिए डिजिटल मीडिया के कई फायदे हैं। यह प्रत्येक अभियान के विवरण के आधार पर प्रिंट मीडिया की तुलना में कम महंगा हो सकता है।

डिजिटल अभियान तेजी से तैयार, लॉन्च और अपडेट भी किए जा सकते हैं। प्रिंट की तुलना में डिजिटल मीडिया कई मायनों में इंटरैक्टिव है। सोशल मीडिया पर प्रचार विपणक को सवालों के जवाब देने और प्रोत्साहन देने के लिए मैसेजिंग, कमेंटिंग, ट्वीटिंग, वॉल पोस्टिंग आदि का उपयोग करके उपभोक्ताओं के साथ सीधे संवाद करने की अनुमति देता है। उपयोगकर्ता डिजिटल दस्तावेज़ की खोज करने में सक्षम हैं। डिजिटल विज्ञापन प्रिंट विज्ञापनों की तुलना में कौन देखता है, इस पर अधिक नियंत्रण की अनुमति देता है ताकि विपणक उन्हें विशिष्ट जनसांख्यिकी के लिए अधिक आसानी से लक्षित कर सकें। कई डिजिटल विज्ञापन उपभोक्ता जानकारी उत्पन्न कर सकते हैं और साथ ही यह जानकारी भी दे सकते हैं कि वास्तव में विज्ञापन कौन देख रहा है। उदाहरण के लिए, Google AdWords और Facebook विज्ञापन ऑफ़र करते हैं उपयोगकर्ता रुझानों और विज्ञापनों द्वारा उत्पन्न सफल रेफरल पर विश्लेषण। लेकिन हाँ, प्रिंट मीडिया में एक विशेष आकर्षण है जो कभी ख़त्म नहीं हो सकता। यह उपभोक्ताओं को अधिक भौतिक, मूर्त माध्यम प्रदान करता है। यह उन्हें अधिक व्यक्तिगत स्तर पर जोड़ता है और पुराने स्कूल का आकर्षण प्रदान करता है जो डिजिटल मीडिया द्वारा नहीं किया जा सकता है। प्रिंट विज्ञापनों की एक स्थानीय उपस्थिति होती है जिसे डिजिटल मीडिया द्वारा हासिल करना बहुत कठिन होता है। संकेत और बैनर उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित करते हैं और आपको भौतिक रूप से ढूंढने में मदद करते हैं। एक्सपोज़र उत्पन्न करने और उपभोक्ताओं को आपकी ओर निर्देशित करने में मदद करने के लिए पोस्टर, फ़्लायर्स और अन्य प्रिंट मीडिया को एक समुदाय में वितरित किया जा सकता है . अब अगर हम यह सवाल उठाते हैं कि प्रिंट या डिजिटल मीडिया में से कौन सा बेहतर है, तो हमारे पास एक संतुलित और उचित उत्तर हो सकता है - यह दोनों है। निष्कर्ष प्रत्येक माध्यम के अनूठे फायदे होते हैं इसलिए एक अच्छे अभियान में डिजिटल और प्रिंट मीडिया दोनों को शामिल किया जाना चाहिए। सर्वोत्तम विज्ञापन अभियान बाजार के आकार और दायरे, जनसांख्यिकीय लक्ष्य, प्रस्तावित उत्पादों या सेवाओं, बजटीय विचारों और अन्य कारकों के आधार पर मीडिया के सही संयोजन का उपयोग करते हैं। कुछ उपभोक्ता डिजिटल मीडिया पर सबसे अच्छी पहुंच रखते हैं लेकिन अन्य अभी भी प्रिंट पसंद करते हैं। मीडिया चैनलों का सही संयोजन पूरे उपभोक्ता दर्शकों के साथ सर्वोत्तम संचार की अनुमति देता है और अधिकतम भी करता हैयह अभियान का निवेश पर प्रतिफल है। प्रिंट और डिजिटल मीडिया दोनों के अपने-अपने फायदे और नुकसान हैं और इनके पास एक ठोस उपयोगकर्ता आधार है। इसलिए यदि हम वर्तमान रुझानों पर विचार करें तो डिजिटल मीडिया के उपभोक्ता तेजी से बढ़ रहे हैं और प्रिंट मीडिया की हिस्सेदारी कम हो रही है। लेकिन यह बिल्कुल खत्म नहीं हो रहा है। बढ़ती साक्षरता दर के साथ प्रिंट भी एक मजबूत पकड़ बना रहा है। कहते हैं कि प्रिंट और डिजिटल मीडिया काफी खुशी से सह-अस्तित्व में हैं।

**विजय गर्ग**
**शैक्षिक स्तंभकार**

# बसपा के बदलते प्रत्याशियों वजह क्या




अपने राजनैतिक काल में बहुजन समाज पार्टी शायद इतनी कमजोर कभी नहीं दिखी जितना कि इस लोकसभा चुनाव में दिखाई दे रही है। बहुजन समाज पार्टी ने कम से कम एक दर्जन सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर फिर उन्हें बदल दिया। क्या वह चुनाव जीतना नहीं चाहतीं। या सिर्फ महज़ औपचारिकता दिखा रहीं हैं। मायावती के भतीजे आकाश आनंद जब चुनावी मंच पर उतरे तो उनके तेवर देख कर लग रहा था कि शायद बसपा अब कुछ करना चाहती है। लेकिन उन्होंने कुछ ऐसे विवादित भाषण कर दिये कि वह चर्चा में आ गए। और तभी मायावती ने उनकी चुनावी सभाओं पर रोक लगा दी। प्रारंभ में यह प्रतीत हो रहा था कि बहुजन समाज पार्टी कई सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों के लिए मुश्किलें पैदा कर देगी। तभी मायावती ने एक एक करके कई सीटों पर प्रत्याशी बदल दिए और वो ऐसे प्रत्याशी हैं जो कहीं न कहीं कांग्रेस और सपा गठबंधन के लिए मुश्किलें पेश कर रहे हैं। आकाश आनंद के भाषणों में समाजवादी पार्टी के लिए साफ्ट कार्नर दिखाई दे रहा था। जब पत्रकारों ने उनसे कहा कि अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव लड़ रहे हैं तो आकाश आनंद का उत्तर था कि वो बड़े नेता हैं कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं।दरअसल मायावती इस चुनाव को बिना किसी पूर्व प्लान के तहत लड़ रहीं हैं। पिछला लोकसभा चुनाव उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर लड़ा था। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी का वोट तो बहुजन समाज पार्टी में ट्रांसफर हो गया लेकिन बहुजन समाज पार्टी का वोट समाजवादी पार्टी में ट्रांसफर न होकर भारतीय जनता पार्टी के खाते में गया। नतीजा यह निकला कि बहुजन समाज पार्टी को दस सीटों पर विजय प्राप्त हुई जब कि समाजवादी पार्टी जो उत्तर प्रदेश में इस समय नंबर दो की पार्टी है उसको मात्र पांच सीटों पर ही विजय मिली। उस समय मायावती ने यह कहकर गठबंधन तोड़ दिया कि समाजवादी पार्टी का वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं हो सका इसलिए बसपा को गठबंधन से नुकसान होता है अतः वह गठबंधन तोड़ रहीं हैं। यह तो सत्य है कि बसपा को नुकसान तों हुआ लेकिन समाजवादी पार्टी के कारण नहीं वह स्वयं बसपा के कारण ही हुआ क्यों कि जिन सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी खड़े थे वहां बसपा का वोट सपा को ट्रांसफर न होकर भारतीय जनता पार्टी के पाले में चला गया। इसमें समाजवादी पार्टी की कोई ग़लती नही थी।

अब बात आती है कि बहुजन समाज पार्टी को नुकसान कैसे हुआ तो उसमें आपको यह देखना होगा कि जिन सीटों पर बसपा के प्रत्याशी खड़े थे वहां बसपा और सपा दोनों का वोट बसपा प्रत्याशी को गया लेकिन जिन सीटों पर सपा के प्रत्याशी थे वहां सपा को सिर्फ सपा का ही वोट मिला मायावती का कोर वोट भारतीय जनता पार्टी के खाते में चला गया और मायावती यह किसी कीमत पर नहीं चाहती थीं कि उनका वोट भारतीय जनता पार्टी को मिले। नतीजा यह हुआ कि पिछले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का कोर वोट भी घट गया और वह वोट भारतीय जनता पार्टी के ही खाते में गया और उसका परिणाम यह हुआ कि बहुजन समाज पार्टी का केवल एक प्रत्याशी ही विधानसभा चुनाव जीत सका। जब कि अलग रहते हुए भी समाजवादी पार्टी ने 111 सीटों पर विजय हासिल की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मायावती आज जिस तरह दबाव की राजनीति कर रहीं हैं उसका उसको बहुत नुक्सान हो रहा है। और वह उत्तर प्रदेश में केवल एक वोट कटुआ पार्टी ही बन कर रह जाएगी। मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ही रहेंगी। पिछले विधानसभा चुनाव ने यह तय कर दिया था कि बहुजन समाज पार्टी बिना गठबंधन के किसी भी हालत में चुनाव नहीं जीत सकती।

पुराना इतिहास उठाकर देखें तो कांशीराम के समय में बहुजन समाज पार्टी एक एक सीट के लिए संघर्षरत थी। लेकिन जैसे ही उसे समाजवादी पार्टी का साथ मिला उसको पर लग गये और मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। लेकिन अब ऐसी संभावना कम ही दिखाई दे रही है। इस लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को उसकी चाल से बहुत बड़ा नुक्सान होने वाला है। क्यों कि अब वह प्रत्याशी अपने लिए नहीं उतार पा रहीं हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी बदला और जौनपुर से बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट भी काट दिया गया। इस तरह बसपा ने करीब एक दर्जन सीटों पर अपने प्रत्याशी बदल दिए। अब ऐसा क्यों हो रहा है वह तो सही तरह से मायावती ही समझतीं होंगी लेकिन जो राजनैतिक क्षेत्र में चर्चा चल रही है उसके मायने अलग हैं। बसपा ने एक बार दलित, ब्रह्मण और मुस्लिम मतदाताओं का समीकरण तैयार किया था और पहली बार उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार का गठन किया था। लेकिन अब हालात ऐसे नहीं नजर आ रहे हैं कि मायावती जीतने के लिए चुनाव लड़ रहीं हैं। आकाश आनंद को देखकर ऐसा लगा था कि मानो बहुजन समाज पार्टी नये क्लेवर के साथ आ रही है। लेकिन आकाश आनंद के कुछ विवादित भाषण उन्हीं पर भारी पड़ गये। और उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक दिया गया है। दलित वोटों के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में जंग चल रही है क्योंकि पिछले दो चुनावों से यह देखने को मिला है कि दलित वोट बहुजन समाज पार्टी से छिटक रहा है। दलित वोट जहां बसपा को नहीं जाता है वहां भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जाता है। अखिलेश यादव ने कई दलित चेहरों को सामने लाकर दलित वोट को सहेजने की कोशिश की है लेकिन वह इसमें कितना सफल हो पाते हैं यह चुनाव बाद नजर आ जाएगा। मायावती इस चुनाव में पूरी तरह से बैकफुट पर नजर आ रही हैं। अब देखना यह है कि आगे उनकी रणनीति क्या होगी लेकिन अभी उन पर दबाव साफ नजर आ रहा है।

**जितेन्द्र सिंह**
**पत्रकार**

## संपादकीय

# श्रमिकों का भारत को समृद्धिशाली बनाने में बड़ा योगदान

भारत को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं।मजदूर श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले ।मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आए। मई दिवस/ मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे 1मई 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया ।यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी ।उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया ।मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था।1मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों द्वारा आंदोलन किया गया।इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ। भारत में अनेक मजदूर संगठन है। भारतीय मजदूर संघ सबसे बड़ा मजदूर का संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बी एम एस की बड़ी भूमिका है। पूंजीपतियों, उद्योगपतियों के द्वारा मजदूर श्रमिको को आदर भाव से नहीं देखा जाता।उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं इन उपेक्षित और राष्ट्र निर्माता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी बात भी सम्मानजनक नही करते हैं।मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नही करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं ।किसी भी मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं।मजदूर बीमार होने पर अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं ।अनेक ऐसे उद्योग हैं जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उप करण भी नहीं दिए जाते हैं ।अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। बीमार हो जाते हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरुप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है ।इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है। कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है ।इसके बाद मजदूर बेकारहो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है ।धानऔर गेहूं सरसों कपास आदि की फैसले ऐसी हैं जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है।खलिहान अब सुने हो गए हैं।

कुशल ,अकुशल, अर्ध कुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है ।शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ÷ ई,,श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है ।बाल श्रमिकों की अधिकता है। बाल श्रमिकों को जहां केंद्र राज्य सरकारें काम करने से रोकती हैं, वही उद्योगों और कार्य स्थलों को को चिन्हित उन्हें मुक्त भी करवाने की जिम्मेदारी है। वहींदूसरी ओर बाल श्रमिकों के सामने बड़े संकट हैं। किसी बच्चे के पिता भाई माता नहीं है तो पीड़ित बच्चों के सामने मजदूरी करना मजबूरी है। एक तरफ बीमार मां को दवा के लिए रुपये जुटाने हैं। दूसरी तरफ बाल मजदूरी अपराध है।ऐसे में केंद्र राज्य सरकार में बाल श्रमिकों को चिन्हितकरउनकेआश्रितों की मदद भी करें तो बाल श्रमिकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। कई बाल श्रमिक ऐसे होते हैं जिनके माता-पिता जेल में हैं ।कुछ दुर्घटनाओं में अपने मां-बाप को खो चुके हैं। ऐसे बाल मजदूर हैं जो मजदूरी के लिए रातो दिन कड़ा परिश्रम करते हैं। बाल मजदूरी रोकने का अधिनियम 1986 बाल श्रम निषेध बना इसमें कहा गया कि किसी कारखाने, खतरनाक ,खदानें, उद्योगों आदि में 14 वर्ष के उम्र के बच्चों को काम निषेध है। बाद में केंद्र सरकार ने यह उम्र 14 से 18 से कम उम्र पर इसे लागू किया। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1951 में पारित हुआ। इसमें कहा गया कि रोजगार या वेतनमान में जाति धर्म लिंग देश के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा ।महिलाओं के सरकारी रोजगार में पदोन्नति के समान औसत दिए जाएंगे।इसमें अब तक कई बार संशोधन भी हो चुके हैं। वर्ष 1976 में बँधुआ मजदूरी में उन्मूलन अधिनियम लागू हुआ। धीरे-धीरे यह अमानवीय मजदूरीप्रथा समाप्त हुई। मजदूर खेतिहर मजदूर उद्योगों में कार्य करने वाले कुशल मजदूरों की समस्याएं बड़ी हैं।उद्द्योग पतियो पूंजी पतियों के शोषण से श्रमिक वर्ग पीड़ित था। तभी किसान नेता चिंतक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इस विषय पर गहन अध्ययन किया। 23 जुलाई 1955 को श्री ठेंगड़ी ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की।यह भारत का सबसे बड़ा मजदूर संगठनहै।श्रमिकों का उत्पादन और राष्ट्र को समृद्धि शाली बनाने में बड़ा योगदान है।भारतीय ग्रंथों में श्रम को प्रतिष्ठा दी गयी है। कौटिल्य अर्थ शास्त्र में कि किसी भी श्रमिक को कम से कम इतना पारिश्रमिक मिलना चाहिए।जिससे उसका जीवनयापन हो सके। अतिरिक्त मूल्य के सिद्धांत विषय में श्रमिकों कामगार वर्ग को लेकर प्रसिद्ध दार्शनिक विचारक कार्ल मार्क्स कहता है कि,वस्तुओं की तरह श्रम शक्ति का भी मूल्य होता है ।उसे बाजार में बेचा खरीदा जाता है। मजदूर को अपने भरण पोषण निर्वाह के लिए कुछ वस्तुओं की आवश्यकता होती है। मशीन की तरह मजदूर भी जर्जर हो जाता है।उसकी जगह नए आदमी की जरूरत पड़ती है। मजदूर से पूरी क्षमता के अनुसार काम लिया जाता है। मजदूर को रहन-सहन के बहुत नीचे स्तर पर रहना पड़ता है। वह आगे कहता है कि वर्ग संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक स्वयं कामगार वर्ग समाज की बागडोर नहीं संभालेगा। मगर भारत के वैदिक ग्रंथों में यह धारणा नहीं है। यहां प्रत्येक तरह के कला शिल्प को विशिष्ट बताया गया है। रथकार , मूर्तिकार , कृषि कर्म करने वालों को, लकड़ी के काम करने वालों को, मंदिर बनाने वालों को पुष्प माला बनानेवाले को , मिट्टी के कलश निर्मित करने वाले कुम्हार को भी आदर दिया गया है। कोई वर्ग संघर्ष की बात नहीं आई। भारत में वस्तुओं का उत्पादन कर्ता ही प्रायः उपभोक्ता रहा है। तब बेरोजगारी की बात ना थी। चित्रकारों को यह चिंता नहीं रहती थी कि मूर्तियां चित्र नहीं बिके तब क्या होगा। भारत में बाजार हावी नहीं था। संगीतकार ,कथाकार वाद्य यंत्रों को बनाने वाले पूरी तरह से लोक पर निर्भर थे।इतना ही नही स्वयं के द्वारा बनाई गई वस्तुओं के मूल्य शिल्पकार ही तय करते थे ।भारत की शिल्पी संस्कृति को अंग्रेजों ने नष्ट किया।अंग्रेजों ने भारत के शिल्पियों से उनकी गौरवशाली संस्कृति से अलग किया। मात्र मजदूर बनकर छोड़ दिया ।हम कह सकते हैं कि मई दिवस श्रमिक दिवस सभी कामगारों को बधाई। क्या दिवसों के मनाने मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार आएगा ।श्रमिकों के जीवन में तभी सुधार आएगा जब हम राष्ट्र की संस्कृति के अनुरूप प्रत्येक कामगार श्रमिक को न्याय और समता के आधार पर जीवन जीने का, उनके अधिकारों की रक्षा का संकल्प श्रमिक दिवस में नहीं लेते। श्रमिकों का शोषण रुकने वाला नहीं है। तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व सरकारों ने काम के बदले अनाज,जवाहर रोजगार योजनाओं के साथ महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2006बनाया। इसमें एक मजदूर को वर्ष में सौ दिन काम की गारंटी है।यह गारंटी उस व्यक्ति के द्वारा लिखित काम मांगने पर लागू होती है। मनरेगा योजना में भी बड़ी कठिनाइयां हैं। एक-एक वर्ष तक मजदूरी नहीं मिलती है अति महत्व की बात यह भी है कि इन मजदूरों की देर में मजदूरी मिलने से इन्हें दवा पानी भोजन के लिए परेशान होना पड़ता है ।बताते चलें कि इस योजना के देर में मजदूरों के भुगतान में जनप्रतिनिधि और शीर्ष अधिकारी भी उपेक्षा ही करते दिखाई पड़ते हैं। अभी वर्ष 24 में मजदूरी बढ़ाई गई है विचार कर सकते हैं चार से दस प्रतिशत मजदूरी में कितना लाभ होगा। यह अलग अलग राज्यो के आधार पर लागू होगी यह दुर्भाग्य है कि भारत के लाखों मजदूर की चिंता सरकारें ठीक से नहीं कर रही है।



**अरुण कुमार दीक्षित**
**लेखक मान्यता प्राप्त पत्रकार**

# आखिर किसका राम नाम सत्य होगा?

नई लोकसभा के लिए चल रहे चुनाव के बाद किस पार्टी का राम नाम सत्य होगा ,ये कहना कठिन है ? इस समय देश में जनता से जुड़े मुद्दे नदारद हैं। सरकार की उपलब्धियों पर कोई चर्चा नहीं हो रही। केवल और केवल राम विमर्श के केंद्र में हैं। सत्तारूढ़ भाजपा राम की हिजगरी है और पूरे दमखम से दूसरे राजनीतिक दलों को राम विरोधी बता रही है। मजे की बात ये है कि राम जी खामोश के साथ मंदिर से ही तमाशा देख रहे हैं। देश में तीसरे चरण का मतदान आसमान से बरसती आग के बीच हुआ है। पहले दो चरणों के मतदान से निराश सत्तारूढ़ दल ने मतदान का प्रतिशत बढ़ने के लिए अपने तमाम मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों,विधायकों और सांसदों के साथ ही पदाधिकारियों की कान -कुच्ची की थी लेकिन नतीजा % %ढाक % के तीन पात ही रहा।देश के दो-दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने के बाद भी हालात बदलते नहीं दिखाई दे रहे । सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ असंतोष अब खुलकर प्रकट हो रहा है ,हालाँकि आज भी झारखंड में मंत्री के कारिंदों के घर से करोड़ों रुपया बरामद हो रहा है। मध्यप्रदेश में जब शिवराज सिंह चौहान की सरकार थी तब इसी तरह जल संसाधन विभाग के एक प्रमुख सचिव के घर से भी नोटों की बरामदगी हुई थी । एक मंत्री के बच्चे के स्कूली बस्ते से नोटों की बरसात सबने देखी थी ,लेकिन किसी का कुछ नहीं बिगड़ा। कम से कम मंत्री और मुख्यमंत्री तो जेल नहीं गए।

इस चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण पहलू ये है कि सत्तारूढ़ दल की और से ये चुनाव संघ परिवार के बजाय मोदी परिवार लड़ रहा है । मोदी परिवार अचानक संघ परिवार से बड़ा हो गया है। पार्टी का संघ दीक्षित कार्यकर्ता भी अब अपने आपको संघ परिवार का सदस्य कहने के बजाय मोदी परिवार का सदस्य कहने में गर्व अनुभव करता है। अचानक बौने हुए संघ परिवार ने इसी हताशा की वजह से अगले साल होने वाले संघ की स्थापना के शताब्दी समारोह का आयोजन रद्द कर दिया है। अब संघी घर बैठे हैं या संघ छोड़कर मोशा के तलवे सहला रहे हैं। खुद संघ प्रमुख को समझ में नहीं आ रहा कि वे इस स्थिति में क्या करें ? संघ भाजपा के कांग्रेसीकरण को लेकर भी खिन्न है ,लेकिन करे तो क्या करे ? इस समय देश चौराहे पर खड़ा है। मुद्दे नदारद हैं और चारों तरफ सिर्फ रामलीला दिखाई जा रही है । सवाल किये जा रहे हैं की किसने रामलीला देखी और किसने नहीं। किसने मंदिर जाकर लंबलेट होकर तस्वीर खिंचवाई और किसने नहीं।अब तिरंगे राष्ट्रिय ध्वज की नहीं केसरिया या भगवा ध्वज की फ़िक्र की जा रही है। राम को लेकर इतनी दुकानदारी तो त्रेता में भी नहीं की गयी थी । राम का जिस तरह से वनवास हुया था ,उसी तरह राजतिलक भी हो गया था। कोई हल्ला-हंगामा नहीं हुआ था । किसी को राम भक्त होने या न होने का प्रमाण-पत्र नहीं दिया गय। लेकिन कलियुग के मौजूदा कालखंड में राम मंदिर के बजाय भाजपा की मुठ्ठी में कैद हो गए हैं। राम चरित गाने वाले गोस्वामी तुलसीदास और सबसे बड़े राम रसिया हनुमान जी भौंचक हैं राम के नए ठेकेदारों को देखकर। उन्हें लगता है कि जैसे भारत का मतदाता दस साल पहले भ्रमित हो गया था वैसे ही कहीं राम जी भी भ्रमित न हो जाएँ। अजीब बात ये है कि जो सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ बोलने की हिमाकत दिखा रहा है उसे लगातार जेल में रखने के पुख्ता बंदोबस्त किये जा रहे है। मिस्टर अरविंद केजरीवाल पर अब आरोप है कि उन्होंने आतंकी संगठन से 134 करोड़ रूपये लिए। राजभवन ने इस शिकायत की जांच एनआईए से करने के लिए खतो-किताबत की है। मुमकिन है कि आरोप सच हों और मुमकिन है कि न भी सच हो। मनगढ़ंत हों ताकि केजरीवाल को जेल से बाहर आने से रोका जा सके। भाजपा झारखण्ड से लेकर पूरे देश में आलमगीर आलम और उनके सचिवों तथा उनके नौकरों की तलाश में लगी है। ताकि चुनाव के बाकी चार चरणों में कुछ खेला किया जा सके। कांग्रेसी से भाजपाई हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम की मानें तो चार जून के बाद कांग्रेस का विभाजन हो जाएगा। आचार्य जी को कांग्रेस की बड़ी चिंता है। कांग्रेस विभाजित होगी ,इसका इल्हाम उनके आराध्य ने शायद उन्हें कराया है। उन्हें ये पता नहीं है कि 4 जून के बाद संघ परिवार और मोदी परिवार का क्या होगा ?दोनों का विलय होगा या विभाजन, प्रमोद सर नहीं बता सकते ,क्योंकि वे सचमुच कुछ जानते ही नहीं है। वे अब राम से ज्यादा मोदी जी के भक्त हैं। मोदी भक्तों कि संख्या में इजाफा होने का मतलब ये बिलकुल नहीं है कि देश में राम जी की सेना भी बढ़ रही है। बल्कि राम जी चिंतित होंगे कि कहैं मोदी जी के साथ उनके भक्तों कि मण्डली भी तो कहीं 4 जून के बाद झोला उठाकर हिमालय न निकल जाये।

आइए ये समय देश का भविष्य चुनने के लिए मतदान करने का है। मोदी जी को चुनने या न चुनने का नहीं। मोदी जी प्रधानमंत्री बनें या न बनें इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है । आखिर कोई तो प्रधानमंत्री बनेगा ही ? किसी और की किस्मत में भी राजयोग तो होगा ही। प्रधानमंत्री किसी दल का हो इससे कोई ख़ास फर्क नहीं पड़ता। फर्क पड़ता है कि वो मोदी जी जैसा है या नेहरू जी जैसा। नायक होगा या अधिनायक ? राम-राम ही जपेगा या कभी जन-गण-मन की भी बात करेगा। देश को भी बदलेगा या अपने कपडे ही बदलता रहेगा? राजधर्म को [पहचानेगा भी या नहीं ? देश कि जनता को मंथरा दर्शन से बाहर निकलकर फैसला करना चाहिए। कुमति को सुमति में बदलना चाहिए ,क्योंकि नाना प्रकार की सम्पत्ति वहीं होती है जहाँ सुमति हो। जहाँ कुमति होती है वहाँ विपत्तियां होतीं है । 85 करोड़ भूखे होते हैं। 20 करोड़ वे लोग होते हैं जिन्हें मोदी जी और उनकी पार्टी भारतीय मानती ही नहीं। ये 20 करोड़ लोग आज हौआ बनाकर बहुसंख्यकक हिन्दुओं के सामने खड़े किये जा रहे हैं। इनके नाम पर हिन्दू महिलाओं को मंगलसूत्रों के लूटने का भय दिखाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि यदि भाजपा सत्ता में न रही तो ये देश मिट जाएग। बर्बाद हो जाएगा। जबकि हकीकत ये नहीं है । भाजपा 1980 में जन्मी है । सत्ता में दूसरी बार 2014 में आयी है। उसके जन्म से पहले भी ये देश था ,आगे भी रहने वाला है। इसलिए देश की फ़िक्र कीजिये व्यक्तियों की नहीं।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अनियंत्रित होकर क्रेटा कार निर्माणाधीन नाले में गिरी,कोई हताहत की सूचना नही



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला थाना अंतर्गत गोला उरुवा सड़क मार्ग पर गोपालपुर तिराहे के आगे साईं जोत के पास रामजानकी मार्ग चौड़ीकरण में सड़क पर नाला निर्माण के लिए लेकर खोदे गए गड्ढे में मंगलवार की तड़के भोर में अनियंत्रित होकर क्रेटा कार निर्माणाधीन नाले में जा पहुची।नाले में लोहे के छड़ो का जाल बना दिया गया था ।जिससे कार की अगली दोनों पहिया छड़ो पर जा कर रुक गयी।किसी के हताहत की खबर नही है।अगर छड़ो का जाल नही रहता तो बड़ी अनहोनी घटना घट जाती। सूत्रों का कहना है कि कार सवार पूरी तरह मस्ती में थे।जब कि सड़क पर कार्य करने वाले मिटी डालकर अवरोध किये थे उसके बाद कार चालक ने मिट्टी के ऊपर चढ़ाकर कार को काल के गाल में डाल दिया। समाचार लिखे जाने तक कार गढ्ढे में ही पड़ी थी। कार चालक का पता नही चल सका है।

### 37 सेट नामांकन पत्र खरीदा

**देवरिया 7 मई।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत देवरिया लोकसभा सीट के नामांकन के प्रथम दिन 18 प्रत्याशी/प्रतिनिधियों ने 37 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। प्रथम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र जमा नहीं किया है।

### दूसरे जनपद में लगे मतदान कार्मिक पोस्टल बैलेट के माध्यम से कर सकते हैं मतदान

**पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु मतदान सुविधा केन्द्र किया गया है स्थापित**

**देवरिया 7 मई।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि ऐसे मतदान कार्मिक, जो दूसरे जनपदों में निर्वाचन ड्यूटी में लगे है और जिनका नाम 66-देवरिया लोक सभा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में सम्मिलित हैं। पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु मतदान सुविधा केन्द्र, इंदिरा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, टाऊनहाल तथा एस.एस.बी.एल. इंटर कॉलेज में स्थापित किया गया है। उक्त मतदान सुविधा केन्द्र पर 20 मई से 25 मई तक 10 बजे से सायं 5 बजे तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान संचालित रहेगा।

### शादी शालगिरह पर श्री राम कथा का आयोजन कर पेश की गयी एक नयी मिशाल



**बिरैता पाल्हीपुर, सुल्तानपुर**-आधुनिक काल में जहां पाश्चात्य सभ्यता का प्रचलन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है वहीं धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने का नायाब तरीका अपनाते हुए एक मिशाल पेश की गयी। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बिरैता पाल्हीपुर सुल्तानपुर में प्रधानाचार्य राकेश पाण्डेय द्वारा अपने सुखमय वैवाहिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर पंचदिवसीय भव्य संगीतमयी श्री राम कथा का आयोजन कर धूमधाम के साथ रजत जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक पं चन्द्रदेव महाराज ने अपने मुखारबिंद से श्री राम कथा महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रचलन के कारण जिस प्रकार से भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर प्रहार हो रहा है, उसी के परिणाम स्वरूप आज हमारी युवा पीढ़ी तेजी से भ्रमित हो रही है। यदि भारतीय संस्कृति वेदों, पुराणों, ग्रंथों में बताए गए प्रेरणा प्रसंगों का प्रसार नहीं किया गया, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हमारी भावी पीढ़ी को भुगतने पड़ेंगे। भगवान राम का चरित्र पारिवारिक रिश्तों की अहमियत को दर्शाता है। जाति-पांति के भेदभाव को मिटाकर मानव मात्र में सौहार्द की भावना जगाता है। आचार्य पं अमरनाथ शास्त्री जी ने ब्यास पीठ का पूजन करते हुए कथा का शुभारंभ किया। श्री राम कथा में श्रीमती अंजू पान्डेय, अंजली पान्डेय, आदित्य पान्डेय सहित समस्त परिवार के लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन रात लगे रहे। कथा श्रवण करने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। कथा के दौरान प्रतिदिन समस्त श्रोताओं के लिए भण्डारे का भी आयोजन किया गया। कथा विश्राम के बाद हवन पूजन एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। क्षेत्रवासियों ने इस भव्य कार्यक्रम की खूब प्रसंसा की।

# शाहपुर थाना क्षेत्र के रेलवे डेयरी कॉलोनी में पति-पत्नी ने की आत्महत्या, घर से मिला सुसाइड नोट

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र डेयरी रेलवे कॉलोनी में सोमवार की देररात पति-पत्नी ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारण पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक कलह को बताया जा रहा है। मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे कारखाना में तैनात रामकृपाल कुशवाहा (उम्र 38 वर्ष) की पहली पत्नी ममता का 2022 में कैंसर की वजह से निधन हो गया था। पहली पत्नी की मौत के बाद 2023 में रामकृपाल ने कुमकुम कुशवाहा (36 वर्ष) से दूसरी शादी कर ली। लेकिन रामकृपाल और उनकी नई पत्नी के बीच बिल्कुल बनती नहीं थी। बच्चों की परवरिश को लेकर अक्सर उनके बीच झगड़ा होता था। रामकृपाल को लगता था कि उनकी दूसरी पत्नी, पहली पत्नी से हुए 10 साल के बेटे और सात साल की बेटी का ख्याल रखने की बजाए उनका उत्पीड़न करती है। कुछ लोगों का कहना है कि रामकृपाल के ड्यूटी से आते ही घर में कलह मच जाती थी। पति-पत्नी आपस में झगड़ा करके अक्सर रोते थे।

सोमवार की रात भी रामकृपाल और उनकी दूसरी पत्नी कुमकुम कुशवाहा के बीच बच्चों को लेकर विवाद हुआ। झगड़े के बाद रामकृपाल ने दोनों बच्चों को खाना खिलाया। इसके बाद बच्चे अपने कमरे में और रामकृपाल-कुमकुम अपने कमरे में सोने चले गए। रात में बच्चों को सुलाने से पहले रामकृपाल ने उनसे कहा था कि सुबह स्कूल छोड़ने चलेंगे। लेकिन रात में ही रामकृपाल और कुमकुम ने खुद को फांसी लगाकर जान दे दी। बच्चों को कमरे से



कुछ आहट मिली तो उन्होंने जाकर देखा। माता-पिता को फंदे से लटका देख उन्होंने डेयरी कॉलोनी में ही रहने वाले अपने चाचा को फोन किया। चाचा ने फोन कर तुरंत कुछ पड़ोसियों को मौके पर भेजा और खुद भी वहां पहुंचे। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सन्दिग्ध हाल में विवाहिता ने लगाई फांसी ,मायके वालो ने लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** जनपद के खजनी थानां क्षेत्र बरी बन्दुआरी में मंगवार को दिन में विवाहिता फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली , लड़की के पिता ने बर पक्ष पर हत्या का आरोप लगा कर पूरे परिवार दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत करने का तहरीर दिया है । खजनी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मामला खजनी थाना क्षेत्र ग्राम सभा बरीबन्दुआरी का है ,जहां शीतलचन्द निगम की पुत्रबधू प्रीति निगम पारिवारिक कलह.के कारण फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली, वही विवाहिता के पिता गुलाब चंद निवासी गोलाबाजार जनपद गोरखपुर ने खजनी थाने मे लिखित तहरीर देकर बताया मैं अपनी पुत्री प्रिती की शादी खजनी कस्बा निवासी शीतलचन्द निगम के पुत्र बिजय कुमार के साथ आठ फरवरी 2013 को किया था। शादी के बाद से ही ससुर शीतलचन्द,चचेरे ससुर दुर्गेश,पति विजय कुमार,देवर विनय कुमार व सास छाया देवी हमेशा धन के लिए प्रताड़ित करते रहते थे ,जब काफी परेशान कर रहे थे ,तो मेंरी पुत्री ने सूचना दिया तो मेरा पुत्र आकर इस घटना की सूचना खजनी थाने पर देने जा रहा था तो इन लोगों ने काफी मनौव्वल करके दुबारा ऐसी गलती न करने की बात कहकर उसे वापस कर दिए, आज मंगवार को मेरी पुत्री की गला कसकर हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर खजनी पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है , विवाहिता के ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए



है,विवाहिता के पास एक आठ बर्षीय पुत्री पलक है जो घटना के समय अपने विद्यालय गयी थी। उक्त मामले पर थानाध्यक्ष गौरव रॉय कन्नौजिया ने बताया लड़की के पिता ने गाला कस कर हत्या का आरोप लगाया है ,तहरीर के अनुसार जांच कर शाक्ष्य के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## गोरखपुर बांसगांव लोकसभा नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

**● रिटर्निंग अफसर/जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश गोरखपुर लोकसभा का नोटिफिकेशन किए जारी**

**रिटर्निंग अफसर/जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन ने बांसगांव लोकसभा का किया नोटिफिकेशन जारी**



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** नामांकन प्रक्रिया गोरखपुर लोकसभा बांसगांव लोक सभा का एडीएम वित्त व सीआरओ कोर्ट में प्रत्याशी या प्रत्याशियों के प्रतिनिधि अपना अपना नामांकन पत्र लोकसभा गोरखपुर रिटर्निंग अफसर/जिलाधिकारी गोरखपुर कृष्ण करुणेश सहायक रिटर्निंग अफसर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी बांसगांव लोकसभा रिटर्निंग ऑफिसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन सहायक रिटर्निंग अफसर / एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी के यहां प्राप्त कर रहे है ।

जहां सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहा, नामांकन स्थल एडीएम वित्त कोर्ट गोरखपुर लोकसभा सीआरओ कोर्ट बासगांव लोकसभा का नामांकन होना है, इन दोनों जगह से प्रत्याशी या प्रत्याशी के प्रतिनिधि अपना अपना नामांकन पत्र आकर ले जा रहे हैं। नामांकन स्थल के बाहर कालीन बिछा कर दुल्हन की तरह सजा दिया गया है, इस तरह का सजावट पहली बार किया गया है ,वैसे तो गोरखपुर लोकसभा के रिटर्निंग ऑफिसर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश नियुक्त किए गए हैं, लेकिन जिलाधिकारी ने अपने दायित्वों का कार्यभार रिटर्निंग ऑफिसर /एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य को सौंप दिया है। इसी तरह बांसगांव लोकसभा के रिटर्निंग ऑफिसर आनंद वर्धन को नियुक्त किया गया है। लेकिन उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर/ एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी को नियुक्त किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर मौके मुवाइना कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं नामांकन सुरक्षा नोडल प्रभारी/ पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों पर बराबर नजर बनाए हुए है। इस दौरान एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक भाटी, क्षेत्राधिकारी कोतवाली गौरव त्रिपाठी ,क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा नितिन तनेजा ,एसडीएम बांसगांव प्रदीप कुमार, अपर एसीएम अमित जायसवाल, सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहकर नामांकन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न करा रहे।

## न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 7 मई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज तिवारी ने निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) से संबंधित हैं तथा आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची अधीक्षक जिला कारागार द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं जिनके रिहाई के संदर्भ में वार्ता की गयी किन्तु उनके अन्य गंभीर मामलें न्यायालय में विचाराधीन हैं या आजीवन कारावास से दंडित होकर सजा भुगत रहे हैं। उनके रिहाई की कार्यवाही की जायें। उन्होंने पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उनके के रिहाई हेतु जेल अधीक्षक को निर्देश दिया।

उन्होंने इस दौरान कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने महिला कैदियों के साथ रह रहें उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। उन्होने विधिक सहायता, स्वच्छता पर जोर देते हुये कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समस्त बंदियों के विधिक सहायता/विधिक साक्षरता प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर हैं। इज दौरान दीपक कुमार त्रिपाठी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, ओमप्रकाश तिवारी डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, रामजनम राजभर असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, शालिनी कुशवाहा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, जिला कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार वर्मा, डिप्टी जेलर वंदना त्रिपाठी, मोतीलाल वर्मा, न्यायालय कर्मी व जेल वार्डन उपस्थित रहें।

## पेशकार को पद से हटाए जाने की मांग को लेकर सौंपा पत्रक

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** कलेक्ट्रेट के अधिवक्ताओं ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व न्यायालय में तैनात पेशकार भावेश तिवारी के विरूद्ध जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर उन्हें तत्काल पद से हटाए जाने की मांग की है। अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोशिएसन रामचीज यादव ने बताया कि अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर पेशकार भावेश तिवारी को पद से हटाने को मांग की गई है। भावेश तिवारी द्वारा जीरो टॉलरेंस के नीतियों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। यह काफ़ी दिनों से जिला मुख्यालय पर बने हुए हैं और लाखों रुपए अर्जित किया है। इनका




आचरण अधिवक्ताओं के साथ बहुत खराब है। अध्यक्ष क्लेक्ट्रेट बार एसोशिएसन संजय मिश्रा ने बताया कि न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों द्वारा निर्देश देने के बावजूद महीनों तक पत्रावलियां पेशकार अपने पास रखते हैं और लंबी धन उगाही के बाद आदेश टाइप करते हैं और जनता का शोषण करते हैं। पूर्व अध्यक्ष दी सेंट्रल बार एसोशिएसन दयाशंकर पाल ने बताया कि पेशकार का जनहित में स्थानांतरण ऐसी जगह पर किया जाना आवश्यक है जहां जनता से कोई संबंध न हो। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता उमापति त्रिपाठी, रमेश चंद्र पाण्डेय, ललिता यादव, संत शरण तिवारी, विनोद सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रमाशंकर यादव दर्जनों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# नामांकन के प्रथम दिन 1 प्रत्याशी ने किया नामांकन

**● राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा लिये गये अब तक कुल 9 नामांकन फार्म**



स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 65 कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज पहले दिन 01 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के प्रथम दिन राम अनुज मिश्रा द्वारा विजय दुबे हेतु दो सेट भारतीय जनता पार्टी, रामचंद्र सिंह द्वारा स्वंय के लिए एक सेट निर्दल, एवं निर्दल प्रत्याशियों के क्रम में अतुल द्वारा एक सेट , सुनील कुमार शुक्ला द्वारा एक सेट, अमीरुद्दीन द्वारा एक सेट व मुकेश पुत्र लक्ष्मी द्वारा एक सेट, तथा वेद प्रकाश द्वारा 2 सेट नामांकन पत्र लिया गया । इस प्रकार प्रथम दिन कुल 9 नामांकन पत्र का वितरण हुआ। नामांकन के प्रथम दिन भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे पुत्र हरिप्रसाद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेटिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि की व्यवस्था की गई। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम स्थापित किया गया है। पर्चा लेने व नामांकन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 14 मई 2024 है।

## हाथी घोड़ा पालकी सिंघा ढोल बाजा संग निकला रुद्र महायज्ञ कलश शोभा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात

**कुशीनगर।** जनपद के विकास खंड विशुनपुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जटहां बाजार में आयोजित एकादश दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम के निमित्त आज मंगलवार की सुबह भक्त प्रेमियों, नर नारियों द्वारा भव्य कलश स्थापना हेतु शोभा यात्रा निकाली गई, यात्रा में हाथी, घोड़ा पालकी, सिंघा की गूंज, ढोल बाजे नगाड़े के साथ चलते भक्ति धुन डीजे के संग हर हर महादेव नारों की की गूंज से क्षेत्र श्रद्धा भक्ति के माहौल से लबरेज हो उठा।





जटहां बाजार शिव मंदिर धाम से कलश यात्रा निकली जो जटहां बाजार कस्बा से होते हुए गांव के देव देवालयों की पूजा अर्चना करते हुए ग्राम पंचायत कटाई भरपुरवा से बिहार पिपरा पिपरासी बांध से होते हुए बांध के सी प्वाइंट गंडक नारायणी नदी तट पर पहुंची, यहां पर विद्वान आचार्यो द्वारा 11 यजमान बनाए गए और विधि विधान पूर्वक मंत्रोचारण के साथ कलश पूजा पाठ के बाद गंगा जी की जल कलश में भरकर भक्त गण नर नारियों द्वारा हर हर महादेव की जयघोष लगाते हुए यात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची और कलश स्थापित किया गया। जगह जगह भक्तगणों द्वारा यात्रियों को गुण मिष्ठान पान ग्रहण करवाया गया। इस प्रकार यात्रा सम्पूर्ण हुई। इस अवसर पर आचार्य हनुमान दास मंदिर कल्याण भवन अयोध्या पंडित मन्नू शास्त्री जी अयोध्या धाम, एडवोकेट राजकुमार यादव, पूर्व ग्राम प्रधान भोला जायसवाल, पंकज गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल,ग्राम प्रधान मोहन कुशवाह, अजय रौनियार, शम्भु जायसवाल, कुटी महंथ हरिओम नाथ, शिब्बन मोदनवाल, राजू मोदनवाल, मुकेश मद्धेशिया, हिमांशु कुशवाहा, ग्राम प्रधान नर्वदेश्वर चौरसिया, उमाशंकर विश्वकर्मा, संदीप गिरी, आदर्श यादव, राजेश यादव, राकेश यादव तायाचून गुप्ता, औधेश गुप्ता संजय यादव, प्रदीप यादव, मुकेश यादव, चंदन यादव, धीरज जायसवाल, महतम गुप्ता, शिवनारायण यादव, गया साधु, अशोक यादव , सुखल साधु आदि शामिल रहे।

## नाम पता लिख कर छोड़ दो चोर, कल हम करेंगे गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात


**गोला** क्षेत्र में हुई चोरियों मे से एक का भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी, गिरफ्तारी तो दूर। वहीं आम लोगों के द्वारा चोर को रंगे हाथों पकड़ने के बाद भी पुलिस छोड़ देने की बात कह रही है। हद तो तब हो गयी जब गिरफ्तार करने के लिए एसएसपी को ही फोन करना पड़ गया। तब जाकर कहीं पुलिस चोर को थाने पर लेकर आई। मामला थाना क्षेत्र के चिलवा पुल स्थित देई माता मंदिर का है। पूर्व में मंदिर में कई बार चोरी हो चुकी है। बीते रात तकरीबन 9 बज के 30 मिनट पर मंदिर में एक व्यक्ति के द्वारा ताला तोड़ने का प्रयास किया जा रहा था। ताला तोड़ने की आवाज सुनकर मंदिर के पास ही रहने वाले लोग अंदर पंहुच गये तो देखा कि एक व्यक्ति ईंट से लोहे के बने दानपेटि का ताला तोड़ रहा था। जिसका उन लोगों के द्वारा विरोध किया गया तथा मंदिर के पुजारी को सूचित किया। मंदिर के पुजारी ने तत्काल आसपास से और लोगों को बुला लिया। इन लोगो के द्वारा हल्का दारोगा को फोन किया तो हल्का दारोगा ने कहा कि चोर को खुद ही थाने पर लेकर चले आओ या नाम व पता लिख कर छोड़ दो कल हम गिरफ्तार कर लेंगे। यह सुनकर सभी लोग हतप्रभ हो गयें व थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्र को फोन मिलाया तो फोन नहीं उठा। पुलिस के रवैए को देखते हुए उपस्थित लोगों ने एसएसपी को फोन मिला दिया और एसएसपी को सारी बात बताई। जिसके बाद थाना प्रभारी गोला के द्वारा शिकायत कर्ता को फोन कर के बताया कि पुलिस जा रही है। एक घंटे तकरीबन बीतने के बाद किसी के नहीं आने के बाद एक बार फिर एसएसपी को फोन किया गया तब तकरीबन 11 बजे पुलिस मौके पर पंहुची तथा तहरीर लेकर चोर को थाने लेकर गयी। उपस्थित लोगों ने बताया कि कई बार हो चुकी चोरियों को देखते हुए जल्द ही लोहे की दान पेटी लगाई गयी थी।

**पुलिस को दी गयी तहरीर...**

गजेंद्र नरायण राय, लोकनाथ पाण्डेय, बृजेश गौड़, आशुतोष राय, विनोद राय, शाह मोहम्मद आदि ने तहरीर देकर पुलिस को सूचित किया कि इस व्यक्ति के द्वारा रात में दान पेटी का ताला तोड़ चोरी करने की कोशिश की जा रही थी। जिसे आसपास मौजूद लोगों ने पकड़ा है। थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति मानसिक रूप से बिमार है।

## धुंधकारी व गौकर्ण की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र प्रभात



**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट। सोनबरसा बाबू के समुदा में मां समय स्थान वनझुंगिया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक श्री गौरवकृष्ण शास्त्री जी महाराज ने गौकर्ण और धुंधकारी की कथा का रसपान कराया। कथावाचक ने कथा में बताया कि तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव नामक एक व्यक्ति रहता था। उसकी पत्नी का नाम धुंधुली था। वह झगड़ालू किस्म की थी। संतान न होने के कारण पति परेशान रहता था। बुढ़ापे में संतान का मुख देखने को नहीं मिलेगा तो पिंडदान कौन करेगा। कथावाचक ने आगे बताया कि वह आत्मदेव दुखी मन से आत्महत्या के लिए कुआं में कूदने वाला था तभी एक ऋषि ने उसे बचा लिया। ऋषि ने पूछा क्यों आत्महत्या करने जा रहे हो। इसके बाद ऋषि की बात को सुनकर आत्मदेव ने कहा ऋषिवर मेरे एक भी संतान नहीं है। इसके अलावा मैंने गाय पाल रखी है। गाय के भी संतान नहीं है। इस कारण आत्महत्या करने का कदम उठाया। यह सुनकर ऋषि ने अपने थैले से फल निकालकर कहा कि तुम यह फल अपनी पत्नी को खिला देना, इससे एक संतान की प्राप्ति होगी।

घर जाकर आत्मदेव ने फल अपनी पत्नी को दिया, लेकिन पत्नी ने सोचा कि अगर गर्भवती हो गई तो 9 महीने तक कहीं आने-जाने का मौका नहीं मिलेगा। अंततः उसने फल को नहीं खाया। एक दिन उसकी बहन घर आई। उसने सभी किस्सा बहन को सुनाया। बहन ने कहा मैं गर्भवती हूं। प्रसव होने पर बच्चा तुम्हें दे दूंगी। तुम ये फल गाय को खिला दो। आत्मदेव की पत्नी ने अपनी बहन की बात में आकर फल गाय को खिला दिया। कुछ दिन के बाद धुंधुली को उसकी बहन ने बच्चा दे दिया। इसके बाद संतान को देखकर आत्मदेव बड़ा खुश हुआ। बच्चे का नाम एक विद्वान पंडित ने धुंधकारी रख दिया। इसके बाद गाय ने भी एक बच्चे को जन्म दिया जो मनुष्याकार था पर उसके कान गाय के समान थे। उसका नाम गोकर्ण रख दिया।

श्री गौरवकृष्ण शास्त्री जी महाराज ने आगे बताया कि गोकर्ण और धुंधकारी दोनों गुरुकुल गए। गुरुकुल में अपना कार्य खुद करना पड़ता है। इस बीच धुंधकारी नशेड़ी, चोर निकल गया। एक दिन उसने अपनी माता को मार डाला। पिता व्यथित होकर वन चले गए। धुंधकारी वेश्याओं के साथ रहने लगा। वेश्याओं ने एक दिन धुंधकारी को मार डाला। मरने के बाद धुंधकारी भूत-प्रेत बन गया। धुंधकारी का भाई अपने घर में सोया रहता था, तभी प्रेत धुंधकारी ने आवाज लगाई कि भाई मुझे इस योनि से छुड़ाओ। गौकर्ण त्रिकाल संध्या की पूजा करते थे। तभी सूर्यनारायण भगवान से पूछते हैं कि इसके लिए क्या उपाय करना पड़ेगा। सूर्यनारायण ने कहा कि तुम सात गांठ बांस मंगाओ और भागवत का आयोजन करो। हर दिन बांस की गांठ धीरे-धीरे फट जाती है, जो सात दिन फटती है। तब पवित्र होकर धुंधकारी एक दिव्य रूप धारण करके सामने खड़ा हो जाता है। उसके भाई गोकर्ण ने उसका गया जी में श्राद्ध व पिण्ड दान करवाया,ताकि उसे मोक्ष प्राप्त हो सके। लेकिन मृत्यु के बाद धुंधकारी प्रेत बनकर अपने भाई गोकर्ण को रात में अलग अलग रूप में नजर आता।एक दिन वह अपने भाई के सामने प्रकट हुआ और रोते हुए बोला कि मैंने अपने ही दोष से अपना ब्राह्मणत्व नष्ट कर दिया।

**सूर्य देव ने बताया मोक्ष का उपाय**

गोकर्ण आश्चर्य थे कि श्राद्ध व पिण्ड दान करने के बाद भी धुंधकारी प्रेत मुक्त कैसे नहीं हुआ। इसके बाद गोकर्ण ने सूर्य देव की कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर सूर्य देव ने दर्शन दिए। गोकर्ण ने सूर्य देव से इसका कारण पूछा तब उन्होंने कहा कि धुंधकारी के कुकर्मों की गिनती नहीं की जा सकती। इसलिए हजार श्राद्ध से भी इसको मुक्तिनहीं मिलेगी।इसको श्रीमदभागवतकथा से मुक्ति प्राप्त होगी। इसके बाद गोकर्ण महाराज जी ने भागवत कथा का आयोजन किया। जिसे सुनकर धुंधकारी को मोक्ष की प्राप्ति हुई और प्रेत योनि से मुक्ति मिली। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक आनंद सिंह, मन्दिर के पुजारी रामप्रसाद दास, यज्ञाचार्य संतोष तिवारी, व्यवस्थापक रामसिंह, जवाहर तिवारी, विंध्याचल सिंह, रामसूरत प्रजापति, सुखई प्रजापति सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

# गाजा के राफा इलाके में टैंक लेकर घुसे इजराइली सैनिक

**● मिस्र से सटे बॉर्डर पर कब्जा किया, 1 लाख फिलिस्तीनियों को निकाला जाएगा**

हमास के सीजफायर समझौते स्वीकार करने के बाद मंगलवार को इजराइल की सेना टैंक लेकर दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में घुस गई। उसने मिस्र से सटी गाजा की सीमा पर कब्जा कर लिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजराइल ने दावा किया है कि इस ऑपरेशन के दौरान उन्होंने 20 हमास लड़ाकों को मार गिराया। सैनिकों को इलाके में हमास की 3 सुरंगें मिली हैं। हमास के साथ जंग में राफा इजराइली सेना के ऑपरेशन का आखिरी पड़ाव है। इजराइल ने इंटेलिजेंस के हवाले से दावा किया था कि हमास सीमा का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए करता है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने एक लाख फिलिस्तीनियों को इलाके से निकालने की बात कही है।

**हमास ने सीजफायर कबूल किया, लेकिन यह इजराइल को नामंजूर**

इजराइल से जंग के 7 महीने बाद हमास ने मिस्र और कतर के सीजफायर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। हमास ने सोमवार (6 मई) को इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। हमास के लीडर इस्माइल हानिए ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी और मिस्र की खुफिया एजेंसी से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों से कहा कि वे इजराइल के साथ युद्धविराम के लिए उनकी शर्तों को स्वीकार कर रहे हैं। हमास ने कहा, "अब फैसला इजराइल के हाथ में है कि वह सीजफायर के लिए तैयार होता है या नहीं।" हालांकि, इजराइल ने कहा है कि हमास जिन शर्तों पर तैयार हुआ उसे वो मंजूर नहीं है। इसके बाद इजराइल ने जंग के आखिरी फेज की शुरुआत करते हुए दक्षिणी गाजा के राफा पर हमले किए।

**हमास के सीजफायर प्रस्ताव के 3 फेज**

अलजजीरा के मुताबिक, हमास ने जिस समझौते को स्वीकार किया है, उसमें तीन चरणों में युद्धविराम की बात कही गई है। हर चरण 42 दिनों तक चलेगा?

**पहला चरण-** इसमें इजराइल गाजा पर हमले रोकेगा। नेटजारिम कॉरिडोर से इजराइली सेना की वापसी होगी। यह वही इलाका जिसका इस्तेमाल इजराइली सेना ने नॉर्थ-साउथ गाजा को बांटने के लिए किया था। इसके अलावा इजराइली सेना गाजा में हेलिकॉप्टरों और ड्रोन्स से हर दिन 10 घंटे निगरानी नहीं करेगी। वहीं हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। हर इजराइली बंधक की रिहाई के बदले इजराइल 30 फिलिस्तीनियों को अपनी जेल से आजाद करेगा।

**दूसरा चरण-** पहला फेज सफल होने के बाद इजराइल-हमास अगले फेज की शर्तों पर चर्चा करेंगे। इसमें बचे हुए इजराइली बंधकों की रिहाई पर फोकस रहेगा। साथ ही गाजा में मौजूद बचे हुए इजराइली सैनिक पीछे हटेंगे।

**तीसरा चरण-** आखिरी फेज में गाजा में मारे गए इजराइली बंधकों के शव वापस लाए जाएंगे। गाजा को फिर से बसाने पर चर्चा होगी। इसको मिस्र, कतर और अमेरिका मॉनिटर करेंगे।

**अमेरिका बोला- राफा पर हमले का समर्थन नहीं करेंगे**

दूसरी तरफ अमेरिका ने कहा है कि वो फिलहाल प्रपोजल रिव्यू कर मिडिल ईस्ट में अपने सहयोगियों से इस पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिका की प्राथमिकता इजराइली बंधकों को रिहा करवाना है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, "हम राफा पर इजराइल के हमलों का समर्थन नहीं करते हैं। इजराइल के हमलों के दौरान गाजा के ज्यादातर लोग राफा चले गए थे। ऐसे में वहां हमला होने पर मानवीय नुकसान ज्यादा होगा। हम फिलिस्तीनियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्लान को रिव्यू किए बगैर राफा पर हमले का समर्थन नहीं करेंगे।"

**अमेरिका ने पहली बार इजराइल को गोला-बारूद की सप्लाई रोकी**

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला- बारूद की खेप रोक दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस खेप में मिसाइल समेत जंग से जुड़े कई सामान थे। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा था कि राफा में सैन्य अभियान से अमेरिका-इजराइल के संबंधों पर गलत असर पड़ेगा।

**समझौता करवाने में जुटे हैं मिस्र, कतर और अमेरिका**

मिस्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था। इससे पहले कतर और मिस्र की मध्यस्थता के बाद नवंबर में इजराइल-हमास के बीच पहली बार 4 दिन के लिए युद्धविराम हुआ था। इस दौरान हमास ने 112 बंधकों को रिहा किया था। वहीं इजराइल ने भी जेल में बंद 240 से ज्यादा फिलिस्तिनियों को छोड़ा था।

**इजराइल ने हमास को दिया था आखिरी मौका**

6 महीने की जंग में इजराइल ने राफा छोड़कर पूरे गाजा पर कब्जा कर लिया है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने हमास को समझौते का आखिरी मौका दिया था। इजराइल ने कहा था कि अगर हमास समझौता स्वीकार नहीं करता है,



इजराइल राफा पर बड़ा हमला करेगा। इसी कारण मिस्र का डेलिगेशन दोनों पक्षों में समझौते करवाने को कोशिश कर रहा है। पिछले दिनों रिपोर्ट आई थी कि मिस्र बंधकों को छोड़ने के लिए हमास पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। दरअसल राफा मिस्र के बॉर्डर के पास है। इसलिए उसे डर है कि अगर इजराइली सेना राफा पर हमला करेगी, तो बड़ी संख्या में शरणार्थी मिस्र में घुसने की कोशिश करेंगे। इसी से बचने के लिए इजिप्ट का एक डेलिगेशन इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते करवाने की कोशिश में जुटा है। इस समय 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों ने राफा शहर में पनाह ली हुई है।

**हमास ने 5 साल के युद्धविराम की इच्छा जाहिर की थी**

कुछ दिन पहले हमास के एक सीनियर अधिकारी ने 5 साल के युद्धविराम की इच्छा जाहिर की थी। न्यूज एजेंसी क्को दिए इंटरव्यू में खलील अल-हैय्या ने कहा था कि अगर फिलिस्तीन एक अलग और आजाद देश बनता है तो हम हथियार डाल देंगे और एक साधारण राजनीतिक पार्टी के तौर पर काम करेंगे। हालांकि, 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास का खात्मा करने की कसम खा चुका इजराइल इस समझौते के लिए सहमत नहीं है। अल-हैय्या का कहना था कि अगर फिलिस्तीन को 1967 की जंग से पहले के इलाके दिए जाते हैं तो वो इजराइल के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ेगा।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त ख़बरें

### पदक विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया




**सहारनपुर।** इण्टर स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन प्रेसीडेंसी पब्लिक स्कूल, मेरठ में की गई जिसमें जिला सहानपुर से स्किल्ड् ग्लोबिजेन्स स्कूल सहारनपुर के छात्र व छात्राओं ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें अग्रिम सैनी कक्षा-5 ने स्वर्ण पदक, आयुष पण्डित कक्षा-9 स्वर्ण पदक, खुशी जुनेजा कक्षा-7 स्वर्ण पदक, अमायरा शर्मा कक्षा - 7 स्वर्ण पदक, पाँखुड़ी बंसल कक्षा-6 स्वर्ण पदक व सांची मित्तल कक्षा-6 ने स्वर्ण पदक, अनुप्रिया मल्हौत्रा कक्षा-6 ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये। स्कूल के छात्र व छात्राओं ने अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के साथ-साथ प्रथम टीम ट्रॉफी को भी प्राप्त किया इस अवसर पर सहारनपुर आगमन पर स्किल्ड ग्लोबिजेन्स स्कूल की प्रधानाचार्या व समस्त टीचर्स व कार्यकारिणी सदस्यों के बच्चों का भव्य स्वागत किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्या श्रीमती रूचि गुप्ता जी व प्रबन्धन कार्यकारिणी के सदस्य श्री लक्ष्य सिंघल, श्री नितिन जैन, पंकज बंसल, सुनील फुटेला ने खेल प्रशिक्षक श्री पंकज कुमार, प्रिंस ठाकुर, आरती गिल व छात्रों को बधाई देते हुए तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मुख्यमंत्री की जनसभा आज पतारा में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कल घाटमपुर पतारा में आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। वीवीआईपी आगमन दृष्टिगत सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हैलीकाप्टर सीधे घाटमपुर में उतरेगा, हैलीकाप्टर लैंडिंग की जगह को भी चिंहित कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा आज घाटमपुर के पतरा कस्बे में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए कानपुर पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। पतारा कस्बे में स्टेशन रोड के बगल में स्थित मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा आज 8 मई को होगी। इसके लिए जोरदारी के साथ तैयारी की गई हैं। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरिश चंदर ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनसभा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही हेलीपैड के लिए जगह को भी चिन्हित किया गया । निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त साथ पुलिस उपायुक्त दक्षिण रविंद्र कुमार अपर पुलिस उपायुक्त अंकिता शर्मा एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार एडीसीपी कानून एवं व्यवस्था मनोज पांडे और एडीसीपी एलआईयू राकेश कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुप्रीमकोर्ट ने टाला फैंसला

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुप्रीमकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। लेकिन केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कोई फैसला नहीं दिया। फैंसले को सुरक्षित रख लिया है। सुप्रीम कोर्ट 9 मई को इस बावत अगली सुनवाई कर सकता है।दरअसल केजरीवाल ने कथित शराब घोटाला मामले में अपनी गिरफ्तारी को कोर्ट में चुनौती दी थी। इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि हम अंतरिम आदेश जारी करते हैं। वहीं कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाता है तो उन्हें आधिकारिक कामकाज करने की अनुमति नहीं होगी। वह किसी भी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। और ना ही दिशानिर्देश देगें। ना ही वह सरकारी काम में हस्ताक्षर करेगें। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से कहा कि मेरा मुवक्किल आतंकवादी नहीं है।वह कानून तोडने वाला नहीं है।इसलिए उन्हें अंतरिम जमानत मिलनी चाहिये। इस पर जमानत का विरोध करते हुए ईडी ने कहा कि क्या नेताओ के लिए अलग अपवाद होगे? क्या चुनावों में प्रचार करना जरूरी है? जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले की सुनवाई की।ईडी की ओर से एडिशनल सालिसिटर जनरल एसवी





राजू ने कहा कि जब हमने जांच शुरू की थी तो हमारी जांच सीधे तौर पर केजरीवाल के खिलाफ नहीं थी।इसलिए शुरूआत में उनसे जुडा एक भी सवालणनहीं पूछा गया। जांच के दौरान उनकी भूमिका नजर आई। वहीं कोर्ट ने भी ईडी से कई सवाल पूछे थे। कोर्ट ने पूछा कि चुनाव से पहले ही केजरीवाल की गिरफ्तार क्यो हुई? केजरीवाल केस में क्या कुर्की हुई है? मामले में कार्रवाई और गिरफ्तारी के बीच लंबा वक्त क्यो? वही कोर्ट ने ईडी के वकील एसवी राजू से पूछा कि दो साल में 1100 करोड रूपये कैसे हो गए? इस पर वकील राजू ने कहा कि ऐसा शराब नीति के फायदे की वजह से हुआ। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि पूरी आय अपराध की आय कैसे हुई? दो साल से जांच कैसे चल रही है। वही ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा किञहमें पता चला कि अरविंद केजरीवाल के गोवा चुनाव के दौरान 7 सितारा होटल में रूकने के खर्च का कुछ हिस्सा उस व्यक्ति ने चुकाया था,जिसने शराब कंपनियों से नगद पैसे लिए थे। हम दिखा सकते हैं कि केजरीवाल ने 100 करोड रूपए मांगे थे।किसी भी आरोपी का गवाह के बयानों में केजरीवाल को दोषमुक्त करने वाला एक भी बयान नहीं है। जस्टिस खन्ना ने पूछा कि बयानों में केजरीवाल का नाम पहली बार कब लिया गया? इस पर एसवी राजू ने कहा कि फरवरी ,2023 को बुरी बाबू के बयान में उनका नाम सामने आया था। देरी लगने के कारण में सालिसिटर जनरल ने कहा कि केस को समझने में समय लगता है। बातों की पुष्टि करनी होती है।क्या हम नेताओ के लिए अपवाद बना रहे हैं? क्या चुनाव के लिए प्रचार करना ज्यादा जरूरी है? ईडी के समन को 6 महीने तक टालते रहे हैं। अगरणपहले सहयोग करते तो हो सकता है कि गिरफ्तारी ही ना होती। 9 समन को टालना और पेश ना होना ।वह सीधे तौर पर शराब कारोबारियो से रिश्वत मांगने में शामिल थे।इन आरोपो को खारिज करने वाली आपञकहती रही है कि दिल्ली में कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा और मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे।

## शातिर अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 छुरी नाजायज बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्र के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तरी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिहं के कुशल नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त उस्मान पुत्र जमील निवासी मौहल्ला बावा सराय, छिपीयान थाना कोतवाली नगर को न्यू प्रताप रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 छुरी नाजायज बरामद हुई।

# अपराधी की फिल्मी कहानी- 10वीं तक की पढ़ाई, मुंबई जाकर की ट्रकों की सफाई; पिता की मदद से बना अंतर्राज्यीय तस्कर

स्वतंत्र प्रभात

**गाजीपुर-** मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार हुआ जौनपुर के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के सुभाषपुर पाली निवासी राजेश कुमार तिवारी (40) इस धंधे में काफी आगे निकल गया था, जिसकी कहानी किसी फिल्म की स्टोरी से कम नहीं है। वह हाईस्कूल तक की पढ़ाई छोड़ने के बाद 2013 में मुंबई गया था तो ट्रक क्लीनर का काम करने लगा। इसके बाद तस्करों के संपर्क में आया और फिर अपने पिता की मदद से उत्तर प्रदेश में बड़ा सप्लायर बन गया। अब पिता-पुत्र जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं।

**यह है पूरा मामला**

एनएनटीएफ गाजीपुर के उप निरीक्षक सुरेश गिरी के मुताबिक, आरोपी राजेश कुमार तिवारी ने पूछताछ में बताया वह 10वीं तक ही पढ़ाई किया है। पढ़ाई छोड़ने के बाद वर्ष 2013 में वह अपने पिता के साथ मुंबई में रहने लगा। जहां ट्रक क्लीनर का काम करने लगा, ट्रक पर क्लीनर का काम करते-करते ड्राइवर का काम सीख लिया।

दो-तीन वर्ष तक ड्राइवर का काम करने के बाद ट्रक वासी (मुंबई) में एक होटल के बगल में पान की दुकान खोल लिया, उसी समय उसकी मुलाकात नागेश शिंदे से हुई, जो मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर बहुत बड़ा तस्कर है। इसके बाद पैसा अधिक मिलने लगा तो वह पान की दुकान बंद करके किराना की दुकान चलाने लगा, फिर इसी दुकान से मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर का कारोबार करने लगा। वह छोटे-छोटे ग्राहकों को 2 ग्राम, 4 ग्राम करके बेचता रहा। जबकि पिता प्रेमचंद्र तिवारी के माध्यम से मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर ड्रग्स देकर जौनपुर, वाराणसी, अयोध्या समेत प्रदेश के के विभिन्न जिलों में



सप्लाई कराता था।

**4 मार्च को नागेश शिंदे को मेफेड्रान**

(एमडी) 1.22 क्विंटल हाई मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद वह मेफेड्रान (एमडी) शैलेंद्र अहिरवार से खरीद कर बिक्री करने लगा था, जो झांसी का निवासी है और अब फरार चल रहा है। दो माह पहले पिता हुआ गिरफ्तार तो सामने आया नाम एनएनटीएफ गाजीपुर के उप निरीक्षक सुरेश गिरी के मुताबिक 3 मार्च को प्रेमचंद तिवारी को एनएनटीएफ 440 ग्राम मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी अनुमानित स्थानीय कीमत ढाई लाख रुपये है। आरोपी के खिलाफ सिगरा वाराणसी में मुकदमा दर्ज हुआ और वह इस समय जेल में है। हालांकि आरोपी से पूछताछ की गई तो एनएनटीएफ को पता चला कि वह अपने ही बेटे राजेश कुमार तिवारी से नशीला पाउडर खरीदता है, जिसे एनएनटीएफ वाराणसी, गाजीपुर, लखनऊ की टीम ने कल्याण के क्राइम ब्रांच की मदद से गिरफ्तार कर लिया है।

**क्या है मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर, तीन नाम से है पहचान**

मेफेड्रान (एमडी) नशीला पाउडर को म्याऊ-म्याऊ ड्रग्स और सवर्ग का द्वार के नाम से जाना जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि ये सरसों के दाने की तरह होता है और पान-गुटखा में मिलाकर मुंह में गुलगुलाया जाता है। 20 मिनट तक ऐसा करने वाले 24 घंटे तक नशे में रहते हैं। कहा जाता है कि इस दौरान यदि मुंह में रखकर छोड़ दिया जाए तो खून आ जाता है। यह एक सिंथेटिक उत्तेजक और मनोदैहिक पदार्थ है, जो एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। इसके सेवन से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं और लत और प्रतिकूल मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं।

### राशन किट व दवाईयां का वितरण किया

**सहारनपुर।** आज हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा राशन किट व दवाईयां का वितरण किया गया। हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष परम बत्तरा ने बताया कि हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा राशन किट व दवाईयां का वितरण किया गया। उन्होने बताया कि एक हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा निःशुल्क सेवा है। संस्थापक अध्यक्ष परम बत्तरा ने बताया कि हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कइ्र सामाजिक कार्य समय समय पर किये जाते है और समाज सेवा मे हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के समस्त पदाधिकारी बढचढ भाग लेते है। इस अवसर पर हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# 2 हजार के नोट अभी चलन में हैं या हो चुके हैं गैर-कानूनी- इन सवालों से समझिए

**● - रिजर्व बैंक का कहना है कि 2000 रुपये के नोट वैध हैं, लेकिन क्या इस नोट को लेन-देन के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं? इस स्टोरी में इन्हीं सवालों का जवाब जानते हैं...**

स्वतंत्र प्रभात

2016 की बात है, जब अचानक काला धन और जाली नोटों पर शिकंजा कसने के मकसद से सरकार ने नोटबंदी का ऐलान किया था. उसी समय 8 नवंबर 2016 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बाजार में 2000 रुपये का नया नोट जारी किया था. क्योंकि सरकार ने उस वक्त चलन में मौजूद 500 और 1000 रुपये के पुराने नोट बंद कर दिए थे.

मगर आज 2000 रुपये का नोट चलन में नहीं है. आरबीआई ने 2018-19 से 2000 के नए नोट छापने बंद कर दिए थे और 19 मई 2023 को नोट बंद करने का ऐलान भी कर दिया गया.

खास बात ये है कि 2000 रुपये का नोट भले ही सरकार ने बंद करने का ऐलान कर दिया है मगर ये अब भी लीगल टेंडर है. यानी आप इन्हें लेन-देन में इस्तेमाल कर सकते हैं. ताजा रिपोर्ट के अनुसार, बाजार में करीब 8000 करोड़ रुपये के नोट अभी बाजार में है. आरबीआई ने इन नोटों को वापस लेने के लिए दरवाजें खोल रखे हैं.

**आखिर क्यों बंद हुए 2000 के नोट?**

रिजर्व बैंक ने अपने FAQ कॉलम में बताया है कि 'क्लीन नोट पॉलिसी' के तहत ये नोट बंद करने का फैसला लिया गया है. इस नीति के तहत ये देखा जाता है कि लोगों के हाथों में सिर्फ अच्छे और साफ सुथरे नोट ही होने चाहिए.

RBI ने 2005 से पहले छपे सभी नोटों को धीरे-धीरे चलन से बाहर निकालने का फैसला किया था. इसकी वजह ये है कि 2005 के बाद छपे नोटों में ज्यादा सुरक्षा फीचर्स होते हैं. हालांकि ये ध्यान रखना जरूरी है कि 2005 से पहले के नोट अभी भी वैध मुद्रा हैं. उन्हें सिर्फ इसलिए बाजार से हटाया जा रहा है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ही समय में कई अलग-अलग सीरीज के नोट चलन में न रखने का रिवाज है.

इन 2000 के नोट पर महात्मा गांधी की तस्वीर, पूर्व गवर्नर डॉ उर्जित पटेल के दस्तखत और साल 2016 छपा था. इन नोटों का आधार रंग मैजेंटा (गहरा गुलाबी) था. साथ ही, पीछे की तरफ मंगलयान की तस्वीर भी बनी हुई थी, जो देश के अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धि को दर्शाती है.

**अगर अभी भी 2000 का नोट है तो क्या करें?**

अगर आपके पास अब भी 2000 के नोट हैं तो उन्हें आप दो तरीकों से बैंक में जमा करा या बदलवा सकते हैं.

देशभर में रिजर्व बैंक के 19 ऑफिस में जमा किए जाने की सुविधा है. ये ऑफिस अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं.

आप किसी भी डाकघर से इन नोटों को सीधे किसी भी रिजर्व बैंक ऑफिस में भेज सकते हैं. इसके बाद, रिजर्व बैंक आपके बताए हुए बैंक खाते में उस रकम को जमा कर देगा. हालांकि, ध्यान दें कि बैंकों में सीधे 2000 के नोट जमा कराने की सुविधा बंद हो चुकी है. अब सिर्फ रिजर्व बैंक दफ्तरों में ही इन्हें जमा कराया या बदला जा सकता है.

**लीगल टेंडर से क्या है मतलब?**

भारत में लीगल टेंडर उस पैसे को कहते हैं जिसे कानूनन मान्यता प्राप्त हो और जिसका इस्तेमाल किसी भी भुगतान के लिए किया जा सकता है. दुकानदार या जिसको भी आप भुगतान कर रहे हैं, उसे वह नोट स्वीकार करना होगा.

भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के तहत, RBI को ही बैंक नोट जारी करने का एकमात्र अधिकार प्राप्त है. इस अधिनियम के अनुसार, "भारत में किसी भी स्थान पर किसी भी बैंक नोट को उस पर लिखे मूल्य के भुगतान के लिए वैध मुद्रा के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए."

उदाहरण के लिए, आप किसी दुकानदार से सामान खरीदने के बाद उसे 2000 का नोट दे सकते हैं. दुकानदार उस नोट को लेने से इनकार नहीं कर सकता क्योंकि वह भारत में वैध मुद्रा है.

**अभी 2000 के कितने नोट मार्केट में चलन में हैं?**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 2000 के नोटों को धीरे-धीरे बंद करने का फैसला किया है. मई 2023 में करीब 3.56 लाख



करोड़ के 2000 के नोट बाजार में चलन में थे. 1 सितंबर 2023 को आरबीआई ने बताया था कि करीब 93त्न यानी 3.32 लाख करोड़ के नोट वापस बैंकिंग सिस्टम में आ चुके हैं. 31 अगस्त 2023 तक सिर्फ 24000 करोड़ के नोट ही चलन में थे.

पहले 2000 के नोटों को जमा कराने या बदलने की आखिरी तारीख 30 सितंबर बताई गई थी. फिर इसे बढ़ाकर 7 अक्टूबर 2023 कर दी. इस समय तक करीब 96त्न यानी 3.42 लाख करोड़ के नोट बैंक में जमा हो चुके थे. बाजार में अब सिर्फ 14000 करोड़ के नोट चलन में थे. 7 अक्टूबर के बाद इन नोटों को सिर्फ आरबीआई के 19 ऑफिस में ही बदला जा सकता है.

1 नवंबर 2023 को बताया कि करीब 97% नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ चुके हैं. मगर 31 अक्टूबर 2023 तक करीब 10,000 करोड़ के नोट अभी भी लोगों के पास थे. आंकड़ों के अनुसार, नवंबर के अंत तक 97.26त्न नोट बैंक में वापस आ गए. फिर भी करीब 9760 करोड़ के नोट बाजार में थे.

मार्च 2024 अंत तक 97.62% और अप्रैल 2024 अंत तक 97.76त्न 2000 के नोट बैंकिंग सिस्टम में आ चुके हैं. यानी मार्केट में अब सिर्फ 7961 करोड़ के ही 2000 के नोट चलन में हैं. 30 अप्रैल 2024 तक ये आंकड़ा काफी कम होकर के सिर्फ 7961 करोड़ रह गया है.